# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 24 अगस्त, 2026 | वर्ष -01 | अंक-186 | पृष्ठ-15 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### जापान में फिर डोली धरती

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो और पूर्वी क्षेत्र में में रविवार तड़के 5.9 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इस हादसे में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है, जिनमें से अधिकांश को मामूली चोटें आई हैं। जापान में आए भूकंप के बाद सुनामी का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप दक्षिणी इबाराकी प्रांत में लगभग 70 किलोमीटर (42 मील) की गहराई पर आया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने इसकी शुरूआती तीव्रता 5.8 मापी।

### सारण में टेलर ट्रक-टोटो टक्कर में तीन मरे

**मकेर (सारण)।** सारण के भेल्दी थाना क्षेत्र में रविवार की रात एनएच-722 पर सोनहो टोल प्लाजा के समीप तेज रफ्तार टेलर ट्रक ने सवारी से भरे टोटो को रौंद दिया। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि ढाई साल के बच्चे समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में सड़क किनारे साइकिल से जा रहा सोनहो निवासी एक व्यक्ति भी ट्रक की चपेट में आ गया। हादसा सोनहो धर्मकांटा के समीप हुआ। टोटो में मकेर प्रखंड के सुल्तानगंज गांव निवासी फारूक मियां अपने परिवार के सदस्यों के साथ चिकित्सक को दिखाकर घर लौट रहे थे।

### केंद्र के वादों की समीक्षा करेगी CJP, देशव्यापी आंदोलन की दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) सोमवार को अपनी राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक बुलाएगी। इस बैठक में केंद्र सरकार के उन वादों की समीक्षा की जाएगी, जिनके आधार पर 25 जुलाई को देशव्यापी आंदोलन वापस लिया गया था। पार्टी का कहना है कि अगर सरकार अपने वादों से पीछे हटती है, तो इसे देश के युवाओं के साथ विश्वासघात माना जाएगा। कॉकरोच जनता पार्टी का कहना है कि सरकार ने अभी तक प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत के दौरान दिए गए आश्वासनों को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी है।

### आयुष्मान योग में सावन की अंतिम सोमवारी आज

**पटना।** पवित्र सावन मास की चौथी व अंतिम सोमवारी पर शिव भक्तों को भोले बाबा के संग माता गौरी की भी असीम कृपा प्राप्त होगी। क्योंकि इस दिन शिव-पार्वती साथ-साथ पृथ्वी पर विचरण करते हैं। सावन की सोमवारी पर विशेषकर शिव की कृपा बरसती है। घर व शिवालयों में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और शिव की कृपा पाने के लिये जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करेंगे।

# पटना में बनेगा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, हर जिले में लगेगा नियोजन मेला : सम्राट

## मेगा जॉब फेयर का समापन, 20,226 युवक-युवतियों को मिला रोजगार



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग द्वारा निजी क्षेत्र से संबद्ध आयोजित मेगा जॉब फेयर-2026 के नियुक्ति पत्र वितरण एवं समापन समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित ज्ञान भवन के भूतल पर आयोजित मेगा जॉब फेयर में सीएम ने विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने रोजगार के लिए इंटरव्यू देने आए युवक-युवतियों से बातचीत की। सीएम ने एआई इनेबल्ड कियोस्क के माध्यम से युवाओं को कैरियर एवं रोजगार तलाशने में मिल रही सहायता की भी जानकारी ली। समारोह में सीएम ने नियोक्ताओं द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा इंटर्नशिप के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नियोक्ताओं को सम्मानित किया। उन्होंने चीन के शंघाई में आयोजित होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इंडिया स्किल विजेताओं को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएम ने रिमोट के माध्यम से बिहार मानसिक स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान, भोजपुर में मानसिक रोग से स्वस्थ हुए व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु प्रशिक्षण केंद्र तथा दिव्यांगजन एवं ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों के कौशल विकास एवं आजीविका संवर्द्धन हेतु प्रशिक्षण केंद्र तथा प्रस्थान पूर्व उन्मुखीकरण प्रशिक्षण केंद्र का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि मेगा जॉब फेयर में 115 से अधिक नियोक्ताओं की सहभागिता के माध्यम से 20,226 युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। इनमें 3,940 युवाओं को बिहार में ही रोजगार मिला, 36 दिव्यांगजनों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हुए तथा 476 युवा विदेशों में रोजगार के लिये चयनित किये गये। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में प्रदेश एवं प्रमंडल स्तर पर नियोजन मेले आयोजित किए जाते थे। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि अगले वर्ष से बिहार के प्रत्येक जिले में नियोजन मेले की व्यवस्था की जाएगी। सीएम ने कहा कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को नौकरी एवं रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पटना में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर बनाने के लिए भारत सरकार से आग्रह किया गया है ताकि दुनिया के लोगों को बिहार में बुलाकर यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करायी जा सके। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व विजेंद्र प्रसाद यादव, मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, विभागीय सचिव कौशल किशोर सहित अन्य वरीय अधिकारी, नियोक्तागण एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

### मुख्य बिन्दु

- बिहार कौशल विकास मिशन के माध्यम से 25 लाख युवा हुए प्रशिक्षित
- कुशल युवा कार्यक्रम के तहत 12 लाख युवाओं को दिया गया प्रमाण पत्र

### सीएम ने प. बंगाल सीएम से फरक्का बराज के सभी गेट खोलने का किया आग्रह

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से दूरभाष पर बातचीत कर बिहार में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर एवं उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को देखते हुए फरक्का बराज के सभी गेट खोलने का आग्रह किया। सीएम ने कहा कि बिहार में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसी परिस्थिति में फरक्का बराज के सभी गेट खोलने से गंगा नदी के जलप्रवाह को सुगम बनाने में मदद मिलेगी तथा बिहार में बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित करने में सहायता मिल सकती है। पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री को इस संबंध में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मैंने खून-पसीना लगाकर जदयू को बनाया, इसलिए मुझे भी चिंता

**पटना (एनएसबी)।** कोई माने या न माने, लेकिन मैंने खून-पसीना लगाकर जदयू को बनाया है, इसलिए पार्टी की चिंता मुझे भी रहती है। आज भले ही हमारी अलग पार्टी है, लेकिन दीपक प्रकाश और निशांत कुमार में कोई अंतर नहीं है। उक्त बातें राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को ये बातें कहीं। नीतीश कुमार के विरासत से जुड़े बयान पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हमारी पार्टी भी कपूर्री ठाकुर की विचारधारा पर चलने का दावा करती है। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी चिंता इस बात को लेकर है कि विरासत आगे बढ़े। विरासत का मतलब किसी पद पर दावा करना नहीं, बल्कि बुजुर्गों के विचारों और सिद्धांतों को आगे ले जाना है। दीपक और निशांत कुमार ही बिहार का भविष्य हैं।

राजगीर में आयोजित तीन दिवसीय शिविर को लेकर उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने 65% आरक्षण, नीतीश कुमार की विरासत, शिक्षा व्यवस्था, पटना का नाम बदलने और छात्र आंदोलन समेत कई मुद्दों पर खुलकर बात की। श्री कुशवाहा ने कहा कि शिविर में कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई और पार्टी आगे इन मुद्दों को लेकर लगातार प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार में 65% आरक्षण की व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया था। हालांकि केंद्र स्तर पर इसे निरस्त कर दिया गया और यह प्रयास सफल नहीं हो सका।



नीतीश कुमार के 65% रिजर्वेशन के फैसले को बढ़ाएंगे आगे

# बिहार सरकार ने परीक्षा सुधार के लिए बनाई पांच सदस्यीय कमेटी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए 5 सदस्यीय विशेष समिति बनाई गई है। इस समिति की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त या सेवारत जज करेंगे। ये समिति पेपर लीक, नकल और अन्य गड़बड़ियों को रोकने के उपायों की समीक्षा करेगी। बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष और एडवांस बनाने के लिए सम्राट सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। परीक्षा प्रणाली में सुधार 5 सदस्यीय विशेष समिति के बनाने का फैसला लिया है। इसे लेकर राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस आशय की अधिसूचना जारी की है।

**पेपर लीक और नकल पर लगेगी लगाम**

# पटना में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, कोच का शीशा टूटा

## बिहटा रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना

**पटना (एनएसबी)।** पटना से गोमतीनगर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22345) पर रविवार सुबह बिहटा स्टेशन से रवाना होने के दौरान पत्थर फेंके जाने की घटना हुई। सुबह करीब 6:22 बजे हुई इस घटना में पत्थर लगने से ट्रेन के सी6 कोच का एक शीशा टूट गया। हालांकि, घटना में किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है।

**बिहटा स्टेशन से आगे निकलते समय घटना :** जानकारी के अनुसार, वंदे भारत एक्सप्रेस बिहटा स्टेशन से आगे निकल रही थी। इसी दौरान बाहर से किसी व्यक्ति ने ट्रेन पर पत्थर फेंका। पत्थर सी6 कोच की खिड़की के शीशे से जा टकराया, जिससे शीशा टूट गया। अचानक हुई घटना से यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना की सूचना रेलवे के संबंधित अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को दी गई है। आरपीएफ की ओर से पत्थर फेंकने वाले की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्र में जांच की जा रही है।



### RPF ने शुरू की जांच

घटना की सूचना रेलवे के संबंधित अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को दी गई। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल (पढब्रऋ) ने पत्थर फेंकने वाले की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू कर दी है।

# पटना में शुरू हुई एसी ई-पिंक बस सेवा

**पटना (एनएसबी)।** रक्षाबंधन को लेकर सरकार के स्तर से महिलाओं के लिए खास पहल की गई है। उनके सुविधायुक्त परिवहन के लिए खासतौर से एसी पिंक बस का परिचालन शुरू किया गए है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत बिहार को एसी युक्त इलेक्ट्रिक बसे मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इनमें पांच बसे अब राजधानी पटना और इसके आसपास के शहरों को जोड़ते हुए महिलाओं के लिए विशेष रूप से पिंक बस का संचालन शुरू हो गया है। ये सभी बस लो फ्लोर और बैटरी चालित हैं, जिससे महिलाओं को आराम के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन का बेहतर विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है। पथ परिवहन निगम के अनुसार, इन पांच एसी ई-पिंक बसों में से दो-दो बसें पटना से पालीगंज और बेली रोड के रूट पर चल रही हैं, जबकि एक बस पटना से बिहटा की ओर जा रही है।

# मुजफ्फरपुर : LJPR विधायक अमित रानू के घर छापेमारी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर में जमीन विवाद को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सीतामढ़ी के बेलसंड विधायक अमित कुमार रानू के आवास पर पुलिस ने छापेमारी की है।

पुलिस की टीम सर्च वारंट लेकर विधायक के मुजफ्फरपुर स्थित सरस्वतीनगर आवास पर पहुंची और तलाशी शुरू की. मामला विधायक के भाई सोनू सिंह से जुड़े जमीन विवाद का बताया जा रहा है. पुलिस के मुताबिक इस मामले में विधायक के भाई समेत करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज है. हाल के दिनों में मुजफ्फरपुर में जमीन कब्जे और रंगदारी से जुड़े मामलों में पुलिस की कार्रवाई तेज हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, मामला जमीन पर कब्जे और बॉउंड्री तोड़ने के विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है. आरोप है कि जमीन को लेकर विवाद के दौरान दबंगई की गई और जमीन की बॉउंड्री को तोड़ा गया. इसी मामले में विधायक के भाई सोनू सिंह समेत अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी. पुलिस की कार्रवाई इसी शिकायत और दर्ज केस के आधार पर आगे बढ़ी है. हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।



जमीन विवाद में भाई पर केस, सर्च वारंट लेकर पहुंची पुलिस

# सांसद गिरिधारी यादव ने बिना सर्च वारंट पुलिस कार्रवाई का लगाया आरोप

**बांका (एनएसबी)।** जदयू सांसद गिरिधारी यादव के चांदन और देवघर स्थित आवासों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर माहौल गर्म हो गया। रविवार को सांसद ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए बिना सर्च वारंट के आवासों पर पहुंचने का आरोप लगाया और मामले की जांच भागलपुर प्रक्षेत्र के आईजी से कराने की मांग की। वहीं, एसपी अमितेश कुमार ने सांसद के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पुलिस सांसद के घर गई ही नहीं थी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित बीएमपी-10 की जमीन मौथावाड़ी से अवैध रूप से मिट्टी खनन के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।



# पं. राजकुमार शुक्ल की जयंती पर होगा राजकीय समारोह : सम्राट

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को चंपारण सत्याग्रह के सूत्रधार पंडित राजकुमार शुक्ल की 151वीं जयंती के अवसर पर बिहार विधान परिषद के एनेक्सी सभागार में आयोजित समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह का आयोजन पं. राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्मारिका शुक्ल शौर्य का लोकार्पण किया। कला एवं संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भोजपुरी लोक गायिका कल्पना पटवारी को पंडित राजकुमार शुक्ल कला शिखर सम्मान से सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि पं. शुक्ल की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। उसके योगदान और चंपारण सत्याग्रह के ऐतिहासिक महत्व से नई पीढ़ी को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पं. शुक्ल के अथक प्रयासों से मोहनदास करमचंद गांधी बिहार की चंपारण की धरती पर आए और किसानों को अंग्रेजों के अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए ऐतिहासिक सत्याग्रह का नेतृत्व किया। चंपारण सत्याग्रह ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष राज्य में सामान्य से लगभग 30 प्रतिशत कम वर्षा हुई है।



पं. शुक्ल की 151वीं जयंती पर सीएम ने अर्पित की श्रद्धांजलि

# ऑपरेशन सिंदूर में तबाह जैश हेडक्वॉटर दोबारा तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स ने पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मरकज सुभानअल्लाह हेडक्वार्टर तबाह कर दिया था। अब यह फिर से बनकर तैयार हो गया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इसके री-कंस्ट्रक्शन में 15 महीने लगे। रिपोर्ट में दावा किया गया कि मरकज सुभानअल्लाह के क्षतिग्रस्त गुंबद फिर बना दिए गए हैं, नया संगमरमर और प्लास्टर लगाया गया है। नया पेंट भी किया गया है। दीवारों समेत पूरी इमारत की मरम्मत कर की गई है। 2025 में 6-7 मई की रात हुए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादी संगठन जैश के इस ठिकाने को काफी नुकसान पहुंच था। 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई की थी। पाकिस्तान सरकार ने जैश को मरम्मत के लिए 25 करोड़ पाकिस्तानी रुपए दिए।

# भारत में तेजी से उभर रहा निजी अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के आकर्षण का केंद्र : पीएम

**नई दिल्ली (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कहा, "भारत का तेजी से उभरता निजी अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के आकर्षण का केंद्र है। वहीं, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने चंद्रयान-3 की दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल सॉफ्ट लैंडिंग, उससे मिले वैज्ञानिक डेटा और 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करने को बड़ी उपलब्धि बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव, खासकर निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की तेजी से बढ़ती भूमिका ने देश को दुनिया भर के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर लगातार अपनी मौजूदगी मजबूत कर रहा है और यह देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की बढ़ती ताकत में साफ दिखाई देता है। उन्होंने नई तकनीक विकसित कर रही जेनरेशन जेड की भी जमकर सराहना की। उन्होंने अपने भाषणों का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, "मैंने अयोध्या में कहा था कि यह बदलाव के एक नए चक्र की शुरूआत है। इस नए चक्र में भारत वैश्विक व्यवस्था में अपनी अंतरिक्ष उपस्थिति का लगातार विस्तार कर रहा है और यह हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है और इस लक्ष्य को हासिल करने में अंतरिक्ष क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक में भारत की बढ़ती क्षमता देश की व्यापक विकास यात्रा का अहम हिस्सा बन रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा,"भारत की निजी अंतरिक्ष प्रतिभा दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रही है।



# खान सर से मेरी जान को खतरा, यूपी की युवती ने पटना में दर्ज कराई FIR

**पटना (एनएसबी)।** उत्तर प्रदेश की रहने वाली एक युवती ने खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर फैजल खान उर्फ खान सर पर गंभीर आरोप लगाते हुए पीरबहोर थाने में लिखित शिकायत दी है. युवती ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि उसे फैजल खान उर्फ खान सर से जान का खतरा है और उसे आशंका है कि उसकी हत्या कराई जा सकती है. युवती ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर सुरक्षा उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। शिकायत करने वाली युवती के आवेदन के अनुसार, वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और वर्तमान में पटना में रहती है. उसने बताया है कि वह अगस्त 2016 में पटना आई थी. इससे पहले वह उत्तर प्रदेश के देवरिया स्थित एक संस्थान में फैजल खान उर्फ खान सर से पढ़ाई करती थी. युवती का दावा है कि उसके पास फैजल खान से जुड़ी कई गोपनीय जानकारियां हैं और इस बात की जानकारी फैजल खान को भी है।



# पाठ्य पुस्तकों में शामिल होगी पं. शुक्ल की जीवनी : शिक्षा मंत्री

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार की पाठ्य पुस्तकों में चंपारण सत्याग्रह के प्रणेता पंडित राजकुमार शुक्ल की जीवनी शामिल की जाएगी। यह घोषणा शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने रविवार को बिहार विधान परिषद के एनेक्सी हॉल में आयोजित पं. शुक्ल की 151वीं जयंती समारोह में की।

श्री तिवारी ने कहा कि पं. शुक्ल की जीवनी को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने की घोषणा बहुत पहले हो जानी चाहिए थी। नई पीढ़ी को पं. शुक्ल के योगदान और उनके संघर्ष से परिचित कराना जरूरी है।

शिक्षा मंत्री ने अगले वर्ष से पं. शुक्ल की जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने की मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की घोषणा का स्वागत किया और इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद चंद्रवंशी द्वारा पं. शुक्ल के नाम पर संग्रहालय बनाने की घोषणा पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।



बिहार विधान परिषद के एनेक्सी हॉल में आयोजित पं. शुक्ल की 151वीं जयंती समारोह में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी व कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद चंद्रवंशी।

श्री तिवारी ने लोगों से आग्रह किया कि महात्मा गांधी के चंपारण आने की कहानी पढ़ने से पहले पं. राजकुमार शुक्ल के बारे में पढ़ें। पं. शुक्ल ही गांधी जी को चंपारण लेकर आए थे और चंपारण की धरती पर गांधी जी के आंदोलन ने उन्हें महात्मा के रूप में स्थापित किया।

शिक्षा मंत्री ने समाज से एकजुटता का आह्वान करते हुए कहा कि हमें जातियों में बंटने के बजाय एकजुट रहना चाहिए। हम सब सनातनी हैं। एक रहेंगे, तभी सुरक्षित रहेंगे।

उन्होंने हर घर में रामचरितमानस रखने और उसके नियमित पाठ पर भी जोर दिया। साथ ही, 26 अगस्त को रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों से शामिल होने का आग्रह किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री, विधान परिषद के सभापति, शिक्षा मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने 'शुक्ल शौर्य' स्मारिका का विमोचन किया। लोक गायिका श्रीमती कल्पना पटवारी को 'पं. राजकुमार शुक्ल कला शिखर सम्मान' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान के तत्वावधान में किया गया। संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष राजेश भट्ट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

**बोले-महात्मा गांधी की कहानी से पहले पं. राजकुमार शुक्ल के बारे में पढ़ें**

**अगले वर्ष से राजकीय समारोह की मुख्यमंत्री की घोषणा का किया स्वागत**

**पं. शुक्ल के नाम पर संग्रहालय बनाने की घोषणा पर भी जताया हर्ष**

## अमर शहीद रामफल मंडल की स्मृति में डाक टिकट जारी, पटना तारामंडल में हुआ समारोह

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सीतामढ़ी की पवित्र धरती पर अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीद रामफल मंडल की स्मृति में भारत सरकार के संचार मंत्रालय ने रविवार को डाक टिकट जारी किया है। इस अवसर पर तारामंडल के सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की मंत्री श्रीमती शीला मंडल ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद उपस्थित रहे। समारोह में पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश, डाक विभाग, बिहार की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल श्रीमती शशि शालिनी कुजूर तथा बाजपट्टी के विधायक रामेश्वर कुमार महतो की भी गरिमामय उपस्थिति रही। समारोह में शहीद रामफल मंडल के परिवार के सदस्यों ने भी सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर उनके जीवन एवं संघर्ष पर आधारित एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया तथा उनके जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महात्मा फुले समता परिषद, बिहार के तत्वावधान में किया गया।

**खबरें | खास-खास**

## आस्था, उमंग, उल्लास और खुशियों के संगम दिखा सावन महोत्सव में



सावन मास की पावन बेला में इंडिया पॉजिटिव द्वारा सावन महोत्सव आयोजित किया गया।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सावन मास की पावन बेला में इंडिया पॉजिटिव द्वारा सावन महोत्सव आयोजित किया गया। स्वागत बैंक्वट हॉल, किदवई स्कूल के सामने, अमरनाथ मंदिर रोड, भूतनाथ रोड में हरी चूड़ियों और हरी साड़ियों में कार्यक्रम को मनोरंजन और सांस्कृतिक रंग से महोत्सव को आनंदमयी बना दिया। फिल्मी गानों पर महिलाओं ने ठुमके लगाये। इंडिया पॉजिटिव के सचिव मनीष सिन्हा ने कहा कि श्रावण का महीना भगवान शिव की आराधना और आस्था का विशेष अवसर है। ऐसे आयोजन लोगों को अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने के साथ समाज में सकारात्मकता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।

## पीएम सूर्यघर : मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्य को समय पर पूरा करने का डीएम का निर्देश

### बीपीएल श्रेणी के 5585 परिवारों के घरों की छत पर निः शुल्क तथा 28,000 गैर-बीपीएल परिवारों के लिए सब्सिडी आधारित सोलर पैनल 30 अक्टूबर तक लगाने का लक्ष्य

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने पीएम सूर्यघर : मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को निर्धारित लक्ष्य को समय-सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सोलर पैनल स्थापना के कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि पटना जिला में 30 अक्टूबर तक 5,585 बीपीएल परिवारों के घरों की छत पर निःशुल्क सोलर पैनल स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके विरुद्ध अब तक 1375 बीपीएल परिवारों के घरों पर सोलर पैनल लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष परिवारों को भी शीघ्र आच्छादित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

गैर-बीपीएल परिवारों के लिए भी पीएम सूर्यघर : मुफ्त बिजली योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्तसहायता उपलब्ध कराई जा रही है। गैर-बीपीएल लाभार्थियों को सोलर पैनल लगाने पर 10,000 प्रति किलोवाट तथा अधिकतम 20,000 प्रति लाभार्थी की अतिरिक्तराज्य सब्सिडी दी जा रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार की सब्सिडी को मिलाकर 1 किलोवाट पर 40,000, 2 किलोवाट पर 80,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक पर अधिकतम 98,000 तक की सब्सिडी का लाभ मिल सकेगा। यह लाभ पटना जिला के पात्र लाभार्थियों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के इच्छुक गैर-बीपीएल परिवारों के लिए ऋण सुविधा का भी प्रावधान है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित बैंकों को निर्देश दिया कि इच्छुक एवं पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण की सुविधा उपलब्ध कराएं, ताकि अधिक से अधिक परिवार अपने घरों पर सोलर पैनल स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि इससे परिवारों को बिजली खर्च में राहत मिलने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। बैंकों को योजना के इच्छुक लाभार्थियों के ऋण आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

पटना जिला में 30 अक्टूबर तक 28,000 गैर-बीपीएल परिवारों के घरों की छत पर सोलर पैनल स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 10,300 से अधिक गैर-बीपीएल परिवारों के घरों पर सोलर पैनल लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में प्रतिदिन 30 से अधिक सोलर पैनल स्थापित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को इसमें और तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोलर स्ट्र र एवं सोलर पैनल की सप्लाई चेन को मजबूत रखा जाए, ताकि सामग्री की उपलब्धता में किसी प्रकार की बाधा न हो और निर्धारित समय-सीमा में अधिक से अधिक लाभार्थियों के घरों पर सोलर पैनल स्थापित किया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना के क्रियान्वयन में गति के साथ-साथ गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। संबंधित अधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

## मुजफ्फरपुर को बड़ी सौगात : चांदनी चौक से रामदयालु नगर तक बनेगी 6-लेन सड़क, खर्च होंगे 44.76 करोड़

### सड़क चौड़ीकरण से हजारों लोगों को मिलेगा जाम की समस्या से स्थायी छुटकारा, पथ निर्माण विभाग के सचिव ने कहा, सड़क निर्माण की राह आने वाली सभी औपचारिकताएं पूर्ण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुजफ्फरपुर के सबसे व्यस्ततम मार्गो में एक रामदयालु से चांदनी चौक के बीच 4.50 किमी लंबी 6-लेन सड़क बनेगी। इससे हजारों लोगों को रोजाना जाम झेलने की समस्या से स्थाई तौर पर छुटकारा मिलेगा। पथ निर्माण विभाग और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अधिकारियों का मानना है कि बहुप्रतीक्षित रामदयालु नगर से चांदनी चौक के बीच 44.76 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 6 लेन सड़क के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई और दूसरे विभागों से अनुमति मिल चुकी है। जल्द ही सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य शुरू किया जाएगा।

पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि परियोजना के मार्ग में आने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से जुड़ी औपचारिकताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। परियोजना निदेशक एनएचएआई एवं पीआईयू-मुजफ्फरपुर के पत्रांक-701 के माध्यम से इस पूरी परियोजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया है, जिससे कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं रही और काम तय समय-सीमा के अंदर पूरा होने की राह पर है। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर के चांदनी चौक से रामदयालु नगर के बीच प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का दबाव रहता है। इस सड़क के चौड़ीकरण और आधुनिक बनने से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि चांदनी चौक से रामदयालु नगर के बीच लगने वाले निरंतर और भीषण जाम से लोगों को स्थायी मुक्ति मिल जाएगी। वाहनों का आवागमन बिना किसी रुकावट के सुगमतापूर्वक और निर्बाध रूप से हो सकेगा। इससे न केवल आम जनता के बहुमूल्य समय और ईंधन की काफी बचत होगी, बल्कि क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में भी काफी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से स्थानीय लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और आसपास के व्यापारिक गतिविधियों से उनका सीधा जुड़ाव होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सड़क के बनने से मुजफ्फरपुर शहर के सुगम विकास को एक नई गति मिलेगी। यह परियोजना केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि मुजफ्फरपुर के आधुनिक बुनियादी ढांचे की दिशा में एक बड़ी सफलता है। फैक्ट फाइलः परियोजनाः मुजफ्फरपुर के चांदनी चौक से रामदयालु नगर तक सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य।- लंबाईः 450 किमी- लागतः 4476 करोड़।

## तीन माह में माटी कला बोर्ड का गठन किया जायेगा, प्रजापति समाज को आगे बढ़ाने तथा न्याय दिलाने के लिये हम खड़े हैं : मुख्यमंत्री

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति द्वारा आयोजित अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी जी का शहादत दिवस तथा नवनिर्वाचित विधान पार्षदों के अभिनंदन समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी जी चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की माटी कला हमारी समृद्ध लोक एवं पारंपरिक संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पारंपरिक कला को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से अगले तीन माह में माटी कला बोर्ड का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माटी कला बोर्ड के माध्यम से कुम्हार (प्रजापति) समाज एवं माटी कला से जुड़े कारीगरों के हित में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। कारीगरों को आधुनिक तकनीक एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के साथ उनके उत्पादों के बेहतर विपणन और बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की जाएगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आप सभी का अभिनंदन करता हूं।

## खबरें : एक नजर में

### बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने रामफल मंडल की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने महान स्वतंत्रता सेनानी और बाजपट्टी संग्राम के नायक रामफल मंडल की पुण्यतिथि पर उनके अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को शत-शत नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। माँ भारती के इस अमर सपूत ने 1942 के ऐतिहासिक 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। जब अंग्रेज अफसरों और पुलिस बल द्वारा स्थानीय जनता पर क्रूर अत्याचार किए जा रहे थे, तब वीर रामफल मंडल ने पूरी वीरता के साथ ब्रिटिश अधिकारियों से सीधा मुकाबला किया था। इसी मामले में गिरफ्तारी के बाद भागलपुर सेंट्रल जेल में उन पर मुकदमा चला और उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने मात्र 19 वर्ष की अल्प आयु में 23 अगस्त 1943 को हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया, जो भारतीय स्वतंत्रता इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में अंकित है। उनका सर्वोच्च बलिदान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा देशवासियों, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।



डा. प्रेम कुमार।

### बाढ़ पीड़ितों को पर्याप्त नाव, रिलीफ, फसलों का मुआवजा एवं पशुओं के लिए मुफ्त चारा दो : संयुक्त किसान मोर्चा

**बेगूसराय/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बरसात के मौसम में अप्रत्याशित रूप से सभी पोखरे एवं गड्ढे सुखे हुए हैं। बड़ी उम्मीद से कठीन मेहनत कर किसानों ने खरीफ फसल लगाए।वे खाद की कालाबाजारी से महंगे दामों पर खाद बीज खरीद कर खेती की।पहले सुखा से खेतों में फसलें मुरझा रहे थे,मगर नदियों में भारी उफान ने भयानक बाढ ने किसानों की सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।अपनी आंखों से लहलहाते फसलों को डूबते देखकर मूर्छित होकर बेहोश हो रहे है। संयुक्त किसान मोर्चे की संचालन समिति की ओर से किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह,दिनेश कुमार,संतोष कुमार ईश्वर,राम नरेश महतो, मनोज कुमार,गणेश चौधरी और अरविंद सिंह ने सरकार से माँग की है कि पर्याप्त नाव,तिरपाल,पर्याप्त रिलीफ और फसल छती का पर्याप्त मुआवजा एवं पशुओं के लिए मुफ्त चारा की अविलंब व्यवस्था हो।यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई,पर्याप्त रिलीफ एवं मुआवजा नही मिला तो किसान मरता क्या नहीं करता। हम सब समाहरणालय को घेरने को मजबूर होंगे।जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

### कान, नाक, गला जांच के लिए अत्याधुनिक मशीन की शुरुआत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** रोगियों को बेहतर और सटीक इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी, राजेन्द्र नगर में कान, नाक एवं गला (ईएनटी) विभाग को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया गया है। रविवार को प्रख्यात ईएनटी विशेषज्ञ डा. दिवेश कुमार के नेतृत्व में विभाग में नई पीढ़ी की जाँच मशीनें स्थापित की गई हैं। इनमें वीडियो एंडोस्कोपी सिस्टम, अडियोमेट्री एवं टिम्पेनोमेट्री, नेजल एंडोस्कोप, लैरिंगोस्कोप और माइक्रोस्कोपिक ईयर जांच उपकरण शामिल हैं। डा दिवेश कुमार ने बताया, इन मशीनों के आने से कान के पर्दे में छेद, सुनने में कमी, साइनस, नाक की हड्डी टेढ़ी होना, टन्सिल और आवाज संबंधी विकारों का बहुत ही शुरुआती अवस्था में और बिना दर्द के पता लगाया जा सकेगा। अब मरीजों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, सभी जाँचें यहीं किफायती दर पर उपलब्ध होंगी। सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य 2014 से ही आम लोगों को कम खर्च में उच्च स्तरीय डायगनोस्टिक सुविधा देना रहा है। ईएनटी विभाग में आधुनिकीकरण इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर पूर्व अध्यक्ष रमेश गुप्ता, प्रकाश अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, हरेष्ण अग्रवाल सहित अन्य थे।

### आध्यात्मिक सत्संग समिति के तत्वावधान में भव्य रुद्राभिषेक संपन्न

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आध्यात्मिक सत्संग समिति के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ का दिव्य रुद्राभिषेक एवं पूजन समारोह बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित संतोष पांडेय के नेतृत्व व मंत्रोच्चार में भगवान शिव का जल, दुग्ध, दही, घी, शहद एवं गंगाजल से रुद्राभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रों की ध्वनि से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। पंडित संतोष पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि रुद्राभिषेक करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# 50 हजार से अधिक नागरिकों को नोटिस जारी करने के विरोध में नागरिक अधिकार मंच की बैठक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मानस पथ स्थित वार्ड कार्यालय में नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में पटना नगर निगम द्वारा आवासीय एवं गैर-आवासीय क्षेत्र का उचित निर्धारण किए बिना 50 हजार से अधिक नागरिकों को नोटिस जारी किए जाने के विरोध में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नागरिक अधिकार मंच के संयोजक सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने की तथा संचालन देवरतन प्रसाद ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पटना नगर निगम के पूर्व उप महापौर सह निगम पार्षद विनय कुमार पप्पू, निगम पार्षद शोभा देवी, निगम पार्षद मनोज मेहता तथा पूर्व पार्षद सह पार्षद प्रतिनिधि सुनील यादव ने कहा कि दिनांक 27/ 08/ 2026 को होने वाली निगम बोर्ड की बैठक में इस मामले को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा तथा नागरिकों को जारी किए गए नोटिस को रद्द कराने की मांग की जाएगी।



बैठक आयोजित की गई।

बैठक को व्यापार मंडल के प्रतिनिधि नारायण राठी, स्कूल संगठन के अध्यक्ष शंकर चौधरी, नागेंद्र शुक्ला, अनु माथुर, अधिवक्ता धीरज कुमार, सामाजिक संगठन के राजीव कुमार, माले नेता राम नारायण सिंह, सीपीआई नेता राजीव रंजन, शंभू शरण प्रसाद, कांग्रेस नेता शम्मी कपूर, कृष्ण कुमार पप्पू, मुन्ना जायसवाल, शरीफ अहमद, रंगरेज फिरोज हसन, मोहम्मद शौकत अली, जमालुद्दीन मुन्ना सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए आम नागरिकों के हितों की भी रक्षा आवश्यक है। नगर निगम द्वारा आवासीय एवं गैर-आवासीय क्षेत्र का स्पष्ट एवं उचित निर्धारण किए बिना नागरिकों को नोटिस जारी करना उचित नहीं है। पटना नगर निगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से ही घरेलू कार्य एवं छोटे स्तर पर रोजगार करते हैं। ऐसे में पहले नगर निगम को स्पष्ट रूप से आवासीय एवं गैर-आवासीय क्षेत्रों का निर्धारण करना चाहिए, उसके बाद ही किसी प्रकार की कर संबंधी कार्रवाई की जानी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि नगर निगम द्वारा पहले से ही कमर्शियल टैक्स के साथ-साथ कूड़ा टैक्स भी लिया जा रहा है। इसके बावजूद इस प्रकार के नोटिस जारी किए जाने से आम नागरिकों, गरीबों, मजदूरों एवं छोटे व्यवसायियों में भय का वातावरण उत्पन्न हो गया है। उन्होंने नगर निगम से मांग की कि इस मामले में जल्दबाजी में कोई कार्रवाई न की जाए और नागरिकों को राहत दी जाए।

## खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर यातायात में बदलाव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सोमवार को खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर आम जनता की सुरक्षा और सुगम यातायात संचालन के लिए पटना पुलिस द्वारा विशेष ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। 24 अगस्त को निम्नलिखित मार्ग परिवर्तन प्रभावी रहेंगे।

ट्रैफिक एसपी सागर कुमार के मुताबिक कारगिल चौक से गाय घाट की ओर जाने वाले सभी वाहनों का परिचालन डबल डेकर पुल से होगा। प्रतिबंधित मार्ग (व्यासायिक वाहनध्ई-रिक्शाध्टेम्पू)रू खेतान मार्केट, जीएम रोड दक्षिणी, मक्खियों कुआँ दक्षिणी तथा खजानी रोड दक्षिणी से व्यवसायिक वाहन, ई-रिक्शा एवं टेम्पू का परिचालन अशोक राजपथ की ओर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

कृष्णा घाट की ओर से कारगिल चौक की तरफ आने वाली सभी वाहन पटना कलेज गेट के पास डबल डेकर पुल का इस्तेमाल करेंगे।

अशोक राजपथ पुल के नीचे से कारगिल चौक की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

गाय घाट की ओर से आने वाले वाहनों को खजांची रोड उत्तरी से डायवर्ट करके खजानी रोड दक्षिणी, मछुआ टोली, ठाकुरबाड़ी होते हुए गांधी मैदान की ओर भेजा जाएगा।

खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी में होने वाले कार्यक्रम के दौरान असुविधा से बचने के लिए आम नागरिकों एवं चालकों से उपर्युक्त यातायात योजना का पालन करने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की जाती है।

## युवाओं को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : मंत्री

**ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के यौम-ए-वफात पर आयोजित स्मृति समारोह में हुए शामिल**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार की धरती पर बुद्ध, महावीर, चाणक्य, आर्यभट्ट, गुरु गोबिंद सिंह, विद्यापति और अनेक महान विभूतियों का जन्म हुआ है। इसी गौरवशाली परंपरा में उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। हमारे राज्य के युवाओं को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज युवाओं के सामने अनेक अवसर हैं। यदि वे अपनी प्रतिभा को पहचानकर अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ें, तो बिहार की धरती से अनेक प्रतिभावान लोग, महान कलाकार और सांस्कृतिक दूत देश को मिल सकते हैं। उक्त बातें ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की यौम-ए-वफात के अवसर पर आयोजित स्मृति समारोह में कही। रविवार को पटना के जगजीवन राम शोध संस्थान में अति पिछड़ा मुस्लिम संगठन की ओर से इसका आयोजन किया गया था।

मंत्री ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खास प्रयास से बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और कलात्मक पहचान को नई ऊंचाई मिली है। उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की शहनाई की धुन ने न केवल भारत की संगीत परंपरा को समृद्ध किया, बल्कि पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति और गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान को मजबूत किया। वे भारतीय संस्कृति के जीवंत प्रतीक थे। उनका जीवन हमें सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है। उनकी ऊंचाइयों को आने वाली पीढ़ियां लंबे समय तक याद रखेंगी। मंत्री श्री कुमार ने आगे कहा कि उन्होंने भारत के राष्ट्रीय पर्वो एवं अनेक ऐतिहासिक अवसरों पर अपनी शहनाई से देश को गौरवान्वित किया। स्वतंत्र भारत की सांस्तिक यात्रा में उनकी शहनाई की धुनों का विशेष स्थान है। उनकी शहनाई की आवाज देश की सीमाओं से निकलकर पूरी दुनिया तक पहुंची है। कार्यक्रम में आयोजक डा नूरहसन आजाद, शाहीद हलालखोर, पूर्व मंत्री मो इसराइल मंसूरी, विधान परिषद के सदस्य ड़ खालिद अनवर, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शमशाद साई, जदयू के पूर्व प्रदेश सचिव मो महमूद बख्खो, गुलाम सरवर आजाद, अतिपिछड़ा आयोग के पूर्व सदस्य अस्मान हलालखोर, सलीम रामपुरी हवारी, कमरुद्दीन फारुकी, अनवर नट, रवि राज नट, पूर्व वार्ड पार्षद सुमन, महादलित आयोग के पूर्व सदस्य राजेंद्र प्रसाद नट आदि मौजूद थे।

## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राघोपुर के कटावग्रस्त स्थलों का निरीक्षण किया

**पटना/ एनएसबी।** तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष ने गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि और तेज बहाव के कारण अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर के कटावग्रस्त स्थलों का निरीक्षण कर तटवर्ती गांवों पर मंडरा रहे खतरे का आकलन किया तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं से जलस्तर एवं संभावित जोखिमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों को जलस्तर एवं कटाव की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखते हुए अलर्ट मोड में रहने, स्थानीय ग्रामीणों के साथ समन्वय बनाए रखने तथा बाढ़ एवं कटाव की किसी भी आपात स्थिति में त्वरित समाधान एवं कटाव निरोधक कार्यो हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## चारा घोटाले में जेल जाने के डर से लालू जी ने फरक्का समझौते पर चढ़ा दी बिहार के हितों की बलि : जद (यू.)

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जद (यू.) विधान पार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पूजा पैट्रिक ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर पारिवारिक हितों का पक्षधर होने का आरोप लगाते हुए फरक्का जल समझौते पर बिहार के हितों की बलि चढ़ाने का आरोप लगाया।

लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 12 दिसंबर 1996 को हुई इस संधि के दौरान वो केंद्र की संयुक्त मोर्चा सरकार में प्रभावशाली भूमिका में थे और उसी दौरान वो बिहार के मुख्यमंत्री भी थे। साथ ही उस सरकार में तत्कालीन विदेश मंत्री आई के गुजराल से भी उनके अच्छे संबंध थे इसके बावजूद भारत और बांग्लादेश के बीच हुई इस जल संधि के विरोध में उन्होंने कोई आवाज नहीं उठाई ।



जद (यू.) विधान पार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पूजा पैट्रिक ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

लालू प्रसाद यादव से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि यह संधि 12 दिसंबर 1996 को हुई थी लेकिन इसके पहले ही वो चारा घोटाले में अभियुक्त करार दिए गए थे। उन्होंने कहा कि जेल जाने के डर से उन्होंने बिहार के हितों की बलि चढ़ाने का काम किया। जबकि नीतीश कुमार ने हमेशा इस संधि का विरोध किया और उन्होंने पुरजोर तरीके से गंगा नदी में गाद के मसले को उठाया। नीतीश कुमार ने हमेशा जल प्रबंधन एवं उससे जुड़ी समस्याओं को मजबूती से उठाने का काम किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि फरक्का बराज पर नए सिरे से विचार होना चाहिए। जिस वीडियो का जिक्र कर लालू प्रसाद ये दावा कर रहे है कि उन्होंने गंगा जल संधि पर कड़ा विरोध किया था दरअसल वो वीडियो 19 दिसंबर 2011 का है जब वो केंद्र की यूपीए सरकार से बाहर थे। ये साफ दर्शाता है कि जब सत्ता की मलाई खा रहे थे तो उस दौरान उन्होंने बिहार के हित से समझौता होने दिया और जब सत्ता से बाहर हो गए तब इस संधि का विरोध करने लगे। आखिर ये कैसी अवसरवादिता है।

## आधुनिक सुविधाओं से युक्त राज्य में नए शहर बसाने की तैयारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य सरकार ने बिहार में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया शहर बसाने की तैयारी शुरू कर दी है। पटना सहित राज्य के 11 जिलों में ग्रीनफील्ड सेटेलाइट टाउनशिप बसाने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया है। विदित हो कि राज्य सरकार ने बढ़ती जनसंख्या और आर्थिक गतिविधियों के कारण बिहार के मौजूदा शहरों पर लगातार बढ़ रहे दबाव को देखते हुए नया शहर बसाने की योजना बनाई है। ताकि पुराने शहरों के दबाव को संतुलित करने के साथ-साथ नए आवास, रोजगार, निवेश और व्यवसाय के अवसर उपलब्ध कराया जा सके।

बिहार में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप की अवधारणा का उद्देश्य भविष्य के शहरी विकास को आज से ही योजनाबद्ध करना है। इसका लक्ष्य केवल नई इमारतें बनाना नहीं, बल्कि ऐसे सम्पूर्ण, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहरी क्षेत्र तैयार करना है जहां आवास, रोजगार, सड़क, सार्वजनिक परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार, पार्क, जलापूर्ति, सीवरेज, जल निकासी और अन्य आवश्यक सुविधाएँ एक साथ विकसित हो सकें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टाउनशिप क्षेत्र में रहने वाले और भूमि रखने वाले लोग इस परिवर्तन के केवल दर्शक नहीं होंगे, बल्कि सहभागी होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आपसी विवाद में चाकू मारने से एक की मौत एवं दो घायल

**दरभंगा (एनएसबी)** शनिवार की देर रात्रि लहेरिया थाना क्षेत्र के खाजा सराय मोहल्ले में सरकारी विद्यालय के पास आपसी विवाद को लेकर पड़ोसी ने पूरे परिवार मिलकर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें दिनेश सहनी के पुत्र दीपू सहनी उम्र 22 साल को डीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दिलीप सहनी को पेट में चाकू लगा है, जिनका इलाज डीएमसीएच में चल रहा है, वह खतरे से बाहर हैं।झगड़ा छुड़ाने के लिए मोहल्ले के एक नवयुवक अनिल कुमार मंडल गए थे। उन्हें भी हाथ में चाकू मार दिया है।वह भी डीएमसीएच में इलाजरत है।सूचना मिलते ही दरभंगा एसएसपी जगुरनाथ रेड्डी एवं सीटी एसपी कई थाना प्रभारी को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे. जहां से चार आदमी को पकड़ा गया है। उनसे पूछताछ जारी है। एस एसपी स्वयं डीएमसीएच जाकर घायलों को देखे और कहा कि कांड में संलिपत व्यक्तियों को किसी भी हाल पर छोड़ा नहीं जाएगा।



### सझुआर पंचायत के बिकुपट्टी मे विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बेनीपुर (एनएसबी)** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर बेनीपुर प्रखंड अंतर्गत सझुआर पंचायत के बिकुपट्टी आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 283 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा ने बाल हितैषी योजनाओं को बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लागू किया है। इन योजनाओं को हर स्तर पर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दी गई है।मौके पर आंगनबाड़ी सेविका रितु कुमारी, सहायिका रेनू देवी, आशा कार्यकर्ता आभा कुमारी, जीविका सुधीरा कुमारी, पीएलवी नितीश कुमार राम, शशिकांत झा 'महात्मा', हरिश्चंद्र झा, गौरीशंकर झा, त्रिवेणी कान्त झा, जयचंद्र झा, युवराज कुमार झा, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।



### 7 सितंबर को पटना में लगेगा छात्र-युवा संसद

**दरभंगा (एनएसबी)** देश और बिहार की बदहाल शिक्षा व्यवस्था, सरकारी विद्यालयों की स्थिति, शिक्षकों की कमी, शिक्षा के बढ़ते निजीकरण एवं छात्रों-युवाओं के सामने खड़े रोजगार के संकट के खिलाफ छात्र-युवा संगठनों ने शिक्षा सुधारो, स्कूल ठीक करो अभियान चलाने का फैसला किया है। मिजार्पुर स्थित नगर कार्यालय में। आइसा आरवायए की संयुक्त बैठक से फैसला लिया गया। बैठक में भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव, आरवायए के राज्य उपाध्यक्ष संदीप कुमार चौधरी, अमित पासवान, ओणम कुमारी, सुरुचि कुमारी, मिथिलेश कुमार यादव, राहुल कुमार, सोनू कुमार, मोहम्मद सलामत, प्रिंस राज शामिल थें।बैठक में तय किया गया कि जिला के अन्दर प्लस 2 स्कूल के हालत को देखने के लिए छात्र - युवा का टीम स्कूल का दौरा करेगीं। भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने कहा कि छात्र - युवा की टीम अभियान के माध्यम से गांव-गांव, विद्यालयों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों, युवाओं, शिक्षकों एवं आम लोगों को शिक्षा के सवाल पर गोलबंद किया जाएगा।इसी क्रम में 7 सितंबर को पटना में छात्र-युवा संसद का आयोजन किया जाएगा।

### आरोग्य भारती द्वारा योग मिलन कार्यक्रम आयोजित

**दरभंगा (एनएसबी)** आरोग्य भारती दरभंगा का साप्ताहिक योग मिलन बैठक कार्यक्रम तारा मन्दिर राज दरभंगा प्रांगण में हिट वेब से बचने,इनरजेटीक बने रहने,हर जोर का संचालन,श्वास नियंत्रण,जठर नियंत्रण के लिए अनेकानेक योग आसान प्राणयाम कराया गया। वैद्य जयप्रकाश साह ने कहा की जरी बुटी काढ़ा भष्म आयुर्वेदिक का प्रांण है। वंदे मात्रम का अभ्यास डॉ शैलेन्द्र सुश्रुत ने कराया। संचालन उत्पल गोस्वामी ने किया। सबका परिचय प्रभात जी कराये. बिनोद हसुरा कविता पाठ किया. ओम से शुरू कार्यक्रम शांति पाठ से समाप्त हुआ।

### दो अलग-अलग ठिकानों से 24 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद

**बेनीपुर (एनएसबी)** अनुमंडल के मद्यनिषेध थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर घुस्की पट्टी एवं पौहद्दी में एक साथ छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो अलग-अलग ठिकानों से कुल 24 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया है। मौके से दो कारोबारियों गोपाल दास एंव विन्दे सहनी को गिरफ्तार किया गया है, पुलिस ने शराब ढुलाई में प्रयुक्त एक बाइक नंबर बीआर 07 एएन 9721 को भी जप्त कर लिया है। मद्यनिषेध थानाध्यक्ष श्री निवास ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### स्वर्गीय विश्वम्भर मिश्र उर्फ कारी बाबू के निधन पर शोक सभा आयोजित

**बेनीपुर (एनएसबी)** बेनीपुर पूर्वी मंडल के महामंत्री संजय मिश्र पप्पू के पिता जनसंघ काल से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, बेनीपुर में भाजपा का घर घर अलख जगाने वाले, पार्टी के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने वाले स्वर्गीय विश्वम्भर मिश्र उर्फ कारी बाबू के देहांत के उपरांत रमौली लक्ष्मीनाथ मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता स्थानीय मंडल अध्यक्ष रजनीश सुंदरम ने की। मौके पर पवन ठाकुर, गुंजन ठाकुर, सुरेश सिंह,राम नारायण ठाकुर,ललित झा,रामसागर ठाकुर,बम्बोल झा,महेश झा,बिपिन झा,श्याम ठाकुर,मदन महतो,निभा देवी,राजीव झा,अशोक लाल दास, शंकर झा,अरुण राम,अनिल झा,अरुण चौधरी,ममता देवी, राजीव राय, सुबोध कामत,संतोष झा, राम भरोसा पासवान सहित सैकड़ों नए पुराने कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वन्दे मातरम्‌ पर भाजपा कार्यकारिणी के प्रस्ताव को सांसद ने बताया देश के लिए श्रद्धा का प्रतीक

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति में पीएम मोदी के सम्बोधन से कार्यकताओं में आया उत्साह

**दरभंगा (एनएसबी)** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यसमिति में 22 अगस्त 2026 को वंदे मातरम्‌ के सम्मान और उसकी ऐतिहासिक विरासत की रक्षा के संबंध में पारित प्रस्ताव का भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने स्वागत किया है तथा इस प्रस्ताव को 140 करोड़ देशवासियों की श्रद्धा का मजबूत संकल्प बताते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी 19 अगस्त 2026 को कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा 1937 के अपने प्रस्ताव को पुनः स्वीकार करते हुए कांग्रेस के कार्यक्रमों में ह्यवन्दे मातरम्ह्ण के केवल प्रथम दो पदों के गायन को सीमित करने के निर्णय की कड़ी निंदा और विरोध जताकर यह स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्र के सम्मान के मुद्दे पर भाजपा किसी भी प्रकार की संवेदनहीनता को बर्दाश्त नहीं कर सकती। सांसद डा ठाकुर ने भाजपा के स्टैंड को साफ करते हुए कहा है कि वन्दे मातरम्‌ न केवल भारत का राष्ट्रीय गीत है बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा की अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता संग्राम का मंत्र और भारत की राष्ट्रीय चेतना का अमर प्रतीक के रूप में भी हर भारतीय के लिए एक आदर्श है। सांसद डा ठाकुर ने पूर्ण वन्दे मातरम्‌ के सम्मान, गरिमा, विरासत और राष्ट्रीय स्वरूप की रक्षा के मुद्दे पर भाजपा कार्यसमिति में लिए गए प्रस्ताव की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि 1950 में संविधान सभा की घोषणा तथा 2026 में संसद द्वारा राष्ट्रीय गीत को जन गण मन के समान वैधानिक संरक्षण प्रदान किए जाने का संकल्प राष्ट्र के प्रति श्रद्धा का अभिव्यक्ति है जिसे कांग्रेस पार्टी के सांप्रदायिक दबाव, राजनीतिक तुष्टीकरण अथवा संकीर्ण वोट-बैंक की राजनीति के अधीन करने के हर प्रयास का विरोध किया जाएगा तथा मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

# संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्कृत सप्ताह समारोह का उद्घाटन करेंगे जिलाधिकारी

## दरबार हॉल में 25 से 31 तक रहेगा उत्सवी माहौल

**दरभंगा (एनएसबी)।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में 25 से 31 अगस्त तक कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय की अध्यक्षता में संस्कृत सप्ताह समारोह 2026 का आयोजन किया जाएगा। मुख्य भवन के दरबार हॉल में स्नातकोत्तर विभाग,शिक्षाशास्त्र विभाग ,म.अ.रमेश्वरलता संस्कृत महाविद्यालय एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की वृहत तैयारी की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ. निशिकांत ने बताया कि 25 अगस्त मंगलवार को दरबार हॉल में उद्घाटन सत्र के मुख्यातिथि दरभंगा के जिलाधिकारी कौशल कुमार होंगे । विशिष्ट अतिथि एलएनएमयू के सेवानिवृत प्राध्यापक प्रो.अशोक कुमार बच्चन तथा साररस्वत अतिथि के रूप में संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.शशिनाथ झा को आमंत्रित किया गया है । उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो.लक्ष्मीनिवास पाण्डेय करेंगे । विशिष्ट उपस्थिति स्नातकोत्तर प्रभारी प्रो.दिलीप कुमार झा तथा कुलसचिव डॉ.दिनेश झा की होगी। कार्यक्रम के अगले दिन 26 को शास्त्र चर्चा होगी। इसमें सभी



बैठक करते कुलपति प्रो.लक्ष्मी निवास पाण्डेय एवं पदाधिकारीगण व अन्य

विभागों के प्राध्यापक एवं शोधछात्र शास्त्रीय चर्चा करेंगे । इसी क्रम में 27 को शैक्षिक स्पधाओं का आयोजन होगा। इसमें दरभंगा शहर के सरकारी एवं निजी विद्यालयों की 06 से 10 कक्षा के छात्रों व छात्राओं को भी आमन्त्रित किया गया है। विद्यालयस्तर में पूर्व से निर्धारित 10 श्लोकों का वाचन तथा संस्कृतभाषायाः महत्त्वम्‌ पर भाषण प्रतियोगिता निर्धारित की गयी है । वहीं उच्चस्तर पर संस्कृतक्षेत्रे उद्यमितायाः अवसराः विषय पर उपशास्त्री , शास्त्री,शिक्षाशास्त्री तथा आचार्य कक्षाओं के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे । सभी सफल प्रतिभागियों को पुररस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा । कार्यक्रम के चौथे दिन श्रावणी पूर्णिमा रक्षाबंधन के दिन संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः विश्वविद्यालय परिसर से संस्कृत शोभा यात्रा निकाली जाएगी । उसके बाद साढे आठ बजे से परिसर में उपाकर्म का कार्यक्रम होगा । पांचवें दिन 29 को संस्कृतं विज्ञानं च विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई है। इसमें दरभंगा के न्यायिक दण्डाधिकारी नयन कुमार सिंह मुख्यातिथि तथा एलएनएमयू के रसायनशास्त्र पीजी विभाग के डॉ.सोनूराम शंकर मुख्य वक्ता होंगे। छठे दिन 30 को 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें संस्कृत नाटक, गीतम, वाद्य, अभिनय आदि की प्रस्तुतियां दी जाएंगी । सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भागलपुर के प्रशान्त कुमार झा मुख्यातिथि तथा जिला कला संस्कृति पदाधिकारी दरभंगा विशिष्टातिथि के रूप में आमंत्रित किये गये हैं। वहीं डॉ.कृष्णकान्त झा तथा डॉ.विपिन कुमार झा सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसी तरह 31 अगस्त को समारोह के समापन कार्यक्रम में पूर्व कुलपति प्रो.रामचन्द्र झा सारस्वत अतिथि ,मुख्यातिथि संस्कृतभारती बिहार-झारखंड के क्षेत्र मन्त्री प्रो. प्रकाश पाण्डेय तथा विशिष्टातिथि वित्त परामर्शी इन्द्र कुमार आमंत्रित किये गये हैं।

विशेष कार्य पदाधिकारी शैक्षणिक डॉ.रामसेवक झा ने बताया कि इस तरह का आयोजन 25-31 अगस्त तक संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सभी महाविद्यालयों में किये जायेंगे। संस्कृत सप्ताह के सफल आयोजन हेतु एक समिति का गठन किया गया है जिसमें कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पाण्डेय संरक्षक, अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. पुरेन्द्र वारिक को समिति का अध्यक्ष, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. सुधीर कुमार को संयोजक जबकि कुलसचिव डॉ. दिनेश झा को निवेदक नामित किया गया है। इसी तरह गठित आयोजन समिति में डॉ. एल सविता आर्या, डॉ० श्याम सुन्दर ठाकुर, डॉ. रामसेवक झा, डॉ. वरुण कुमार झा, डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र शामिल किए गए हैं।

## बालिकाओं में खेल के प्रति जुनून और उत्साह सराहनीयः पप्पू सिंह

### अंडर 16 बालिका बास्केटबॉल चैंपियनशिप की विजेता बनी होली मैरी इंटरनेशनल स्कूल

**दरभंगा (एनएसबी)** थलवारा रोड स्थित होली मैरी इंटरनेशनल स्कूल, पंडासराय, दरभंगा के प्रांगण में बास्केटबॉल एसोसिएशन ऑफ दरभंगा के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय इंटर स्कूल अंडर 16 बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2026 के बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला रविवार को होली मैरी इंटरनेशनल स्कूल और यू.एच.एस. तारालाही के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में होली मैरी इंटरनेशनल स्कूल ने यू.एच.एस. तारालाही को 18-15 के अंतर से हराकर विजेता बनी। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल एवं शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रथम हॉस्पिटल, बिरौल के संस्थापक डॉ. राजेश कुमार झा एवं गुरुकुल क्लासेस,बिरौल के संस्थापक डॉ. केशव चौधरी उपस्थित रहे। डॉ. राजेश कुमार झा ने कहा कि बालिकाओं में खेल के प्रति जुनून और उत्साह सराहनीय है। बास्केटबॉल एसोसिएशन ऑफ दरभंगा के सचिव आशीष कुमार ने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले की युवा बास्केटबॉल प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करना है। मंच संचालन डॉक्टर केशव कुमार चौधरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य शिवू वी राजू ने किया।



## शिक्षा केवल पढ़ना-लिखना सीखने तक सीमित नहीं हैः अजीत कुमार मिश्र

यह व्यक्ति के व्यक्तित्व, सोच और भविष्य की नींव तैयार करती है

ह्यकिताब से उड़ानह्ण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**दरभंगा (एनएसबी)** लक्ष्मीसागर स्थित गंगा स्ट्रीम प्रेप स्कूल मे महिला जागृति संस्थान द्वारा बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय ह्यकिताब से उड़ानह्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला जागृति संस्थान द्वारा अपने संसाधनों से विद्यालय के बच्चों के बीच किताबें, नोटबुक, पेंसिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा के महत्व तथा उनके व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में शिक्षा की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए बाल कल्याण समिति के सदस्य अजीत कुमार मिश्र ने कहा कि शिक्षा केवल पढ़ना लिखना सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व, सोच और भविष्य की नींव तैयार करती है।शिक्षा बच्चों को बेहतर अवसरों और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार, संवेदनशील एवं जागरूक नागरिक बनने में भी सहायता करती है। आज के बच्चे ही आने वाले कल की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनके शिक्षित एवं सशक्त होने से देश और समाज का भविष्य मजबूत होगा।इस अवसर पर महिला जागृति संस्थान की सचिव इन्दिरा कुमारी ने कहा कि संस्थान पिछले 33 वर्षों से दरभंगा एवं मधुबनी के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों एवं महिलाओं के बीच शिक्षा, बाल एवं किशोर श्रम के पुनर्वास, महिला सशक्तीकरण एवं कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में महिला जागृति संस्थान की सदस्य रिंकी कुमारी, इंदिरा देवी, सोनी देवी, प्रणय शंकर झा एवं आदर्श कुमार सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर ज्ञान गंगा स्कूल के प्राध्यानधापक अमरजीत कुमार मौजूद रहे।



## दरभंगा में आधुनिक मोटर वाहन चालक प्रशिक्षण केंद्र तथा ट्रामा सेंटर की हो स्थापना : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

### केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टमटा से सांसद ने की मुलाकात

**दरभंगा (एनएसबी)** दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में एनएच तथा एनएचआई के द्वारा सड़क कनेक्टिविटी का जाल बिछाया जा रहा है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने रविवार को भारत सरकार के केंद्रीय राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टमटा से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात करने के बाद उपरोक्त बातें कही है। इस मौके पर सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री का मिथिला की संस्कृति और परंपरा के अनुसार पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए कहा कि विकास के मुद्दे पर दरभंगा को राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित किया जा रहा है जो मिथिला क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हवाई यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु दरभंगा एयरपोर्ट के नए सिविल एनक्लेव को फोरलेन सड़क से कनेक्टिविटी दिए जाने तथा दरभंगावासियों के सुगम यात्रा हेतु सरकार के द्वारा स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग,सुपौल - दरभंगा वाया बेरिया मंच, मधेपुर के निर्माण हेतु दरभंगा जिला के दोनों एलाइनमेंट का तकनीकी परीक्षण एवं भौतिक निरीक्षण कराकर उसके अनुसार निर्माण कार्य को स्वीकृति दिए जाने का आग्रह किया है। बिहार सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय राजमार्ग खगड़िया-रोसड़ा के एलआईमेंट को विस्तार कर दरभंगा सीतामढ़ी तक -4 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर की पहल शुरू करने के लिए सुझाव दिए गए हैं।

मिथिला एवं उत्तर बिहार में आधुनिक मोटर वाहन चालन प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना तथा सुविधाजनक आवागमन हेतु एन. एच.527 ई परियोजना के तहत दरभंगा के रामनगर से लोहिया चौक लहेरियासराय तक बनने वाले लगभग 4 किलोमीटर लंबे सड़क हाईवे को तीव्र गति से पूरा किए जाने एवं आमस दरभंगा के रामनगर इंटरचेंज स्थल पर ट्रामा सेंटर की स्थापना के लिए ध्यान आकृष्ट कराया है।

दरभंगा दिल्ली मोड़ से जयनगर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 105 के निर्माण और चौड़ीकरण किए जाने ,रोसड़ा -रामनगर ग्रीनफील्ड सड़क के निमैठी से बहेड़ी -बहेड़ा पथ एस. एच 88 तक स्पर लिंक का निर्माण करने,दरभंगा में रिंग रोड का निर्माण , पटना -पूर्णिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से दरभंगा एयरपोर्ट को लिंक हाइवे से जोड़ने दरभंगा संसदीय क्षेत्र के किरतपुर प्रखंड के भुभौल गाँव के समीप कोसी पश्चिमी तटबंध के समानांतर पश्चिमी दिशा में प्रस्तावित टू लेन सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र पहल शुरू का आग्रह किया है। बाबा पशुपतिनाथ नेपाल से बैद्यनाथधाम तक प्रस्तावित हाई स्पीड कॉरिडोर को कुशेश्वरस्थान से जोड़कर नेपाल बिहार तथा झारखंड के सांस्कृतिक संबंधों को एक नया आयाम मिलेगा।



केंद्रीय राज्य मंत्री से मिलते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर

## एसएलसी एवं नामांकन के नाम पर 500 से 1000 लेने का गंभीर आरोप

जानकारी मिलते ही विधायक ने किया मध्य विद्यालय पठान कबई का निरीक्षण

**मनीगाछी (एनएसबी)** प्रखंड के मध्य विद्यालय पठान कबई में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने एसएलसी देने तथा नामांकन के नाम पर एचएम के द्वारा पांच सौ, हजार , दो हजार रुपये तक राशि लिए जाने की शिकायत स्थानीय विधायक राजेश कु मंडल उर्फ ईश्वर मंडल से की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने विद्यालय का औचक निरीक्षण कर पूरे मामले की वस्तुस्थिति का बारीकी से जायजा लिया। लेकिन संयोग दो पालियों में क्लास होने के कारण मध्य विद्यालय की छुट्टी हो गई थी। माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चे आए हुए थे। औचक निरीक्षण के दौरान विधायक ने विद्यालय परिसर, पठन-पाठन की व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति तथा नामांकन एवं एसएलसी से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों एवं बच्चों और अभिभावकों ने विधायक को बताया कि विद्यालय से एसएलसी प्राप्त करने तथा नामांकन के नाम पर पांच सौ - हजार दो हजार रुपये तक की राशि मांगी जा रही है। विधायक ने कहा कि यदि शिकायत सही पाई जाती है तो मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से भी मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराने एवं सुधार हेतु कहा है।



निरीक्षण करते विधायक ईश्वर मंडल

## साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को दिशा देता हैः सर्वेश कुमार

### शंभु अगेही की दशम पुण्य स्मृति पर साहित्यिक कृतियों की समीक्षा

**दरभंगा (एनएसबी)** हिंदी समाहार मंच की ओर से साहित्यकार शंभु अगेही की दशम पुण्यस्मृति के अवसर पर उनके साहित्यिक अवदान को स्मरण करते हुए उनकी पुस्तकों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य सर्वेश कुमार,चंद्रेश झा , गीतकार डॉ. अमरकांत कुंवर,प्रो.डॉ. रामचंद्र सिंह चंद्रेश तथा कार्यक्रम अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पुस्तक समीक्षा चंद्रेश झा ने की। उन्होंने शंभु अगेही के साहित्यिक व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ह्शंभु अगेही की रचनाएँ केवल पुस्तक के पन्नों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज, संवेदना और मानवीय सरोकारों की जीवंत अभिव्यक्ति हैं। उद्घाटनकर्ता सर्वेश कुमार ने शंभु अगेही को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ह्साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को दिशा देता है। प्रो. आशुतोष कुमार वर्मा ने ह्यसतंजाह्ण कहानी-संग्रह की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि ह्यसतंजाह्ण सात कहानियों का संग्रह है। ई. राणा ब्रजेश, रामचंद्र चंद्रेश आदि ने भी संबोधित किया।मंच के सचिव अमिताभ कुमार सिन्हा ने कहा कि 24 अगस्त को बारह पुस्तकों का लोकार्पण तथा बिहार सहित अन्य राज्यों के लगभग 40 साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. सतीश चंद्र भगत, सूबेदार नंद किशोर साहू, अखिलेश कुमार चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा, अमरेश्वरी चरण सिन्हा, बालेन्दु झा, शंभूनारायण चौधरी, चंद्रेश, राणा ब्रजेश, उदय शंकर चौधरी, सुजीत मल्लिक, राजीव कुमार, डॉ. प्रतिभा स्मृति सहित अनेक साहित्यकार एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। अंत में हिंदी समाहार मंच के उपाध्यक्ष डॉ. सतीश चंद्र भगत ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



कार्यक्रम में उपस्थित सर्वेश कुमार अतिथिगण एवं अन्य

### सिंहवाड़ा मे बाल श्रमिक मुक्त गैरेज मलिक के खिलाफ एफआईआर

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)** सिंहवाड़ा स्थित ऑटो पार्ट्स एवं गैरेज में हुई छापेमारी के दौरान मुक्त किए गए बाल श्रमिक के मामले में गैरेज मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मनीष कुमार की शिकायत पर दोषी गैरेज मालिक के खिलाफ बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के तहत सिंहवाड़ा थाना मे एफआईआर दर्ज की गई है। ज्ञात हो कि श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार द्वारा गठित धावा दल ने 22 अगस्त को सिंहवाड़ा स्थित ऑटो पार्ट्स गैरेज में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान गैरेज में गौरी नाथ ब्रह्मपुरा निवासी एक नामक बाल श्रमिक काम करते हुए पाया गया। गैरेज का मालिक रविंद्र कुमार ठाकुर बताया गया।बाल श्रमिक को मुक्त कराकर बाल गृह को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सावन के अंतिम रविवार को विद्यापतिधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, अंतिम सोमवारी पर लाखों की भीड़ जुटने के आसार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सावन के अंतिम रविवार को ऐतिहासिक विद्यापतिधाम स्थित बाबा उगनामहदेव मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही शिवभक्तों की कतारें मंदिर परिसर से लेकर आसपास के मार्गों तक नजर आईं। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे कांवरियों और श्रद्धालुओं ने बाबा उगनामहादेव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। दिनभर में करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के



पहुंचने का अनुमान लगाया गया। श्रावण मास के अंतिम चरण में भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन एवं मंदिर न्यास समिति की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। मंदिर परिसर में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए थे। कतारबद्ध होकर दर्शन एवं पूजन की व्यवस्था के साथ भीड़ नियंत्रण के लिए जगह-जगह पुलिस बल एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था पर अधिकारियों की लगातार नजर बनी रही। श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर पेयजल, प्रकाश, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक इंतजाम भी किए गए। मंदिर परिसर में तैनात कर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के साथ भक्तों को सुगम तरीके से गर्भगृह तक पहुंचाने में सहयोग किया। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध के कारण पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्था अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण बनी रही। रविवार को उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए अब अंतिम सोमवारी को लेकर प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने तैयारियां और तेज कर दी हैं। सावन की अंतिम सोमवारी पर बाबा विद्यापतिधाम के जलाभिषेक के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। इसे लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े इंतजामों को और मजबूत किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी सह अध्यक्ष किशन कुमार ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने, कतार में रहकर दर्शन करने तथा अपने मोबाइल, पर्स, आभूषण एवं अन्य कीमती सामान की स्वयं सुरक्षा करने की अपील की गई है। अंतिम सोमवारी को विद्यापतिधाम में उमड़ने वाला भक्तों का सैलाब सावन के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल होने की संभावना है।

### अंतिम सोमवारी पर आस्था का जुनून, जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे कांवरिया

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर कांवरियों में उत्साह चरम पर है। बेगूसराय के झमटिया घाट से जल उठाकर समस्तीपुर के थानेश्वर स्थान मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में डाकबम और कांवरिया रवाना हो रहे हैं। इसी बीच वाहनों पर क्षमता से अधिक कांवरियों के सवार होकर जाने की तस्वीरें सामने आ रही हैं। कई वाहनों में कांवरियों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंसकर ले जाया जा रहा है, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने रूट और यातायात व्यवस्था में बदलाव किया



है। बावजूद इसके कुछ वाहन चालक अधिक सवारी बैठाकर तेजी से आवाजाही कर रहे हैं। कई जगहों पर कांवरिया वाहनों की छत और पीछे लटककर भी यात्रा करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में अचानक ब्रेक लगने या वाहन के अनियंत्रित होने पर बड़ा हादसा हो सकता है।अंतिम सोमवारी पर बेगूसराय के झमटिया घाट से कांवरिया गंगा जल लेकर समस्तीपुर के प्रसिद्ध थानेश्वर स्थान मंदिर पहुंचेंगे। रास्ते में कांवरियों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।प्रशासन कांवरियों से अपील की है कि वे सुरक्षित तरीके से यात्रा करें। वाहन में जितनी सीट निर्धारित है, उतने ही लोग बैठें। वाहन की छत, बोनट या पीछे लटककर यात्रा नहीं करें। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने से बचें। अंतिम सोमवारी के उत्साह में सुरक्षा को नजरअंदाज करना कांवरियों के लिए भारी पड़ सकता है। एक छोटी सी लापरवाही परिवार की खुशियां मातम में बदल सकती है। ऐसे में कांवरियों से अपील है कि वे प्रशासन के निदेशों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करें और दूसरों की जान को भी खतरे में न डालें।

### समस्तीपुर परिषदन में बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के टीम ने जिलाधिकारी, एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ किया बैठक

**समस्तीपुर/एनएसबी।** समस्तीपुर परिसदन में बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति (अध्ययन दल-2) की राज्यव्यापी स्थल अध्ययन यात्रा के क्रम में जिला पदाधिकारी,



समस्तीपुर एवं पुलिस अधीक्षक सहित जिला स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन, वित्तीय व्यय, गुणवत्ता एवं जमीनी स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्राकालन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार समेत अन्य सदस्यों ने कहा किसमीक्षा का उद्देश्य स्पष्ट है की सरकारी योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन, सरकारी राशि का सदुपयोग, कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता तथा प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करना। टीम के सदस्यों ने कहा कि प्राक्कलन समिति के इस महत्वपूर्ण अध्ययन के माध्यम से विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति को समझने और जनहित में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर टीम के सदस्यों के पहुंचने पर समस्तीपुर जिला प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस बैठक में प्राकालन समिति के सदस्य सह विधायक अजीत कुमार, बेबी कुमारी, आनंद मिश्रा, एमएलसी रवींद्र प्रसाद सिंह समेत जिले के संबंधित विभाग के अधिकारियों मौजूद रहे।

### श्रमिक अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प, बीड़ी श्रमिक फेडरेशन का 13वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** ऑल इंडिया बीड़ी सिगार टुबैको वर्कर्स फेडरेशन का 13वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार को दलसिंहसराय में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच शुरू हुआ। सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रमिक प्रतिनिधियों ने विशाल रैली निकालकर श्रमिक अधिकारों, सम्मानजनक मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा की मांगों को बुलंद किया। रैली हीरालाल साह धर्मशाला से निकलकर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, महात्मा गांधी एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर स्थल पर पहुंची जहां उनकी प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। तत्पश्चात जिला परिषद डाक बंगला पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड के. विश्वनाथन की शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलिझपुष्पांजलि के बाद राष्ट्रीय सम्मेलन के खुले सत्र का विधिवत शुभारंभ हुआ।स्वागत समिति के अध्यक्ष कॉमरेड विनोद कुमार समीर की अध्यक्षता में आयोजित खुले सत्र का एटक की राष्ट्रीय सचिव ऊषा साहनी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बीड़ी उद्योग से जुड़े श्रमिकों की मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवास और अन्य कल्याणकारी सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने कहा कि बीड़ी श्रमिक असंगठित क्षेत्र के महत्वपूर्ण श्रमिक हैं और उनके हितों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। सम्मेलन में न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, आवास एवं स्वास्थ्य सुविधाओं सहित श्रमिक कल्याण के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सभा को उजियारपुर विधायक आलोक मेहता, विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, एटक के राज्य महासचिव अजय कुमार, एटक के राज्य अध्यक्ष गजनफर नवाब, सरिता राय, रामविलास शर्मा, सुधीर कुमार देव, संजय कुमार, प्रयाग चंद मुखिया, अनिल कुमार, शंभू कुमार चौधरी, शंकर राम, दीपक कुमार धीरज, अर्जुन कुमार सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। जिसमें वक्ताओं ने श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों पर संगठित प्रयास और व्यापक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर दिया।

# केएसआर कॉलेज बचाओ अभियान : शिक्षा बचाओ सत्याग्रह के चौथे दिन अनशनकारियों ने फूंका केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री का पुतला

समस्तीपुर (एनएसबी)। शिक्षा बचाओ सत्याग्रह के तहत एनएसयूआई द्वारा केएसआर कॉलेज को बचाने की मांग को लेकर चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आज चौथा दिन भी जारी रहा। आंदोलन के चौथे दिन छात्रों ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सह उजियारपुर सासंद नित्या नंद राय का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पुतला दहन का नेतृत्व भूख हड़ताल पर बैठे एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजन कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केएसआर कॉलेज को बचाने की यह लड़ाई हजारों छात्रों के भविष्य और शिक्षा के अधिकार की लड़ाई है। सरकार एक्सप्रेसवे के नाम पर शिक्षा संस्थानों को उजाड़ने की कोशिश कर रही है, जिसे एनएसयूआई किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। आंदोलन का समर्थन




अनशन पर बैठे छात्र।

करने पहुंचे एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव चुन्नू सिंह ने कहा कि यह सिर्फ केएसआर कॉलेज की लड़ाई नहीं, बल्कि बिहार की बिखड़ रही शिक्षा व्यवस्था को बचाने का आंदोलन है। सरकार की नीतियों से शिक्षा संस्थानों पर लगातार संकट खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ेझलिखे युवाओं को रोजगार देने में विफल सरकार शिक्षा को कमजोर करने का काम कर रही है। युवा कांग्रेस छात्रों के इस संघर्ष में पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है और केएसआर कॉलेज को बचाने तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे जिला कांग्रेस कमिटी समस्तीपुर के पूर्व अध्यक्ष मो० अबु तमीम ने कहा कि केएसआर कॉलेज को बचाने की लड़ाई किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढ़ी के भविष्य की लड़ाई है। सरकार यदि शिक्षा संस्थानों को उजाड़कर विकास का दावा करती है, तो यह युवाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों की हर लोकतांत्रिक लड़ाई में उनके साथ खड़ी है और कॉलेज को बचाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।

आंदोलन को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव राम कलेवर प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होती है और केएसआर कॉलेज पर संकट बिहार की शिक्षा व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी कॉलेज को बचाने की इस लड़ाई में पूरी मजबूती के साथ छात्रों के साथ खड़ी है। एनएसयूआई ने सरकार से मांग की कि पटनाझपूर्णिया एक्सप्रेसवे का रूट तत्काल बदला जाए और केएसआर कॉलेज को हर हाल में सुरक्षित रखा जाए। छात्रों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने तक भूख हड़ताल और शिक्षा बचाओ सत्याग्रह जारी रहेगा। मौके पर ज़िला कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अंजनी कुमार मिश्र, एससी प्रकोष्ठ के ज़िलाध्यक्ष भुवनेश्वर राम, कामगार कर्मचारी कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष फैज अहमद फैज, शहरी जिला उपाध्यक्ष सनातन कुमार बाला, शिवराम ठाकुर, आइसा के ज़िलाध्यक्ष लोकेश राज, उपाध्यक्ष दीपक यदुवंशी, एसएफआई के जिलाध्यक्ष चंदन कुमार, शहरी महासचिव अखलाकुर रहमान सिद्दिकी आदि मौजूद रहे।

## सावन की अंतिम सोमवारी आज, शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**थानेश्वर स्थान मंदिर, विद्यापतिधाम समेत जिले के प्रमुख शिवालयों में तैयारी पूरी**

**समस्तीपुर कार्यालय।** सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। शहर के प्रसिद्ध थानेश्वर स्थान मंदिर, विद्यापतिधाम स्थित बाबा विद्यापति मंदिर समेत जिले के विभिन्न शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक और पूजा-अर्चना को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतिम सोमवारी को लेकर रविवार से ही मंदिर परिसरों में चहल-पहल बढ़ गई।शहर के थानेश्वर स्थान मंदिर में सोमवार को अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। मंदिर परिसर की साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयंसेवकों की भी तैनाती की जाएगी।इसी तरह विद्यापतिधाम स्थित बाबा विद्यापति मंदिर में भी अंतिम सोमवारी को लेकर विशेष तैयारी की गई है। यहां सावन की सोमवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु जल, दूध, बेलपत्र, फूल और अन्य पूजन सामग्री के साथ बाबा भोलेनाथ का अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

**हर-हर महादेव से गूंजेंगे शिवालय**

सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विभिन्न शिवालयों में भी विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी है। कई मंदिरों में रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। मंदिरों के आसपास पूजा सामग्री, फूल-माला और प्रसाद की दुकानें भी सज गई हैं। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों की ओर से कतारबद्ध पूजा कराने, प्रवेश और निकास की व्यवस्था तथा पेयजल जैसी सुविधाओं पर ध्यान दिया गया है। प्रमुख मंदिरों के आसपास सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर भी स्थानीय स्तर पर तैयारी की गई है।

## अंतिम सोमवारी के पूर्व एसडीओ व एएसपी ने किया खुदनेश्वर स्थान मंदिर परिसर का निरीक्षण

**मोरवा (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर राकेश कुमार एवं एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने रविवार को मोरवा स्थित खुदनेश्वर स्थान मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों से मुलाकात कर सावन माह की अंतिम सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ एवं उससे संबंधित तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आवागमन, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक



निरीक्षण करते एसडीओ व एएसपी।

बिंदुओं पर समिति सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने मंदिर समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि अंतिम सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित अधिक संख्या को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं। ताकि, श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना एवं मंदिर परिसर में आवागमन के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो। वहीं एएसपी ने सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से आवश्यक तैयारियों की जानकारी लेते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने मंदिर समिति एवं संबंधित कर्मियों को प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि, प्रशासन द्वारा पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## बच्चों के लिए बाल-अनुकूल विधिक सेवाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समस्तीपुर के निदेर्शानुसार, अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के तत्वावधान में शनिवार को पंचायत भवन, रायपुर में बच्चों के लिए निःशुल्क एवं बाल-अनुकूल विधिक सेवाओं के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को बच्चों के कानूनी अधिकारों, सुरक्षा तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना था, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक कठिनाई या जानकारी के अभाव में न्याय से वंचित न रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता अमन द्विवेदी ने बच्चों के लिए निःशुल्क विधिक सहायता तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की वर्ष 2024 की बाल-अनुकूल विधिक सेवा योजना के संबंध में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की उम्र, समझ एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उन्हें संवेदनशील तरीके से कानूनी सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने बाल विवाह, बाल मजदूरी, बच्चों के साथ हिंसा, शोषण एवं यौन अपराध जैसे विषयों पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी बच्चे के साथ अन्याय होने पर उसे चुप कराने के बजाय उसकी बात सुनी जानी चाहिए तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित कानूनी सहायता दिलाई जानी चाहिए।अधिवक्ता अमन द्विवेदी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। पंचायत प्रतिनिधियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को बच्चों के अधिकारों के




विधिक जागरूकता कार्यक्रम में अधिवक्ता।

प्रति सजग रहना चाहिए।कार्यक्रम में रायपुर पंचायत की मुखिया अंजू देवी, विनोद कुमार, सरपंच उषा देवी, न्याय मित्र अधिवक्ता चंद्रकांत सिंह सहित गांव के अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पारा विधिक स्वयंसेवक अजय कुमार ने लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उपस्थित लोगों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का अधिवक्ता अमन द्विवेदी एवं अजय कुमार ने सरल भाषा में समाधान किया।कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों से अपील की गई कि बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के अन्याय या शोषण को नजरअंदाज न करें तथा जरूरत पड़ने पर विधिक सेवा संस्थान से सहायता प्राप्त करें।कार्यक्रम का मुख्य संदेश रहा कि कोई भी बच्चा जानकारी, गरीबी या किसी अन्य कारण से अपने अधिकारों एवं न्याय से वंचित न रहे।

## 26वीं पुण्यतिथि पर पूर्व शिक्षा मंत्री अनुग्रह नारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भूतपूर्व शिक्षा मंत्री एवं ज़िला कांग्रेस कमिटी के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे स्व० अनुग्रह नारायण सिंह की 26वीं पुण्यतिथि आज समस्तीपुर ज़िला कांग्रेस कार्यालय मथुरापुर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष मो० अबु तमीम ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मो० अबु तमीम ने स्व० अनुग्रह बाबू को महान शिक्षा प्रेमी की संज्ञा देते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना एवं संचालन कर शिक्षा की अलख जगाई। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव राम कलेवर प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व० अनुग्रह बाबू केवल कांग्रेस पार्टी के वफादार सिपाही ही नहीं थे बल्कि वे देश में सहकारिता आंदोलन के मेरुदण्ड भी रहे। उन्होंने सहकारिता के माध्यम से आम आदमी के विकासात्मक प्रक्रिया को मजबूत किया।विदित हो कि स्व० अनुग्रह नारायण सिंह, समस्तीपुर ज़िले की स्थापना वर्ष से लगातार 27 वर्षों तक ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रहे। वर्ष 1986 में शिक्षा मंत्री बनने के बाद उन्होंने मोहिउद्दीननगर विधानसभा क्षेत्र में



कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर शिक्षा को सशक्त बनाया। वे कई बार विधायक भी निर्वाचित हुए थे। कार्यक्रम में ज़िला कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष कामेश्वर पासवान, पूर्व महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, जुलफि कार आलम, मो० मोहिउद्दीन, डॉ० राहत करीम, डॉ अशोक कुमार अकेला, स्वाती कुमारी, सिराज अहमद, प्रमोद कुमार, विकाश मिश्रा, कामिनी जायसवाल, राम शंकर राय, अवधेश कुमार सिंह, मो० फैयाज आदि लोग मौजूद रहे।

## इंडियनऑयल ने किया10 किलोग्राम एक्स्ट्रा लाइट नाऊ एलपीजी सिलेंडर का समारोहपूर्वक लोकार्पण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** 10 किलोग्राम का एक्स्ट्रा लाइट नाऊ घरेलू गैस उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। हल्के वजन, आकर्षक एवं आधुनिक डिजाइन के कारण यह सिलेंडर आसानी से संभाला जा सकेगा। यह उन उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगा, जो पारंपरिक भारी सिलेंडरों की तुलना में कम वजन और अधिक सुविधा चाहते हैं।रविवार को आईओसीएल के नए उत्पाद एक्स्ट्रा लाइट नाऊ के लोकार्पण के अवसर पर अतिथियों ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि इसका हल्का वजन, आधुनिक डिजाइन और त्वरित डिलीवरी सुविधा विशेष रूप से शहरी एवं आधुनिक उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी साबित होगी।बताते चलें कि, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने समस्तीपुर में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 10 किलोग्राम क्षमता वाले नए एक्स्ट्रा लाइट नाऊ एलपीजी सिलेंडर का समारोह पूर्वक उद्घाटन व लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मैथिल



एक्स्ट्रा लाइट नाऊ एलपीजी सिलेंडर का शुभारंभ करते अतिथि

परंपरा के अनुसार पाग, चादर, पौधा एवं स्मृति चिन्ह से अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चातकार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री भारत सरकार डॉ. राज भूषण चौधरी, रोसड़ा विधायक वीरेन्द्र कुमार, इंडियन ऑयल के डिविजनल एलपीजी सेल्स हेड सतीश कुमार फील्ड ऑफिसर संतोष कुमार, राजम इंडेन के अतुल राज समेत अन्य लोगों ने ने सिलेंडर का उद्घाटन सह लोकार्पण किया। गौर तलब है कि, एक्स्ट्रा लाइट नाऊ एलपीजी सिलेंडर की प्रमुख विशेषताओं में 10 किलोग्राम एलपीजी क्षमता, आसान हैंडलिंग और आधुनिक डिजाइन शामिल है। पहली बार कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को इसके लिए 4,872.50 रुपये का भुगतान करना होगा, जबकि इसकी रिफिल कीमत 1,686.50 रुपये निर्धारित की गई है।आईओसीएल के इस नए उत्पाद की एक खास विशेषता एक्सप्रेस डिलीवरी है। इंडियनऑयल ने बुकिंग के बाद 10 किलोग्राम एक्स्ट्रा लाइट नाऊ एलपीजी सिलेंडर को चार घंटे के भीतर उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इससे उपभोक्ताओं को तेज और सुविधाजनक एलपीजी सेवा का लाभ मिल सकेगा।अंत में अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इंडियन ऑयल के सेल्स हेड सतीश कुमार ने कहा कि कंपनी अपने उपभोक्ताओं को सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक एलपीजी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक संकल्पित है और लगातार नई तकनीकों और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं को बढ़ावा देती रहेगी।

### इश्तिहार वारंटी समेत दो गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**समस्तीपुर कार्यालय।** कल्याणपुर थाना और चकमेहसी थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की कार्रवाई से फरार आरोपितों में हड़कंप मचा रहा।कल्याणपुर थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी इश्तिहार वारंट के मामले में अकबरपुर गांव निवासी बैजनाथ सहनी (46) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर थानाध्यक्ष रणवीर कुमार रावत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बैजनाथ सहनी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसकी पुष्टि थानाध्यक्ष रणवीर कुमार रावत ने की।इधर, चकमेहसी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कांड संख्या 154/26 के प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के शिवनगर गांव निवासी राम सुरेश महतो के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### 40 अभियुक्तों को गिरफ्तार, 19 वारंट, 8 इश्तेहार एवं 137 सम्मन एवं 4 कुर्की का किया गया निष्पादन एसएसपी

**मधुबनी (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस महानिदेशक बिहार, पटना के निर्देशन के आलोक में दिनांक-22.08.2026 को गंभीर शीर्ष के कांडो हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, पुलिस पर हमला इत्यादी के कांडो मे प्राथमिकता के आधार पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई करने को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया।इस अभियान में 19 वारंट, 08 इश्तेहार एवं 137 सम्मन एवं 04 कुर्की का किया गया निष्पादन। साथ हीं साथ कुल-40 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-06, के कांड में-01, हत्या के प्रयास के कांड में-06, महिला उत्पीड़न के कांड मे-02, अपहरण के कांड में-01, वारंट में 20 एवं अन्य कांड में-04 अभियुक्त शामिल हैं।साथ हीं साथ जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-47 वाहनों से-47,500/- रुपया जुमार्ना वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी/विदेशी शराब-3,000 लीटर, 01 मोटरसाईकिल, 01 चार चक्का वाहन, 07 मोबाईल, 01 लाइटर, 01 प्लायर, 01 वायर कटर, 01 गोदरेज बरामद किया गया है।



### प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, खजौली प्रणव प्रकाश दिया गया विदाई

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, खजौली प्रणव प्रकाश के बिहार लोक सेवा आयोग से राज्य सहायक कर आयुक्क्त के रुप में चयनित होकर प्रशिक्षण के लिए खजौली से विरमित होने पर प्रखंड के जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं ने रविवार को उन्हें भावभीनी विदाई दी। जनवितरण प्रणाली विक्रेता संघ खजौली के अध्यक्ष विनय कृष्ण कुमार उर्फ महेश यादव की अध्यक्षता एवं प्रदीप राय के संचालन में प्रखंड कार्यालय खजौली के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जनवितरण विक्रेताओं ने उन्हें पाग, दोपटा, माला एवं ट्रॉली बैग देकर



सम्मानित किया। जविप्र विक्रेताओं ने उन्हे एक मिलनसार एवं मृदुभाषी पदाधिकारी बताया। कहा कि उनका व्यक्तित्व सरल था। उनका कार्यकाल सराहनीय रहा। उन्होने आमजन से जुड़े मामलों के समाधान में काफी रुचि ली। इस क्रम में सभी ने उनके अच्छे स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं प्रणव प्रकाश ने सभी जविप्र विक्रेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हरिश्चन्द्र यादव, शंभु चौधरी, संतोष कुमार, सरोज सिंह, नवीन चौधरी, मुनेश्वर राय, मो.असलम अंसारी, सरोज चौधरी, जिनिश कुमार, रामप्रीत राय, जितेंद्र चौधरी, रामसुविर पासवान, बिलटु साह, संतोष कुमार साह, लक्ष्मण साह सहित सभी जनवितरण विक्रेता उपस्थित थे।

### ई-निबंधन से पंजीकरण व्यवस्था में आएगी पारदर्शिता, सुगमता एवं जवाबदेही;

**मधुबनी, (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा हाल ही में पंजीकरण व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में ई-निबंधन व्यवस्था लागू की गई है। तकनीक आधारित यह नई पहल पारंपरिक पंजीकरण प्रक्रिया को डिजिटल प्रणाली से जोड़ते हुए निबंधन सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी, व्यवस्थित, ट्रेसेबल एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ई-निबंधन के माध्यम से क्रेता एवं विक्रेता को पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी और सेवाएं आधिकारिक माध्यम से प्राप्त करने में सुविधा होगी। इससे किसी विशेष मध्यस्थ पर निर्भरता कम होगी तथा नागरिकों को प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, निर्धारित सरकारी शुल्क और अधिकृत सेवा प्रदाताओं के संबंध में स्पष्ट एवं प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। इससे पंजीकरण व्यवस्था को लेकर आम लोगों के बीच उत्पन्न भ्रम एवं भ्रांतियों को दूर करने में भी सहायता मिलेगी। नई व्यवस्था के संक्रमण काल में पंजीकरण सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए जिले के एवं सभी अवर निबंधक कार्यालयों की कार्यालयवार निगरानी की जा रही है। निर्धारित दैनिक लक्ष्य, वास्तविक पंजीकरण, लंबित मामलों तथा लक्ष्य से कम उपलब्धि के कारणों की नियमित समीक्षा की जाएगी, ताकि आवश्यकता के अनुसार तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। सामान्य परिस्थितियों में जिले में प्रतिदिन लगभग 180 पंजीकरण होते हैं, जबकि 22 अगस्त 2026 को 23 पंजीकरण संपन्न हुए। वर्तमान कमी मुख्यतः डीड राइटर्स एवं स्टाम्प वेंडर्स के एसोसिएशन द्वारा दिए गए आह्वान से प्रभावित हुई है। जिले में कोई महत्वपूर्ण स्थानीय प्रतिरोध अथवा बड़ा तकनीकी व्यवधान नहीं है।

### शिक्षकों का धरना प्रदर्शन 24 अगस्त को,: प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर कुंवर.

**बिस्फी(एनएसबी)।** नियोजित शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान, एरियर एवं प्रोन्नति की मांग को लेकर दिनांक 24 अगस्त को जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी के समक्ष आक्रोशपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए संघ के उपाध्यक्ष मो नूर आलम एवं प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर कुंवर ने बिस्फी, परसौनी, सिमरी, धजवा, भैरवा,नुरचक घाट भटरा सहित कई पंचायतो के भ्रमण के दौरान कहीं. उन्होंने सभी शिक्षकों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की. बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के सभी प्रखंड एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कर आंदोलन को सफल बनावै .तथा अधिक से अधिक शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित हो.कहा कि जिले के नियोजित शिक्षक विगत तीन महीनों से नियमित वेतन भुगतान से वंचित हैं. वेतन नहीं मिलने के कारण शिक्षकों एवं उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इसके साथ ही प्रोन्नति सहित अन्य लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में विभाग द्वारा अपेक्षित पहल नहीं किए जाने से शिक्षकों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है. शिक्षकों की जायज मांगों की लगातार उपेक्षा किए जाने के कारण अब शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है. एकजुटता ही हमारी ताकत है. वेतन भुगतान एवं प्रोन्नति हमारा अधिकार है.

### सरिसव गांव में घर में घुसकर लूट, महिला से मारपीट कर सोने के आभूषण व नकदी ले गए अपराधी

**बेनीपट्टी(एनएसबी)।** बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के सरिसव गांव में रविवार की अहले सुबह चार अज्ञात अपराधकर्मियों ने एक घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की और सोने के आभूषण समेत नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना रात करीब तीन बजे की बताई गई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

पुलिस के अनुसार, अपराधकर्मी शुभचन्द्र झा के घर में प्रवेश कर उनकी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए उनके कान, नाक और गले में पहने सोने के आभूषण लूट लिए। इसके अलावा घर में रखे बैग से करीब चार हजार रुपये नकद भी ले गए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बेनीपट्टी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), मधुबनी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार से घटना के संबंध में पूछताछ की।घटना के वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान के लिए जिले की तकनीकी टीम, एफएसएल टीम तथा डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर उपलब्ध भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों को संकलित और सुरक्षित किया। मामले में बेनीपट्टी थाना में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ बेनीपट्टी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है। टीम तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों, घटनास्थल से मिले सुरागों तथा संदिग्ध व्यक्तियों से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन और विश्लेषण कर रही है।

# शिवराज सिंह चौहान से भाजपा के राष्ट्रीय नेता वेंकटेश चौधरी ने की मुलाकात

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के बिहार भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, मधुबनी सप्ता गावं निवासी राष्ट्रीय नेता वेंकटेश चौधरी ने नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवास पर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान श्री चौधरी ने केंद्रीय मंत्री को फूल गुलदस्ता देखकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के

**बिहार के विकास पर चर्चा**

बीच बिहार और मिथिला के किसानों, कृषि क्षेत्र तथा संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। वेंकटेश चौधरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलना उनके लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। उन्होंने किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार की पहल की सराहना किया! भाजपा नेता वेंकटेश चौधरी ने बताया कि एनडीए की सरकार में कृषि के क्षेत्र में काफी तेजी से विकास हो रहा है!



मंत्री से मिलते भाजपा नेता

किसानों के लिए सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही है खासकर बिहार और मिथिला में कृषि के क्षेत्र में विकास की जा रही है!इस मुलाकात को भाजपा के संगठनात्मक एवं जनहित से जुड़े दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### जनसरोकार से जुड़े तीन समाजसेवियों के निधन पर प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर

मधुबनी(एनएसबी)। माकपा नेता बिंदु यादव एवं वामपंथी विचारधारा की मजबूत इकाई रहें नाहस गांव निवासी भुवनेश्वर यादव, सकराढी गांव निवासी शिक्षक पवन यादव एवं औंसी जीरो माइल निवासी मो असमतुल्लाह के निधन पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किए हैं। सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने कहा कि दिवंगत भुवनेश्वर यादव सदैव गरीब गुरबों एवं किसानों के पक्षधर रहें उनके निधन से राजनीतिक एवं समाजिक जगत में अपूर्णीय क्षति हुई हैं। वहीं सकराढी गांव निवासी शिक्षक पवन यादव के असामायिक निधन पर कहा कि समाजिक कार्यक्षेत्र में मजबूती से डटे रहने वाले शिक्षक पवन यादव का निधन से क्षेत्र में शोक की लहर हैं। साथ ही औंसी गांव निवासी एवं वरिष्ठ समाजसेवी मो असमतुल्लाह के निधन से समाजिक राजनीतिक जगत के लोगों ने अपना एक मजबूत अभिभावक खो दिए।

## डीआईजी ने की कांडों के अनुसंधान की समीक्षा किया



निरीक्षण करते

**मधुबनी (एनएसबी)।** मिथिला क्षेत्र दरभंगा के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज कुमार तिवारी ने शनिवार को सकरी थाना का औचक निरीक्षण किया। थाना पहुंचने पर पुलिस पदाधिकारियों ने उन्हें विधिवत सलामी दी। इसके बाद डीआईजी ने थाने में दर्ज विभिन्न कांडों की प्रगति, अनुसंधान की स्थिति तथा अब तक की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की।

डीआईजी ने अनुसंधानकताओं से कांडों से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी लेते हुए साक्ष्य संकलन, गवाहों के बयान, तकनीकी जांच तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कांड का अनुसंधान निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का समुचित उपयोग करते हुए मजबूत साक्ष्यों के आधार पर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसंधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आपराधिक गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने हाजत, सिरिस्ता कक्ष और मालखाना का भी जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों एवं पंजी के रख-रखाव की जांच की। थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर उन्होंने सकरी थानाध्यक्ष मनोज कुमार के कार्यों की सराहना की। मौके पर एसएसपी योगेंद्र कुमार, प्रभारी सदर एसडीपीओ वन आलोक कुमार, एसआई सुमन कुमार, प्रतिमा कुमारी, अंजना कुमारी, मनीषा कुमारी, धर्मराज पाल, एसआई उदय कुमार शर्मा, पवन कुमार दीक्षित, दीपेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी, चौकीदार-दफादार एवं होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## विद्यालय संचालन में लापरवाही पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त : डीएम



बैठक करते डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में बच्चों को निर्बाध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने विद्यालयों के सुचारु संचालन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। भवनविहीन अथवा भूमिहीन विद्यालयों में भी पठन-पाठन के लिए तत्काल समुचित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।बिस्फी प्रखंड के नया प्राथमिक विद्यालय, रामसागर टोल के पेड़ के नीचे संचालित होने संबंधी वीडियो प्रसारित होने के मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। मामले में श्री शेखर कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, बिस्फी-सह-प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बिस्फी को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बिस्फी एवं शैक्षणिक अंचल चहुटा के प्रभार से हटा दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि भवनविहीन अथवा भूमिहीन विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई के लिए निकटतम विद्यालय से टैग कर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। यदि किसी विद्यालय का संचालन निजी भवन, खुले मैदान, पेड़ के नीचे या किसी अस्थायी संरचना में हो रहा है और इससे बच्चों के पठन-पाठन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है, तो संबंधित विद्यालय के विद्यार्थियों की पढ़ाई निकटतम विद्यालय में सुनिश्चित की जाएगी।ज़िलापदाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस संबंध में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि यदि किसी भवनविहीन अथवा भूमिहीन विद्यालय का संचालन पेड़ के नीचे, खुले मैदान या अस्थायी संरचना में इस प्रकार होता पाया गया कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, तो संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### माकपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी भुवनेश्वर यादव का निधन.

**बिस्फी (एनएसबी)।** माकपा के जिला कमेटी सदस्य बिन्दु यादव के पिता सह माकपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी नाहस पुरवारी टोल गांव निवासी भुवनेश्वर यादव का निधन शनिवार की देर शाम हो गया. वे 83 वर्ष के थे. वे अपने पीछे चार पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं शोक संवेदना प्रकट करते हुए माकपा के जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि भुवनेश्वर यादव वामपंथी विचारधारा को जीवन पर्यन्त निभाया. वे समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे और लोगों के बीच काफी मिलनसार एवं लोकप्रिय रहे उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है. शोक प्रकट करने वालों में सांसद प्रतिनिधि विष्णु देव सिंह यादव, प्रखंड प्रमुख रीता कुमारी, शिक्षक ललन यादव, शिक्षिका विभा कुमारी, उषा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता मदन यादव, जितेन्द्र मोहन एव बिन्दु यादव, पार्टी राज्य सचिव ललन चौधरी, विधायक अजय कुमार, पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य शीला देवी, रामजी यादव,दिलीप झा, गनपति झा, रामजी यादव, शशिभूषण प्रसाद, बाबूलाल महतो, अमोद झा, ललित कुशवाहा, प्रो हरी प्रसाद साहू , अखिलेश पंजियार, सुमित्रा देवी ,सहित अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वाम जनवादी आंदोलनों को गहरा धक्का लगा है वह काफी साहसिक और मेधावी थे.

# दुल्लीपट्टी में भोजपुरी एलबम 'तोड़ देले कमरिया राजा जी'का भव्य प्रमोशन

**जयनगर (एनएसबी)।** दुल्लीपट्टी में भोजपुरी संगीत प्रेमियों के लिए एक खास और मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां चर्चित भोजपुरी एलबम ह्यतोड़ देले कमरिया राजा जीह्न के प्रमोशन को लेकर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। इसके बाद एलबम की सफलता और पूरी टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए केक कटिंग की गई। कार्यक्रम के दौरान एलबम के प्रोड्यूसर सुनील कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आसपास के क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, स्थानीय लोग और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों में भोजपुरी एलबम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। मुंबई में रहकर भोजपुरी सिनेमा के क्षेत्र में बना रहे पहचान कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जयनगर क्षेत्र के रहने वाले सुनील कुमार गुप्ता मुंबई पहुंचकर भोजपुरी फिल्म एवं एलबम निर्माण के क्षेत्र में लगातार काम कर रहे हैं। स्थानीय स्तर से निकलकर



कार्यक्रम में कलाकार

मनोरंजन जगत में अपनी पहचान बनाने की दिशा में उनका प्रयास क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है।

सुनील कुमार गुप्ता की इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। लोगों ने कहा कि अपनी मेहनत और लगन से वे लगातार आगे बढ़ रहे हैं और इसी तरह अपने क्षेत्र, प्रखंड एवं जिले का नाम रोशन करते रहें। एक गाना रिलीज, दूसरा जल्द होगा रिलीज आयोजकों की ओर से बताया गया कि भोजपुरी एलबम ह्यतोड़ देले कमरिया राजा जीह्न का एक गाना पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। वहीं एलबम का दूसरा गाना भी जल्द ही दर्शकों के बीच रिलीज किया जाएगा। रिलीज हो चुके गाने का वीडियो चैनल पर देखा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान एलबम से जुड़े कलाकारों और पूरी टीम के प्रयासों की भी सराहना की गई। दर्शकों ने एलबम को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए आने वाले गाने का इंतजार करने की बात कही। जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की रही मौजूदगी प्रमोशन कार्यक्रम में प्रोड्यूसर सुनील कुमार गुप्ता, रामजी प्रसाद गुप्ता, लीला देवी, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, उप मुखिया प्रमोद गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि सरोज यादव, उप सरपंच राम भजन मंडल, पूर्व मुखिया लक्ष्मी मंडल, पंचायत समिति सदस्य कमल देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य किशोर गुप्ता, वार्ड सदस्य चंदन गुप्ता, समाजसेवी शिवजी प्रसाद गुप्ता, राजदेव मंडल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एलबम ह्यतोड़ देले कमरिया राजा जीह्न की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि यह एलबम दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनाएगा और सुनील कुमार गुप्ता आने वाले समय में भोजपुरी मनोरंजन जगत में क्षेत्र का नाम और भी ऊंचा करेंगे।

# लोजपा (आर) विधायक अमित रानू के ठिकानों पर 4 घंटे तक चली छापेमारी

## जमीन विवाद में बेलसंड विधायक अमित रानू के भाई पर अहियापुर में दर्ज मामले में सर्च वारंट लेकर पहुंची पुलिस


बेलसंड विधायक के मुजफ्फरपुर स्थित आवास पर छापेमारी के लिए पहुंची पुलिस।


जमीन विवाद मामले की वस्तुस्थित की जानकारी और घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुँचे एसएसपी।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जमीन विवाद को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सीतामढ़ी जिले के बेलसंड विधायक अमित कुमार रानू के आवास पर रविवार को पुलिस ने लगभग 4 घंटे तक छापेमारी की। पुलिस की टीम सर्च वारंट लेकर विधायक के अहियापुर थाना अंतर्गत सरस्वती नगर स्थित आवास पर पहुंची और बेलसंड विधायक के घर तलाशी शुरू की। मामला विधायक के भाई सोनू सिंह से जुड़े जमीन विवाद का बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में विधायक के भाई समेत लगभग 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है।

मिली जानकारी के अनुसार, मामला जमीन पर कब्जे और बॉउंड्री तोड़ने के विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। दर्ज प्राथमिकी में बेलसंड विधायक के भाई पर आरोप है कि जमीन को लेकर विवाद के दौरान दबंगई की गई और जमीन की बॉउंड्री को तोड़ा गया। इसी मामले में विधायक के भाई सोनू सिंह समेत अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। बताया जा रहा है कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए न्यायलय से सर्च वारंट लेकर रविवार को बेलसंड विधायक के आवास पर छापामारी करने पहुंची थी। रविवार की सुबह तीन डीएसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल विधायक के आवास पर पहुंची। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचने से पहले विधायक के भाई सोनू सिंह वहां से फरार हो गया। वही पुलिस ने सर्च वारंट के साथ लगभग 4 घंटे तक विधायक के घर की तलाशी ली। इस दौरान मौके पर पहुँचे एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने भी दबँगों द्वारा चहारदिवारी तोड़े जाने का जायजा लिया तथा आसपास के जमीन मालिकों से वस्तुस्थित की जानकारी ली। एसएसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने जमीन से जुड़े दस्तावेज, स्टांप पेपर और हस्ताक्षर किया हुआ ब्लैक एग्रीमेंट पेपर जब्त किए हैं।

एसएसपी ने बताया कि अहियापुर थाना क्षेत्र के झपहां डीह में 20 अगस्त को जमीन विवाद को लेकर तोड़फोड़ की घटना सामने आई थी। आरोप है कि लोजपा आर के झंडे लगे कई गाड़ी से पहुंचे हथियारबंद लोगों ने जमीन की बाउंड्री और निमार्णाधीन ढांचे को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद 21 अगस्त को शिकायत दर्ज हुई और इसके बाद कई मामले दर्ज किए गए। एसएसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि पूरी कार्रवाई जमीन विवाद से जुड़ी है और जांच में विधायक तथा उनके भाई की संलिप्तता भी सामने आई हैं, जिसका साक्ष्य पुलिस के पास है। एसएसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस को एक स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर भी मिले हैं, जिसे पुलिस प्रथम दृष्टया संदिग्ध मान रही है। उन्होंने कहा कि इन साक्ष्यों के आधार पर सभी नामजद अभियुक्तों की संपत्ति और दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में विधायक, उनके भाई तथा समूह से जुड़े नामजद और अज्ञात लोगों के बैंक खातों के लेन-देन की भी जांच की जाएगी। संपत्ति के आकलन और जब्ती की कार्रवाई पर भी विचार किया जा रहा है। इस मामले की जानकारी आर्थिक अपराध इकाई को देने की बात भी कही गई है।

उधर अहियापुर पुलिस ने पुरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 20 अगस्त को अहियापुर थाना क्षेत्र के झपहां डीह में बड़ी संख्या में लोग जमीन पर पहुंचे थे। आरोप है कि जेसीबी की मदद से बाउंड्री और निमार्णाधीन हिस्से को तोड़ा गया। घटना के बाद जमीन मालिक की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं दर्ज प्राथमिकी के आधार पर आगे की कार्यवाई करते हुए पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में विधायक और उनके भाई की कथित संलिप्तता का उल्लेख सामने आने के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी आरोपों की जांच साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पिस्तौल-कारतूस बरामद; नन्हे सिंह व छोटू यादव गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सीतामढ़ी के बेलसंड से लोजपा (रामविलास) के विधायक अमित कुमार रानू से जुड़े ठिकानों पर मुजफ्फरपुर पुलिस की कार्रवाई के बाद मामला और गरमा गया है। जमीन विवाद से जुड़े मामले में पुलिस ने विधायक के मुजफ्फरपुर स्थित आवास पर कोर्ट के सर्च वारंट के आधार पर छापेमारी की।

**पुलिस की कार्रवाई के बाद मामला और गरमा गया**

रिपोर्टों के अनुसार, मामला जमीन की बाउंड्री तोड़े जाने और कथित कब्जे से जुड़ा है। इसी कार्रवाई के दौरान विधायक के सीतामढ़ी जिले के बेलसंड स्थित कार्यालय में भी तलाशी की गई। जहाँ से रविवार की शाम पुलिस ने एक पिस्तौल, एक मैगजीन और 9 कारतूस बरामद की है। वहीं नन्हे सिंह और छोटू यादव नामक दो लोगो को गिरफ्तार किए जाने की खबर मिली है। दोनों गिरफ्तार युवकों के विधायक अमित कुमार रानू के साथ बनाए गए रील वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मामले की पृष्ठभूमि में मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र का जमीन विवाद बताया जा रहा है। हलाकि पुलिस द्वारा इस मामले की समाचार लिखें जाने तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई थी।

## विधायक बोले-मेरे पास कोई बेनामी संपत्ति नहीं

**मुजफ्फरपुर।** लोजपा(आर) के बेलसंड विधायक अमित कुमार रानू ने पुलिस कार्रवाई को गलत करार दिया है। उनका कहना है कि उनके पास कोई बेनामी संपत्ति नहीं है और जमीन से उनका कोई लेन-देन नहीं है। विधायक ने आरोप लगाया कि जिस जमीन को लेकर विवाद है, उस पर उनकी पार्टी के एक नेता की जमीन पर कब्जे का मामला है और उन्होंने पहले भी पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी।विधायक का दावा है कि पुलिस की कार्रवाई उनके खिलाफ राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश है। हालांकि, पुलिस ने कहा है कि छापेमारी न्यायालय से प्राप्त सर्च वारंट के आधार पर की गई है और मामले की जांच जारी है।



# प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों ने खोला मोर्चा, काला बिल्ला लगा जताया विरोध

## मांगें न मानने पर हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी


काला बिल्ला लगाकर विरोध जताते जिले के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गण।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों ने अपनी लंबित सेवा और प्रशासनिक मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। लंबे समय से विभागीय स्तर पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए सभी अधिकारियों ने चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत करते हुए काला बिल्ला लगाकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया है। पदाधिकारियों का कहना है कि यदि सरकार ने उनकी वाजिब मांगों पर समय रहते ठोस फैसला नहीं लिया, तो वे राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन सामूहिक हड़ताल पर जाने को विवश होंगे।

अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं और सेवा संबंधी मांगों को विभागीय वरीय अधिकारियों तथा संबंधित मंत्रियों तक कई ज्ञापनों और बैठकों के जरिए पहुंचाया, लेकिन शासन स्तर से उनकी बातों को लगातार अनसुना किया जा रहा है। सरकार के उदासीन रवैये से नाराज होकर अधिकारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि काला बिल्ला विरोध के बाद भी यदि सरकार का रुख सकारात्मक नहीं रहा, तो पूरे प्रदेश का आपूर्ति संवर्ग पूर्ण कार्य बहिष्कार करेगा।

इसी क्रम में मुजफ्फरपुर जिले के पूर्वी और पश्चिमी अनुमंडलों के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जिला मुख्यालय पहुंचे और एक स्वर में विरोध दर्ज कराया। सभी पदाधिकारियों ने बांह पर काला बिल्ला बांधकर मीडिया से मुखातिब होते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को शासन के संज्ञान में लाना चाहते हैं, लेकिन सरकार की चुप्पी उन्हें सामूहिक अवकाश और हड़ताल की ओर धकेल रही है। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के संभावित सामूहिक हड़ताल पर जाने से राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली बुरी तरह चरमरा सकती है। आपूर्ति पदाधिकारियों की सीधी निगरानी में ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और राज्य की जनवितरण योजनाओं के तहत खाद्यान्न का आवंटन, उठान और वितरण संचालित होता है। हड़ताल की स्थिति में गोदामों से अनाज की निकासी और राशन दुकानों तक आपूर्ति ठप हो जाएगी, जिससे प्रदेश के लाखों गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी अनाज पहुंचना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

पदाधिकारियों ने एक बार फिर सरकार और संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप करने तथा वार्ता के जरिए मांगों का त्वरित समाधान निकालने की अपील की है। उन्होंने दोहराया कि यदि शासन ने उनकी मांगों को शीघ्र स्वीकार नहीं किया, तो राशन वितरण ठप होने और आम जनता को होने वाली सभी तरह की प्रशासनिक व व्यावहारिक कठिनाइयों की पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर ने किया बथुआ गाँव में वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर द्वारा बथुआ गाँव में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं सहयोगात्मक अवसर से जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को सेनेटरी पेड निर्माण, सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण तथा पौष्टीक पाउडर निर्माण जैसी उपयोगी कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को हुनर प्रदान कर उन्हें अपने स्तर पर


महिलाओ को सेनेटरी पेड निर्माण का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

आय के अवसर विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सक्षम बनाना है। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर की अध्यक्ष रोटेरियन रूपा सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को सक्षमता विकास से जोड़ना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों को बढ़ावा देता रहेगा। क्लब के सचिव रोटेरियन निशार्ग शंकर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को प्रायोगिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट मेंटररोटेरियन डॉ एच एन भारद्वाज ने प्रोजेक्ट को व्यवस्थि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में रूपा सिन्हा, निशर्ग शंकर, डॉ एच एन भारद्वाज, सुधीर कुमार सिंहा, बी एल लाहौड़ी, असिस्टेंट ग्वार्नर अजीत अग्रवाल, अजीत गौड़, रंजीत श्रीवास्तव, विजत कुमार, संजय चाचान, यदुनन्दन पंडित आदि उपस्थित थे।

**चार महीने से लापता लैपटॉप कारोबारी दंपति का शव बोचहां से बरामद, बनारस में जाकर छुपा था हत्यारा**

# गुत्थी सुलझी : संपत्ति के लोभ में छोटे भाई ने ही की हत्या


दम्पति के शव बरामदगी स्थल पर मौजूद पुलिस टीम और परिवार के लोग।


लैपटॉप कारोबारी मनोज भगत और उनकी पत्नी मीनू देवी। (फाइल फोटो)

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के भगत मार्केट से करीब चार महीने पहले लापता हुए लैपटॉप कारोबारी मनोज भगत और उनकी पत्नी मीनू देवी की गुमशुदगी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने रविवार को बोचहां थाना क्षेत्र के मुरादपुर में दरभंगा फोरलेन के किनारे स्थित जंगल से दोनों के शव बरामद किए। शव कंबल और बेडशीट में बंधे हुए मिले।

पुलिस के अनुसार, संपत्ति विवाद में दंपती की हत्या उनके छोटे भाई अविनाश उर्फ अनुज ने की थी। आरोपी को बनारस से बरामद करने के बाद पूछताछ की गई, जिसमें उसने हत्या की बात स्वीकार की है। एसडीपीओ टाउन-2 विनीता सिन्हा ने बताया कि 20 मई को दंपती के लापता होने के बाद उनकी पुत्री के आवेदन पर ब्रह्मपुरा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम गठित की गई थी। टीम बिहार के अलावा दूसरे राज्यों में भी छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान मनोज भगत का छोटा भाई अविनाश उर्फ अनुज भी चार जून को लापता हो गया। उसकी बहन सारिका ने भी उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने अनुज को बनारस से बरामद किया।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में अनुज ने बताया कि 19 मई की देर रात घर में संपत्ति को लेकर उसके भाई मनोज भगत और भाभी मीनू देवी से विवाद हुआ था। इसी दौरान दोनों की कथित रूप से हत्या कर दी गई। हत्या के बाद दोनों शवों को गाड़ी में रखकर बोचहां थाना क्षेत्र में सड़क किनारे जंगल में फेंक दिया गया और इसके बाद वह फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, मनोज भगत और उनकी पत्नी मीनू देवी 19-20 मई की दरमियानी रात अपने घर और मार्केट से अचानक लापता हो गए थे। दोनों के मोबाइल फोन भी लगातार बंद मिल रहे थे। काफी तलाश के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। आरोपी की निशानदेही पर रविवार को मुरादपुर में दरभंगा फोरलेन किनारे जंगल से दोनों शव बरामद किए गए। शव कंबल और बेडशीट में बंधे हुए थे। शव बरामद होने के बाद एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच के शुरूआती दौर में पुलिस को दंपती के घर के कमरे और छत पर खून के संदिग्ध छींटे मिले थे। एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। फॉरेंसिक जांच में खून इंसानी होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस समेत अन्य माध्यमों से जांच को आगे बढ़ाया।

दंपती की इकलौती बेटी शेफाली ने शुरूआत से ही अपने चाचा अनुज पर संदेह जताया था। उसने संपत्ति और जमीन-जायदाद पर कब्जे की नीयत से माता-पिता के अपहरण की आशंका जाहिर की थी। पुलिस ने इस एंगल को भी जांच में शामिल किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ाई। पुलिस अब बरामद साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। शवों की पहचान की पुष्टि के लिए डीएनए जांच समेत अन्य कानूनी प्रक्रियाएं भी कराई जा रही हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हत्या के पूरे घटनाक्रम और शवों को ठिकाने लगाने से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटा रही है। घटना के खुलासे के बाद ब्रह्मपुरा और अहियापुर इलाके में सनसनी फैल गई है, जबकि मृतक दंपती के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## श्रावणी मेला के मद्देनजर एसडीओ पूर्वी ने बाबा खगेश्वरनाथ महादेव मंदिर मतलुपुर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बंदरा प्रखण्ड के राजकीय मेला का दर्जा प्राप्त बाबा खगेश्वरनाथ महादेव मंदिर मतलुपुर का रविवार को एसडीएम पूर्वी आनंद उत्सव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रावणी मेला के अवसर पर उमड़ने वाली श्रद्धांलुओं की भीड़ के मद्देनजर की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर मंदिर समिति व स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विगत दिनों लखीसराय में हुई दुःखद घटना को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। सीसीटीवी से भीड़ की निगरानी के बीच जलाभिषेक में महिला और पुरूष का अलग लाइन रहेगा।

## पुलिस ने अभियान चला कर किया 19 मामलों का उदभेदन, 8 धराये

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पियर थाना परिसर में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह प्रभाकर के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि पियर, मुसहरी, हत्था, सकरा, बोचहां और मुरौल थाना में विगत दो माह से आंगनबाड़ी एवं घर मे चोरी की लगातार घटना हो रही थी. इस मामले को लेकर एसएसपी के निर्देश पर एक टीम गठित किया गया, जिसमें एसडीपीओ पूर्वी 1 एवं एसडीपीओ पूर्वी 2, पियर थानाध्यक्ष, मुशहरी थानाध्यक्ष, मुरौल ओपीध्यक्ष, बोचहां थानाध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी को शामिल किया गया। जिसका मोनिटरिंग मैं स्वयं कर रहा था। उन्होंने बताया कि गठित टीम द्वारा मानवीय एवं वैज्ञानिक बिंदु से सूचना एकत्रित कर कार्यवाही किया गया, जिसमें डीआईयू का सहयोग लेते हुए पियर थाना में 6, मुरौल ओपी में 1 एवं हत्था थाना में 1 कुल 8 लोगों की गिरफ्तारी की गई। जिनके स्वीकारोक्ति पर घटना में प्रयुक्त 4 बाइक,चोरी की गई 3 एलइडी, 3 बैट्री, 3 इन्वर्टर, एक सिलेंडर एवं चूल्हा, घर के बर्तन एवं कपड़े के साथ चोरी में इस्तेमाल की जाने वाली कटर एवं अन्य सामान बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पियर के 8, मुरौल के 2, बोचहां के 6, सकरा के 1, मुशहरी के 1 एवं हत्था के 1 यानि कुल 19 कांडो का उद्भेदन किया गया। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्यवाही जारी है। मौके पर सकरा इंस्पेक्टर किरण कुमारी, पियर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार, मुरौल ओपीध्यक्ष लखिन्द्र कुमार महतो,बोचहां थानाध्यक्ष यशवंत मिस्त्र, दरोगा अश्विनी कुमार, धीरेंद्र पासवान मौजूद थे।


जानकारी देते ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर।

# चंपारण सत्याग्रह में राजकुमार शुक्ल की भूमिका पर व्याख्यान



लंगट सिंह कॉलेज में कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** लंगट सिंह कॉलेज के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के तत्वावधान में पुस्तक परिचर्चा एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "चंपारण में नील संघर्ष के सिपाही (1867-1918)" शीर्षक पुस्तक पर विस्तृत चर्चा हुई, साथ ही "चंपारण सत्याग्रह में पंडित राजकुमार शुक्ल की भूमिका" विषय पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ इतिहासकार श्री भैरव लाल दास उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि की भूमिका में प्रो भोजनंदन प्रसाद सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. कनुप्रिया ने की। प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि चंपारण का नील संघर्ष भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा है। यह केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि सत्याग्रह के उस दर्शन का प्रारंभ बिंदु है, जिसने आगे चलकर संपूर्ण राष्ट्र को एकजुट किया। पंडित राजकुमार शुक्ल का समर्पण इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन की शुरूआत सदा साधारण जन से होती है। इतिहास विभाग इस प्रकार के शोधपरक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में ऐतिहासिक चेतना जागृत कर रहा है। आवश्यक है कि आज की युवा पीढ़ी इन गुमनाम नायकों के त्याग एवं संघर्ष से प्रेरणा ले और उसे अपने जीवन-मूल्यों में उतारे। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पुष्पा कुमारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन महज एक पुस्तक चर्चा नहीं, बल्कि उन गुमनाम नायकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्य वक्ता भैरव लाल दास ने व्याख्यान में पंडित राजकुमार शुक्ल के योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शुक्ल जी स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम किरण थे। उनके अथक एवं अनवरत प्रयासों ने ही महात्मा गांधी को चंपारण की धरती पर कदम रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि यदि पंडित शुक्ल का संकल्प न होता, तो संभवतः सत्याग्रह के इस स्वर्णिम अध्याय की रचना ही न हो पाती। उनकी निष्ठा और लगन आज भी यह सिखाती है कि सत्य एवं अहिंसा का मार्ग कितना सशक्त और प्रभावी हो सकता है। विशिष्ट अतिथि प्रो. भोजनंदन प्रसाद सिंह ने पुस्तक की विषय-वस्तु की सराहना करते हुए कहा कि यह कृति चंपारण के नील संघर्ष में सक्रिय रहे उन अनगिनत सिपाहियों की गाथा है, जिन्हें इतिहास के पन्नों में समुचित स्थान नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि जब वर्तमान युवा पीढ़ी इन ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत होगी, तब उसे यह अनुभूति होगी कि स्वतंत्रता संग्राम कितना व्यापक, सामूहिक और बहुआयामी था। संचालन डॉ राजीव कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दिलीप कुमार यादव ने किया। मौके पर पीजी इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. रेनू कुमारी, प्रो. एसआर चतुर्वेदी, डॉ संतोष कुमार अनल, डॉ धीरेंद्र कुमार, डॉ आनंद कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीतामढ़ी के निवर्तमान जिलाधिकारी रिची पांडेय को दी गई भावभीनी विदाई

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी के निवर्तमान जिलाधिकारी रिची पांडेय का विदाई समारोह रविवार को डुमरा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, उप विकास आयुक्त श्वेता भारती सहित जिले के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर श्री पांडेय के माता-पिता भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री पांडेय ने



समारोह को सम्बोधित करते निवर्तमान जिलाधिकारी रिची पांडेय व मंचासीन अन्य।

सीतामढ़ी में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जिले में विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियां किसी एक व्यक्ति के प्रयास का परिणाम नहीं हैं, बल्कि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास, बेहतर समन्वय और सकारात्मक सोच का नतीजा हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मियों से मिले सहयोग, स्नेह और विश्वास को वे हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों को आगे भी इसी टीम भावना और समन्वय के साथ जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की। साथ ही अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार जताया। समारोह में अधिकारियों एवं कर्मियों ने श्री पांडेय के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सरल एवं सहज व्यवहार, कुशल नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को याद किया। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

### मुजफ्फरपुर के उमेश कुमार और कुंदन राज ने राज्य मास्टर्स तैराकी में जीते सात पदक

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार तैराकी संघ के तत्वावधान में पटना के बांकीपुर स्विमिंग क्लब में रविवार को 23वीं राज्य मास्टर्स तैराकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में तैराकी प्रशिक्षकों एवं वरिष्ठ तैराकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ तैराक उमेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए। 50-54 आयु वर्ग में उन्होंने 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्ण पदक तथा 50 मीटर बैकस्ट्रोक और 50 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। वहीं, उच्च विद्यालय देवरिया के खेल शिक्षक कुंदन राज ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 40-44 आयु वर्ग में तीन पदक जीते। उन्होंने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक तथा 50 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रकार दोनों तैराकों ने प्रतियोगिता में कुल सात पदक जीतकर मुजफ्फरपुर का गौरव बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर जिला तैराकी संघ के चेयरमैन राजेश कुमार, अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद एवं स्विमफीट के आभास कुमार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



तैराकी प्रतियोगिता हासिल अपने अपने पदक दिखाते दोनों तैराक व अन्य।

### 25 अगस्त को अतिथि प्राध्यापक पटना में संघर्ष का करेंगे शंखनाद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के आह्वान पर 25 अगस्त 2026 को जेपी गोलंबर गांधी मैदान से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक राज्य के हजारों अतिथि प्राध्यापक शांतिपूर्ण पैदल मार्च में हिस्सा लेंगे। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी सेवा की स्थिरता, भविष्य की सुरक्षा और नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते रहे हैं। बिहार विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ ललित किशोर ने कहा कि अतिथि प्राध्यापकों की नियुक्ति यूजीसी मानदंडों के अनुसार आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए विश्वविद्यालय चयन समिति द्वारा किया गया है। विगत वर्षों में उच्च शिक्षा को गति प्रदान करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जब विपक्ष में थे तो विधानसभा के मुख्य द्वार पर बैनर के साथ अतिथि प्राध्यापकों की सेवा नियमितीकरण का समर्थन किया था। आज वे सत्ता में है मगर इनकी सेवा नियमितीकरण पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अतिथि प्राध्यापकों के सब्र का बांध टूट चुका है। इसलिए 25 अगस्त को पूरे बिहार के हजारों अतिथि प्राध्यापक पटना गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च में शामिल होंगे। उस दिन यदि मांगे नहीं मानी गई तो अगले दिन से पटना के गर्दनीबाग में बिहार के सभी अतिथि प्राध्यापक भूख हड़ताल और आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। बिहार विश्वविद्यालय के महासचिव डॉ राघव मणि, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ नीतेश कुमार, संयोजक डॉ सर्वेश्वर कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार, सचिव डॉ राकेश रंजन, कानूनी सलाहकार डॉ संजय कुमार यादव, डॉ रामकृष्ण, डॉ मौमिता बनर्जी, डॉ रंजीत कुमार, डॉ दिगंबर झा, डॉ मिंटू कुमारी, डॉ सीमा सिंह, डॉ मीनू कुमारी समेत विभिन्न कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने सभी अतिथि प्राध्यापकों से पटना चलने का आह्वान किया है।

# शहीद रामफल मंडल का जीवन देशभक्ति, साहस और विचारों की दृढ़ता का प्रतीक : निशांत कुमार


प्रतिमा का अनावरण के दौरान अमर शहीद रामफल मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित करते स्वास्थ्य मंत्री निशांत।


स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार का स्वागत करते आयोजन समिति के प्रतिनिधि व अन्य।।


कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के आगमन पर जनप्रतिनिधि, विधायक व बड़ी संख्या में उपस्थित लोग।

**बाजपट्टी/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस के अवसर पर रविवार को बाजपट्टी प्रखंड के मधुरापुर स्थित शहीद रामफल मंडल ग्राउंड में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने विधिवत प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित शहीदी मेला में बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष सियाराम मंडल ने की। प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि जो देश और समाज अपने महापुरुषों के इतिहास एवं उनके बलिदान को भूल जाता है, इतिहास भी उसे भुला देता है। उन्होंने कहा कि शहीद रामफल मंडल का जीवन देशभक्ति, साहस और विचारों की दृढ़ता का प्रतीक है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 24 अगस्त 1942 को तत्कालीन अंग्रेजी शासन के एसडीओ और पुलिसकर्मी की हत्या के आरोप में शहीद रामफल मंडल को 23 अगस्त 1943 को भागलपुर सेंट्रल जेल में फांसी दी गई थी।

**स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने किया शहीद रामफल मंडल की प्रतिमा का अनावरण, शहीदी मेला में उमड़ा जनसैलाब**

उन्होंने कहा कि मुकदमे के दौरान देश के जाने-माने अधिवक्ताओं द्वारा बार-बार झूठ बोलने की सलाह दिए जाने के बावजूद रामफल मंडल अपने विचारों और सत्य पर अडिग रहे। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

मंत्री ने शहीद रामफल मंडल की जीवनी पर शोध एवं लेखन करने वाले बिनोद बिहारी मंडल के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को सामने लाने के लिए शोध कार्य लगातार जारी रहना चाहिए।

**शहीद की स्मृति को स्थायी बनाने की मांग:** कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से शहीद रामफल मंडल के सम्मान और उनकी स्मृति को स्थायी रूप से संरक्षित करने को लेकर कई मांगें रखी गईं। इनमें शहीदी मेला को राजकीय मेला का दर्जा देने, शहीद रामफल मंडल की जीवनी को विद्यालयों की पाठ्य-पुस्तकों में शामिल करने, सीतामढ़ी जिला मुख्यालय में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने, मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम शहीद के नाम पर करने, निमार्णाधीन बस अड्डे का नाम शहीद रामफल मंडल के नाम पर रखने, उनके परिजनों को सरकारी सुविधाओं का लाभ देने तथा पटना में उनकी प्रतिमा एवं संस्थान स्थापित करने की मांग शामिल रही। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने आयोजन समिति की मांगों को गंभीरता से लेते हुए अपने स्तर से इन्हें पूरा कराने की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन विभाग के मंत्री दामोदर रावत ने शहीद रामफल मंडल के विचारों और उनके बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि एवं अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बलराम मंडल ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए बिहार सरकार से आयोजन समिति की मांगों को पूरा करने की अपील की।

समारोह में समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता, विधान पार्षद ललन मंडल, रेखा कुमारी, भारती मेहता, विधायक पंकज मिश्रा, नागेंद्र राउत, पूर्व सांसद रामकुमार शर्मा, पूर्व विधान पार्षद राजकिशोर कुशवाहा, पूर्व मंत्री डॉ. रंजू गीता सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बिहार के विभिन्न जिलों से आए सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को पंकज मिश्रा, रेखा कुमारी, रामकुमार शर्मा, डॉ. रंजू गुप्ता, ललन प्रसाद मंडल, सत्येंद्र कुशवाहा, अभिषेक झा, बबलू मंडल, भारत मंडल, रामसूरत मंडल और निरंजन मंडल सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। शहीदी मेला में उमड़ी भीड़ ने शहीद रामफल मंडल के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा और सम्मान को प्रदर्शित किया।

## तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से युवक की से बुरी तरह जख्मी एक युवक की मौके पर ही मौत


रोते बिलखते मृतक के परिजन व अन्य।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शहर के मुख्य पथ में कस्टम कार्यालय के पास तेज रफ्तार एक वाहन की ठोकर से बुरी तरह जख्मी एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी है। परिजन में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड-15 कवाड़ी टोला निवासी मो.जमीर का 19 बर्षीय पुत्र मो.समीउल्लाह को बौरगनिया-गौर (नेपाल) मुख्य पथ में कस्टम कार्यालय के समीप शनिवार की रात करीब 9.30 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ठोकर मारकर बुरी तरह जख्मी कर फरार हो गया। घटना के समय बारिश हो रही थी जिसके कारण सड़क पर कोई भी व्यक्ति नहीं थे जिसके कारण जख्मी युवक का खून इतना बह गया कि सूचना पर जबतक परिजन पहुँचे उन्हें लगा कि उसकी मौत हो चुकी है हालांकि घटनास्थल पर थाना पुलिस भी पहुँची और जख्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहाँ चिकित्सक ने समीउल्लाह को मृत घोषित कर दिया।पुलिस कानूनी करवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहाँ से पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुँचते ही गांव में मातम छा गया। मृतक के माता, पिता सहित परिजन के रुदन से सभी की आँखे नम हो गयी। इधर गांव के आक्रोशित लोग घटना को लेकर पुलिस पर शिथिलता का आरोप लगाते हुए शव के साथ पटेल चौक को जान करने का मन बनाने लगे तभी प्रबुद्ध लोगों की सूझबूझ एवं थाना द्वारा घटना की समुचित जांच कर दोषी वाहन व उसके चालक को चिन्हित कर करवाई का भरोसा दिया ततपश्चात शव का अंतिम संस्कार किया गया है।थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने बताया कि मृतक के पिता मो. जमीर के आवेदन पर कांड दर्ज कर पुलिस गहन छानबीन में जुट चुकी है।

**घटना के समय बारिश हो रही थी जिसके कारण सड़क पर कोई भी नहीं था**

**जख्मी युवक का खून इतना बह गया कि जबतक परिजन पहुँचे उसकी मौत हो गयी**

## मेरा युवा भारत ने शुरू किया राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों का 6 दिवसीय आवासीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत (माइ भारत), सीतामढ़ी के तत्वावधान में सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले के चयनित राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के लिए 6 दिवसीय आवासीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायेट), सीतामढ़ी में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 अगस्त से 27 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है।

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर युवा स्वयंसेवक चयन समिति के सदस्य श्री चूनचून जी एवं श्री आदित्य जी सहित अन्य अतिथिगण, मेरा युवा भारत के अधिकारी एवं प्रशिक्षण में भाग ले रहे स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**सीतामढ़ी में युवा क्लब भ्रमण एवं संवाद कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण का शुभारंभ, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने किया उद्घाटन**

उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत, दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम्, प्रतिभागियों का परिचय, प्रशिक्षण से पूर्व मूल्यांकन तथा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं अपेक्षाओं पर चर्चा की गई। प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, समयबद्धता, शिष्टाचार, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया।

इस अवसर पर सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित न रखें, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने युवाओं से अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

मेरा युवा भारत, सीतामढ़ी के उपनिदेशक राकेश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण युवाओं को केवल योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार युवा स्वयंसेवक, प्रभावी नेतृत्वकर्ता और सामाजिक परिवर्तन के वाहक के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन स्वयंसेवकों को विभिन्न सत्रों के माध्यम से व्यापक जानकारी दी गई।


कार्यक्रम में उपस्थित सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, विभागीय अधिकारी व अन्य।

प्रशिक्षण की शुरूआत प्रतिभागियों के आगमन, पंजीकरण, अपेक्षाओं के संकलन एवं प्रशिक्षण किट वितरण से हुई।

इसके बाद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा मेरा युवा भारत (माइ भारत) के परिचय, माइ भारत के विजन, मिशन एवं संरचना, माइ भारत की विभिन्न गतिविधियों तथा ठरर, एनएसएस स्काउट्स एंड गाइड्स , युथ क्लब्स, यूएनभी एवं एनजीओज सहित युवा क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं के साथ समन्वय जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

दोपहर के सत्र में नेशनल युथ कोर (एनवाईसी) स्कीम के अंतर्गत नेशनल युथ कोर /एनवाईभी की भूमिका, उद्देश्य एवं दायरा, एनवाईसी पोर्टल तथा युवा स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद ह्ववालंटियरिंग एज ए टूल फॉर लीडरशिप डेवलपमेंट ह्व विषय पर स्वयंसेविता, नेतृत्व विकास, सामाजिक परिवर्तन एवं राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका, युवा को चेंज एजेंट के रूप में विकसित करने तथा स्वयंसेवकों के लिए आवश्यक कौशल पर विस्तार से चर्चा हुई।

दिन के अंतिम सत्र में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों में टीम भावना, रचनात्मकता एवं सहभागिता की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को समूह आधारित गतिविधियों, संवाद, अनुभव साझा करने तथा व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से सीखने का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। छह दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को माइ भारत एवं युवा कार्यक्रमों की समझ, नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, स्वयंसेविता, सामाजिक उत्तरदायित्व, युवा क्लबों के साथ कार्य, टीम निर्माण, संचार कौशल, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से संबंधित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों एवं रिसोर्स पर्सन्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# मां जानकी की प्राकट्यभूमि सीतामढ़ी में गूंजा श्रीजानकी कथा का संदेश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मां जानकी की पावन प्राकट्यभूमि सीतामढ़ी के सुहई (प्रेमनगर) स्थित श्रीरामजानकी मठ में पिछले दो दिनों से चल रही ह्यश्रीजानकी कथाह्न भावपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। रामायण रिसर्च काउंसिल के तत्त्वावधान में आयोजित इस कथा में अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान मां जानकी के जीवन, उनके व्यक्तित्व और उनके जीवन-दर्शन के विभिन्न आयामों को सामने रखते हुए यह संदेश दिया गया कि श्रीसीता भारतीय संस्कृति में नारी की गरिमा, शक्ति, धैर्य और आत्मनिर्णय की शाश्वत प्रतीक हैं।

कथा के अंतिम दिवस 12 वर्षीय बाल व्यास वैदेहीनंदन पंडित वेदांतजी ने मां जानकी के जीवन से जुड़े प्रसंगों को अपनी विशिष्ट शैली में प्रस्तुत किया। कथा के दौरान उन्होंने मां सीताजी के व्यक्तित्व को केवल एक आदर्श पत्नी या आदर्श नारी की सीमित भूमिका में न देखकर उनके व्यापक स्वरूप को सामने रखा। उन्होंने बताया कि मां जानकी के जीवन में शक्ति और शील, करुणा और साहस, त्याग और आत्मसम्मान तथा मयार्दा और दृढ़ संकल्प एक साथ दिखाई देते हैं।

बाल व्यास वैदेहीनंदन वेदांतजी ने कहा कि मां जानकी का जीवन हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, मनुष्य को अपने आत्मबल और मूल्यों का त्याग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां जानकी का चरित्र भारतीय नारी को कमजोर या परिस्थितियों की आश्रित नहीं, बल्कि अपने निर्णयों और अपने मूल्यों के प्रति सजग, दृढ़ और समर्थ व्यक्तित्व के रूप में देखने की दृष्टि प्रदान करता है।

उन्होंने मां जानकी के प्राकट्य-क्षेत्र सीतामढ़ी की विशेष महत्ता पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस भूमि से मां जानकी के जीवन की स्मृति जुड़ी हुई है, उस भूमि से उनके जीवन-संदेश का प्रसार पूरे समाज के लिए प्रेरणा का विषय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां जानकी के जीवन को केवल पूजा और आस्था तक सीमित न रखकर उनके जीवन-मूल्यों को परिवार, समाज और नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता है। दो दिवसीय कथा के दौरान


व्यासपीठ पर बाल व्यास वैदेहीनंदन वेदांतजी।


कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कथा श्रवण को लेकर उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं।

महिलाओं और युवाओं की विशेष उपस्थिति देखने को मिली। कथा में यह विचार प्रमुखता से सामने आया कि आज की पीढ़ी के लिए मां जानकी का जीवन केवल अतीत की गौरवगाथा नहीं, बल्कि वर्तमान जीवन की चुनौतियों के बीच आत्मसम्मान, संयम, साहस और सही निर्णय लेने की प्रेरणा भी है। श्रद्धालुओं ने कथा के समापन अवसर पर मां जानकी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने तथा उनकी जन्मभूमि के गौरव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

रामायण रिसर्च काउंसिल के सीतामढ़ी जिला संगठन प्रभारी नीरज गोयनका ने कहा कि ह्यश्रीजानकी कथाह्न के माध्यम से सीतामढ़ी की धरती से एक ऐसे विचार को समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है, जिसमें आस्था के साथ सामाजिक चेतना भी जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक श्रद्धालुओं की जिस प्रकार की सहभागिता रही, वह इस बात का प्रमाण है कि मां जानकी के जीवन और उनके संदेश के प्रति समाज में गहरी आस्था और जिज्ञासा है। उन्होंने कहा कि काउंसिल इस पहल को केवल एक आयोजन तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि इसे निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी।

श्रीरामजानकी मठ जीर्णोद्धार समिति (सीतामढ़ी) के प्रभारी विजय कुमार ने कहा कि मां जानकी की प्राकट्यभूमि को उसकी वास्तविक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान दिलाने के लिए अनेक स्तरों पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि श्रीरामजानकी मठ और सीतामढ़ी से जुड़े धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण, मां जानकी के जीवन-दर्शन पर शोध तथा उनके संदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार की दिशा में आगे भी प्रयास जारी रहेंगे।

सीता सखी समिति की राष्ट्रीय समिति की सदस्या डॉ. अंजना प्रकाश ने कहा कि रामायण रिसर्च काउंसिल का प्रयास है कि सीतामढ़ी केवल मां जानकी की प्राकट्यभूमि के रूप में ही नहीं, बल्कि भारतीय नारी-शक्ति, सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विश्व के सामने अपनी पहचान स्थापित करे। दो दिवसीय ह्यश्रीजानकी कथाह्न के सफल आयोजन के लिए रामायण रिसर्च काउंसिल की ओर से सुशीला, ऋषि, लव, रत्नेश, मधुसूदन, चंदन आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## सम्पादकीय

# शिक्षा व्यवस्था में आयेगी पारदर्शिता और जवाबदेही

बिहार में शिक्षा व्यवस्था को अधिक आधुनिक, पारदर्शी, जवाबदेह और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। राज्य के विद्यार्थियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थी सहयोग पोर्टल एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक, छात्रावास एवं अन्य समस्याओं तथा सुझावों का त्वरित समाधान करना है। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क और गोपनीय है । विद्यार्थी सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नम्बर 1100 उपलब्ध है। छात्रों की शिकायतों पर 10 दिनों में कार्रवाई शुरू न होने पर 11वें दिन मुख्यमंत्री कार्यालय से स्वतः नोटिस जारी होगा और अधिकतम 30 दिनों के भीतर हर हाल में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर कभी भी ऑनलाइन परिवाद दर्ज कर सकते हैं। परिवाद दर्ज करने की तिथि से 30 दिनों के अंदर उनका निष्पादन सुनिश्चित कर आवेदक को लिखित सूचना दी जायेगी। हर महीने के चौथे मंगलवार को शिक्षण संस्थानों में शिविर आयोजित होंगे, जहां छात्र सीधे अपनी समस्याएं और सुझाव रख सकेंगे। 25 अगस्त से बिहार के सभी स्कूलों एवं छात्रावासों में विद्यार्थी सहयोग अभियान शुरू किया जायेगा।

सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त 6.42 लाख आवेदनों में 96 प्रतिशत मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित नोटिस प्रणाली लागू की गई है। शिकायत पर 10 दिन तक कार्रवाई नहीं होने पर 11वें दिन स्वतः पहला नोटिस, 20वें दिन दूसरा और 25वें दिन तीसरा नोटिस जारी होता है। इसके बाद भी 30 दिन तक समाधान नहीं होने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की व्यवस्था है। इससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूती मिलेगी।

सरकार का लक्ष्य बिहार के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनके अपने राज्य में उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए बाहर जाने की मजबूरी न हो। इसी उद्देश्य से उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जा रहा है। आजादी के बाद लंबे समय तक राज्य में सरकारी डिग्री कॉलेजों की संख्या सीमित रही, लेकिन अब एक साथ 211 नए डिग्री कॉलेज खोलने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। साथ ही 342 बीएड कॉलेजों में डिग्री पाठ्यक्रम की सहमति से उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार किया जा रहा है।

बिहार में विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा को अधिक किफायती बनाया जा रहा है। 10 रूपये में इंजीनियरिंग और 5 रूपये में पॉलिटेक्निक शिक्षा जैसी पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से करीब 18,000 करोड़ रूपये की सहायता उपलब्ध कराई गई है। 534 प्रखंडों और प्रमुख शहरों को मिलाकर 551 स्थानों पर मॉडल स्कूल व्यवस्था विकसित करने तथा विद्यार्थियों को घर से पढ़ाई के लिए लाइव शिक्षक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। बिहार की प्रगति में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनबाड़ी, पोषण, पोशाक तथा मैट्रिक, इंटर और स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं के लिए प्रोत्साहन योजनाओं के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायता दी जा रही है। सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत तथा पंचायती राज एवं स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण ने उनकी भागीदारी को नई मजबूती दी है।

बिहार आज विकास और परिवर्तन के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। झारखंड विभाजन के समय लगभग 6 हजार करोड़ रूपये के बजट से आगे बढ़ते हुए राज्य का बजट अब 3 लाख 47 हजार करोड़ रूपये के स्तर तक पहुंचा है। बिहार की पहचान केवल अपने वर्तमान विकास से नहीं, बल्कि पाटलिपुत्र, नालंदा, विक्रमशिला और आचार्य चाणक्य की महान ज्ञान परंपरा से भी है। इस गौरवशाली विरासत को आधुनिक विकास से जोड़ते हुए बिहार को विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी है।

विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ही बिहार की समृद्धि और विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा। सरकार का संकल्प है कि बिहार का कोई भी विद्यार्थी अवसरों के अभाव में पीछे न रहे और शिक्षा, कौशल एवं रोजगार के माध्यम से अपने भविष्य के साथ-साथ राज्य और देश के भविष्य को भी नई दिशा दे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी समस्यायें और सुझाव खुलकर सरकार तक पहुँचायें। बिहार के विद्यार्थी आगे बढ़ेंगे तभी बिहार समृद्ध होगा और विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

# लोकतंत्र की नैतिक परीक्षा



निलेश देसाई

महात्मा गांधी ने सत्याग्रह को कभी आंदोलन की तकनीक नहीं माना। उनके लिए सत्याग्रह सत्य की खोज, आत्मबल की अभिव्यक्ति और लोकतंत्र की नैतिक चेतना को जागृत करने का माध्यम था। वे कहते थे कि जब कोई व्यक्ति बिना घृणा, बिना हिंसा और बिना प्रतिशोध के अन्याय का सामना करते हुए स्वयं कष्ट सहता है, तो वह केवल शासक से नहीं, बल्कि पूरे समाज की अंतरात्मा से संवाद करता है।

सत्याग्रह का उद्देश्य प्रतिद्वंद्वी को पराजित करना नहीं, बल्कि उसके भीतर सोई हुई नैतिक संवेदना को जगाना है। यही कारण है कि सत्याग्रह केवल सत्याग्रही के साहस पर निर्भर नहीं करता। उसकी सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि समाज, मीडिया और शासन उस पीड़ा को देखने, समझने और उसका उत्तर देने के लिए तैयार हैं या नहीं। यदि सुनने की यह क्षमता कमजोर पड़ जाए तो सत्याग्रह का नैतिक प्रभाव भी क्षीण होने लगता है।

हाल के वर्षों में शिक्षा, पर्यावरण, कृषि, रोजगार, भूमि अधिकार और क्षेत्रीय स्वायत्तता जैसे अनेक मुद्दों पर शांतिपूर्ण धरने, पदयात्राएँ और अनशन हुए हैं। इनमें से कुछ को व्यापक समर्थन मिला, कुछ को सीमित ध्यान मिला और कुछ लगभग सार्वजनिक विमर्श से बाहर रह गए, लेकन इनसे अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या आज भी अहिंसक प्रतिरोध लोकतांत्रिक निर्णय-प्रक्रिया को प्रभावित करने की क्षमता रखता है यह प्रश्न केवल किसी एक आंदोलन या सरकार का नहीं है। यह भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का प्रश्न है।

भारत का स्वतंत्रता संग्राम विश्व इतिहास का शायद सबसे बड़ा अहिंसक जनांदोलन था। गांधी ने यह स्थापित किया कि जनता की नैतिक शक्ति किसी भी साम्राज्य की राजनीतिक शक्ति से बड़ी हो सकती है। स्वतंत्रता के बाद भी इसी परंपरा ने भूदान आंदोलन, चिपको, सूचना के अधिकार, नर्मदा बचाओ आंदोलन, जनलोकपाल आंदोलन और अनेक स्थानीय जनसंघर्षों को दिशा दी। इन आंदोलनों ने लोकतंत्र को कमजोर नहीं कियाय बल्कि उसे अधिक उत्तरदायी बनाया।

इतिहास यह भी बताता है कि सत्ता और जनांदोलनों के बीच तनाव हमेशा रहा है। औपनिवेशिक शासन ने गांधी और लोकमान्य तिलक पर देशद्रोह के मुकदमे चलाए। स्वतंत्र भारत में भी अलग-अलग विचारधाराओं की सरकारों ने विभिन्न आंदोलनों को संदेह की दृष्टि से देखा। इसलिए यह प्रश्न किसी एक दल या सरकार का नहीं, बल्कि उस लोकतांत्रिक संस्कृति का है जिसमें असहमति को सम्मानपूर्वक सुनना धीरे-धीरे कठिन होता जा रहा है।

डिजिटल युग ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। आज सूचना पहले पहुँचती है और समझ बाद में बनती है। सोशल मीडिया ने नागरिकों को अभिव्यक्ति का अभूतपूर्व अवसर दिया है, लेकिन उसी के साथ समाज वैचारिक खेमों में भी बँट गया है। किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन उसके तर्कों से पहले उसकी राजनीतिक पहचान के आधार पर होने लगता है। परिणामस्वरूप संवाद की बजाए आरोप-प्रत्यारोप उसका स्थान ले लेते हैं।

लोकतंत्र में असहमति होना स्वाभाविक है। हर आंदोलन सही हो, यह आवश्यक नहीं। हर मांग स्वीकार हो, यह भी संभव नहीं। किसी भी लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात से मापी जाती है कि वह असहमति का उत्तर किस प्रकार देता है। क्या वह संवाद करता है क्या वह तथ्यों के आधार पर बहस करता है या फिर वह विरोध करने वाले की नीयत पर ही प्रश्नचिन्ह लगा देता है।

> गांधी के समय चरखा, 'दांडी यात्रा' और पदयात्राएँ प्रतीक बने थे। आज डिजिटल अभियान, नागरिक नेटवर्क, सामुदायिक संवाद, जनसुनवाई और सोशल मीडिया माध्यम बन रहे हैं। अहिंसा समाप्त नहीं होती, वह अपने स्वरूप बदलती है, किंतु उसका नैतिक आधार वही रहता है सत्य, आत्मानुशासन और संवाद।

गांधी का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने राजनीति को नैतिकता से जोड़ा। उन्होंने यह विश्वास पैदा किया कि बिना हिंसा के भी अन्याय का प्रतिरोध किया जा सकता है। यदि यह विश्वास कमजोर पड़ने लगे कि शांतिपूर्ण प्रतिरोध का कोई अर्थ नहीं रह गया है, तो इसका असर केवल आंदोलनों पर नहीं पड़ेगाय यह लोकतंत्र की बुनियाद को प्रभावित करेगा।

ऐसी स्थिति में समाज सामान्यतः तीन दिशाओं में बढ़ता है पहली है उग्रता। जब लोगों को लगता है कि शांतिपूर्ण मार्ग से कुछ नहीं बदलता, तब कुछ लोग हिंसक या कट्टर रास्तों की ओर आकर्षित हो सकते हैं। इतिहास में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। दूसरी है, उदासीनता। लोग यह मान लेते हैं कि उनकी आवाज का कोई महत्व नहीं है। वे सार्वजनिक जीवन से दूरी बना लेते हैं। यह मौन लोकतंत्र के लिए उतना ही खतरनाक है जितनी हिंसा, क्योंकि इससे जवाबदेही की संसति कमजोर होती है।

तीसरी दिशा आशा की है। प्रत्येक पीढ़ी अपने समय के अनुरूप प्रतिरोध के नए माध्यम खोजती है। गांधी के समय चरखा, 'दांडी यात्रा' और पदयात्राएँ प्रतीक बने थे। आज डिजिटल अभियान, नागरिक नेटवर्क, सामुदायिक संवाद, जनसुनवाई और सोशल मीडिया माध्यम बन रहे हैं। अहिंसा समाप्त नहीं होती, वह अपने स्वरूप बदलती है, किंतु उसका नैतिक आधार वही रहता है सत्य, आत्मानुशासन और संवाद। यहीं लोकतंत्र की असली परीक्षा आरंभ होती है।

क्या हमारी संसद, हमारी सरकारें, हमारा मीडिया और हमारा नागरिक समाज ऐसी आवाजों को सुनने की संवेदनशीलता बनाए रख पाया है । क्या हम असहमति को लोकतंत्र का स्वाभाविक अंग मानते हैं या उसे संकट के रूप में देखने लगे हैं।

सत्याग्रह का अर्थ केवल विरोध नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नैतिक परीक्षा भी है। जब कोई नागरिक बिना हिंसा के अपनी पीड़ा लेकर समाज और सत्ता के सामने बैठता है, तब केवल सरकार ही नहीं, पूरा समाज परीक्षा में होता है। प्रश्न यह नहीं कि हम उस आंदोलन से सहमत हैं या असहमत। प्रश्न यह है कि क्या हम उसे सुनने के लिए तैयार हैं। लोकतंत्र केवल मतदान से नहीं चलता। वह इस भरोसे से चलता है कि यदि कोई नागरिक शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखेगा, तो उसकी बात सुनी जाएगी। यदि यह भरोसा टूटता है, तो सबसे बड़ी हार किसी आंदोलन की नहीं होतीय लोकतंत्र की होती है।

दुर्भाग्य से आज असहमति को विचारों के मतभेद के रूप में नहीं, बल्कि विरोधी के प्रति नफरत के रूप में देखने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। असहमति से नफरत का यह दौर लोकतंत्र की जड़ों को हिला रहा है। लोकतंत्र वहीं जीवित रहता है जहाँ विचारों का संघर्ष होता है, व्यक्तियों का नहीं। आज आवश्यकता केवल गांधी को याद करने की नहीं है, बल्कि उनके उस नैतिक आग्रह को पुनर्जीवित करने की है जिसमें विरोधी भी शत्रु नहीं, संवाद का सहभागी होता है। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी आर्थिक वृद्धि या सैन्य क्षमता से नहीं, बल्कि अपनी आलोचना को सुनने, असहमति का सम्मान करने और आवश्यकता पड़ने पर स्वयं को सुधारने की क्षमता से मापी जाती है। सत्याग्रह इसलिए अतीत की विरासत भर नहीं है। वह भविष्य के लोकतंत्र की भी अनिवार्य शर्त है।

***(देसाई झाबुआ जिले के 'संपर्क' संस्था के संस्थापक निदेशक हैं। वे 'जमनालाल बजाज' पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं)***

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## डा. आरती कुमारी 'मधुकर शब्द अर्चना सम्मान' से सम्मानित



**साहित्य-सृजन** के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुजफ्फरपुर की साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डा. आरती कुमारी को प्रतिष्ठित 'मधुकर शब्द अर्चना सम्मान' से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश के दतिया में 23 अगस्त 2026, रविवार को आयोजित राष्ट्रीय मधुकर अलंकरण समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

यह सम्मान उन्हें इंटेक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, रामलली शर्मा, अपर कलेक्टर छतरपुर श्री नमः शिवाय अरजरिया, रामायण केंद्र भोपाल के निदेशक डा. राजेश श्रीवास्तव एवं संस्था के अध्यक्ष विनोद मिश्र के द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। सम्मान में अंगवस्त्र, में, श्रीफल एवं सम्मान राशि प्रदान की गई।

डा. आरती कुमारी वर्तमान में रामदयालु सिंह महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षा एवं अकादमिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका के साथ वे लंबे समय से साहित्य-सृजन से भी जुड़ी हुई हैं। कविता, गीत और गजल के क्षेत्र में उनकी अब तक छह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने साहित्यिक पुस्तकों एवं संकलनों के संपादन का कार्य भी किया है। मुजफ्फरपुर के साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

# नालंदा की ज्ञान-परम्परा का आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ आवश्यक : संजय पंकज

## अभ्युदय बिहार इकाई के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परम्परा में नालंदा विषयक वेबिनार आयोजित




भारतीय ज्ञान परम्परा और नालंदा विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया।

अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय संस्थान की बिहार-झारखंड शाखा के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परम्परा और नालंदा विषय पर एक महत्वपूर्ण वेबिनार का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता प्रसिद्ध साहित्यकार एवं चिंतक डा. संजय पंकज ने कहा कि नालंदा भारतीय ज्ञान परम्परा की उस व्यापक दृष्टि का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें ज्ञान को सीमाओं से मुक्त रखकर मानव कल्याण से जोड़ा गया था। भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित वैज्ञानिक दृष्टि, तर्कशीलता, बहुविषयक अध्ययन, नैतिक मूल्यों और वैश्विक बंधुत्व की भावना आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

नालंदा कॉलेज शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय संस्थान की बिहार-झारखंड शाखा के अध्यक्ष डा. ध्रुव कुमार ने नालंदा के शैक्षिक एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में नालंदा की सबसे बड़ी विशेषता उसकी समावेशी और बहुआयामी दृष्टि रही है। नालंदा की ज्ञान-संस्कृति में अध्ययन के साथ-साथ चिंतन, शोध, संवाद एवं सह-अस्तित्व की भावना निहित थी। नालंदा की विरासत को समझना भारतीय शिक्षा के अतीत को जानने के साथ-साथ उसके भविष्य की दिशा तलाशना भी है। उन्होंने कहा कि नालंदा की ज्ञान-परम्परा को आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा. अमरनाथ अमर ने कहा कि नालंदा भारत की समृद्ध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण अध्याय है। यहां दर्शन, व्याकरण, तर्कशास्त्र, चिकित्सा, खगोल, साहित्य और बौद्ध दर्शन सहित अनेक विषयों का अध्ययन होता था।

> डा. ध्रुव कुमार ने नालंदा के शैक्षिक एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में नालंदा की सबसे बड़ी विशेषता उसकी समावेशी और बहुआयामी दृष्टि रही है। नालंदा की ज्ञान-संस्कृति में अध्ययन के साथ-साथ चिंतन, शोध, संवाद एवं सह-अस्तित्व की भावना निहित थी।

उन्होंने कहा कि नालंदा की अध्ययन-पद्धति में संवाद, तर्क, चिंतन और स्वतंत्र विचार को विशेष महत्व प्राप्त था।

वेबिनार में अभ्युदय की संस्थापक-अध्यक्ष डा इंदु झुनझुनवाला ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्वपूर्ण केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय के योगदान को व्यापक स्तर पर रेखांकित करना तथा नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध ज्ञान-विरासत से जोड़ना था।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम तन्मय ने कहा कि नालंदा की परम्परा भारत की उस ज्ञान-दृष्टि का प्रतीक है, जो वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ ज्ञान को मानवता के कल्याण का माध्यम मानती है।

वेबिनार में अंजुला कुमारी, अर्चना, पूनम कतरियार, सुधा पांडेय, आशा रघुदेव आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में अर्चना रोला ने अतिथियों का स्वागत एवं कृष्णा मणिश्री ने संचालन किया।

# पोको एम8एक्स 5जी 7900 एमएएच की बड़ी बैटरी के साथ हुआ लॉन्च

**शाओमी इंडिया** ने पोको एम8एक्स 5जी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह क्वालकॉम के नए स्नैपड्रैगन 4 जेन 5 मोबाइल प्लेटफर्म से लैस भारत का पहला स्मार्टफोन है। 7900 एमएएच की बड़ी बैटरी, शानदार टिकाऊपन, 6.9-इंच का बड़ा 120 एचजेड एडैप्टिव डिस्प्ले और एक खास डिजाइन के साथ, पोको एम8एक्स 5जी यूजर्स की दैनिक जीवनशैली, कार्यप्रणाली और मनोरंजन संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक भरोसेमंद स्मार्टफोन अनुभव देता है।

पोको एम8एक्स 5जी दो वैरिएंट में उपलब्ध होगा, 4 जीबी. 128 जीबी वैरिएंट की कीमत 20,999 रुपये है और 6 जीबी. 128 जीबी वैरिएंट की कीमत 22,999 रुपये है।

लॉन्च ऑफर के तहत, बिक्री के पहले दिन ग्राहकों को 2,000 रुपये का कूपन मिलेगा, जिससे इसकी प्रभावी कीमत घटकर क्रमशः 18,999 रुपये और 20,999 रुपये हो जाएगी। पोको एम8एक्स 5जी को 3,166 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली जीरो कॉस्ट ईएमआई पर भी खरीदा जा सकता है।

यह स्मार्टफोन 27 अगस्त, 2026 को दोपहर 12 : 00 बजे से फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

पोको एम8एक्स 5जी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि उपयोगकर्ताओं को बार-बार फोन चार्ज करने की चिंता से राहत मिले। चाहे किसी नए शहर में रास्ता देखना हो, काम का लंबा दिन हो, आते-जाते वीडियो देखना हो, ऑनलाइन क्लास लेना हो या देर रात तक कनेक्टेड रहना हो, यह स्मार्टफोन पूरे दिन आपका साथ निभाने के लिए बनाया गया है।

पोको एम8एक्स 5जी में 7900 एमएएच की बड़ी बैटरी दी गई है, जिससे आपको बार-बार फोन चार्ज करने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी और आप अपना काम आसानी से कर सकेंगे। जब फोन चार्ज करना हो, तो इसके लिए बक्स में ही 45 वाट का फास्ट चार्जर मिलता है, जो फोन को जल्दी चार्ज कर देता है। इसके अलावा, इसमें 22.5 वाट का रिवर्स चार्जिंग सपोर्ट भी है, जिससे आप जरूरत पड़ने पर अपने किसी अन्य डिवाइस या स्मार्टफोन को भी चार्ज कर सकते हैं।




फोन हमेशा एक जगह नहीं रहता। यह ऑफिस की टेबल, कॉलेज की क्लास, भीड़-भाड़ वाले सफर और यात्राओं में आपके साथ रहता है।
पोको एम 8एक्स 5जी को आईपी64 रेटिंग मिली है, जो इसे धूल और पानी की हल्की छींटों से बचाती है। चाहे सफर के दौरान अचानक हल्की बारिश हो जाए या धूल भरी जगह हो, आप पूर्ण आत्मविश्वास के साथ इसे कहीं भी ले जा सकते हैं।

इसकी मजबूती को और बढ़ाने के लिए स्क्रीन पर कर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7 आई की सुरक्षा दी गई है, जिससे यह रोजमर्रा के इस्तेमाल में आसानी से खराब नहीं होता।

पोको एम8एक्स 5जी में 6.9-इंच की बड़ी स्क्रीन दी गई है, जो 120एचजेड एडैप्टिव रिफ्रेश रेट के साथ आती है। यह स्क्रीन एंटरटेनमेंट, इंटरनेट चलाने और रोजमर्रा के कामों के लिए बेहतरीन अनुभव देती है। चाहे लंबे सफर में अपना पसंदीदा शो देखना हो, खाना बनाते समय रेसिपी देखनी हो, वीडियो कॉल से जुड़ना हो या सोशल मीडिया स्क्रॉल करना हो, यह बड़ी स्क्रीन आपको हर काम आसानी से करने की सुविधा देती है।

इसका 120 एचजेड की रिफ्रेश रेट स्क्रीन को बहुत सहज तरीके से चलाती है, और 240 एचजेड टच सैंपलिंग रेट की वजह से स्क्रीन छूते ही तुरंत रिस्पन्स मिलता है। जो लोग फोन का इस्तेमाल लंबे समय तक करते हैं, उनकी आई केयर का विशेष ध्यान रखा गया है। इसकी स्क्रीन को लो ब्लू लाइट, फ्लिकर-फ्री और सर्केडियन फ्रेंडली (शरीर की नींद-जागने की घड़ी के अनुकूल) के लिए टीयूभी सर्टिफिकेशन मिला है, जो हानिकारक नीली रोशनी को कम करता है, स्क्रीन की झिलमिलाहट को रोकता है।

## व्रत-त्योहार

# आयुष्मान योग में सावन की चौथी सोमवारी आज शिव की कृपा पाने मंदिरों में उमड़ेंगे श्रद्धालु



ज्योतिषाचार्य राकेश झा ।

पवित्र सावन मास की चौथी व अंतिम सोमवारी पर शिव भक्तों को भोले बाबा के संग माता गौरी की भी असीम कृपा प्राप्त होगी। क्योकि इस दिन शिव-पार्वती साथ-साथ पृथ्वी पर विचरण करते है। सावन की सोमवारी पर विशेषकर शिव की कृपा बरसती है । घर व शिवालयों में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओ की पूर्ति और शिव की कृपा पाने के लिये जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करेंगे। भगवान शिव पर आज गंगाजल, दूध, दही, पंचामृत, भस्म, बेलपत्र, भांग-धतूर, आक, मधु, घी आदि अर्पित होंगे । अंतिम सोमवारी होने से मंदिरों को भव्य तरिके से सजाया गया है । कई प्रकार के पत्र एवं फूलो के साथ बिजली के बल्बों से मंदिर की सजावट की गयी है । मंदिरों में आज पुरे दिन जलाभिषेक के बाद संध्या में भव्य श्रृंगार पूजा के बाद महाप्रसाद का वितरण होगा ।

### कल्याणकारी संयोग में अंतिम सोमवारी

ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश झा ने बताया कि आज सावन शुक्ल द्वादशी तिथि में सावन की अंतिम सोमवारी पर कल्याणकारी संयोग बन रहा है । आज पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के साथ प्रीति योग एवं आयुष्मान योग का संयोग रहेगा । आज सुबह 08 : 57 बजे तक प्रीति योग इसके बाद पुरे दिन आयुष्मान योग विद्यमान रहेगा । ऐसे उत्तम संयोग में शिव की पूजा-आराधना करने से रोग, शोक, भय, संताप तथा अनिष्ट ग्रहों के प्रकोप से शांति मिलेगी। सुख-समृद्धि, वैभव, ऐश्वर्य, धन लक्ष्मी में बढ़ोतरी के आसार बनेंगे ।

### विधिवत पूजन से मनोकामना होगी पूरी

सोमवारी पर शुभ मुहूर्त में घर या शिवालय में गणेश, कार्तिकेय व नंदी के साथ शिव-पार्वती और चन्द्रमा का पूजन करें। सर्वप्रथम शिवलिंग और गौरी की प्रतिमा पर जलार्पण करे। दूध में शहद मिलाकर शिव और गौरी का अभिषेक करें। शिवलिंग पर बिल्व पत्र और गौरी पर सफेद रंग के फूल अर्पित करें। फिर शिवलिंग पर चंदन से त्रिपुण्ड बनाएं। देवी गौरी पर चंदन से लेप लगाएं। दूध से बना कोई भी मिष्ठान शिव और गौरी को अर्पित करके बांट दें। विशेष कामना वाले श्रद्धालु आज महादेव को दूध, दही, मधु, गंगाजल से स्नान आदि करा कर विशेष पूजा व श्रृंगार करेंगे तो उन्हें उनकी मनोकामना अवश्य पूरी होगी । यदि किसी जातक के कुंडली में सूर्य, चन्द्र कमजोर है या महादशा है तो आज के दिन महाकाल की पूजा के बाद आदित्य हृदयस्त्रोत्र का पाठ करना श्रेयस्कर होगा । कार्य क्षेत्र और जीवन में आने वाले दूसरी बाधाओं से भी छुटकारा मिलेगा ।

### नन्दी की पूजा के बिना पूजन अधूरी

ज्योतिषी राकेश झा के मुताबिक सावन के सोमवार को भगवान भोलेनाथ तथा माता पार्वती की पूजन के उपरांत शिव के सबसे करीबी व अत्यंत प्रिय नन्दी की पूजा करने के बाद अपनी कामनाओं को इनके कान में कहने से उसकी पूर्ति जल्दी होती है । मान्यता है कि शिव की पूजा के बाद नन्दी की पूजा नहीं करने से पूजा अधूरी मानी जाती है । नंदी पुरुषार्थ के प्रतीक है । नम्र स्वाभाव, सरल, हमेशा चौतन्य अवस्था में रहते है । महादेव के योग एवं ध्यान मुद्रा में रहने पर उनकी पूरी व्यवस्था, आखेट ना हो इसका भी बखूबी ख्याल रखते है ।

### मनोकामना पूर्ति के लिए ये उपाय

संतान प्राप्ति के लिए दूध व घी से अभिषेक तथा धतूरे का फूल, दीर्घायु के लिए अकावन की फूल, सर्व सुख प्राप्ति हेतु हरसिंगार पुष्प,शत्रु नाश के लिए घी से अभिषेक कर कुसुम पुष्प अर्पित करे । वहीं सुयोग्य पत्नी के लिए बेला का फूल, मोक्ष प्राप्ति हेतु आक, अलसी या समीपत्र तथा लक्ष्मी प्राप्ति के लिए शिव को दूध व ईख रस से अभिषेक तथा शंख पुष्प चढ़ाए । वाहन सुख हेतु चमेली का पुष्प, धन-संपत्ति के लिए कमल व गुलाब, विवाह सम्बंधी समस्याओ से छुटकारा हेतु बेली या अपराजिता का फूल, मानसिक शांति के लिए भांग एवं भस्म, पारिवारिक कलह हेतु पीला कनैल या धथुर, मनोकामना सिद्धि के लिए बेलपत्र, समीपत्र व कनैल फूल तथा सौंदर्य प्राप्ति के लिए ढंडा जल, दूध या पंचामृत अर्पित करे ।

### उमा-महेश्वर पूजन का उत्तम मुहूर्त

अमृत काल मुहूर्त : प्रातः 05 : 28 बजे से 07 : 04 बजे तक
शुभ योग मुहूर्त : सुबह 08: 40 बजे से 10 : 16 बजे तक
अभिजित मुहूर्त : मध्याह्न 11: 26 बजे से 12 : 17 बजे तक
चर-लाभ-अमृत मुहूर्त : दोपहर 01 : 28 बजे से 06 : 16 बजे तक
प्रदोष काल मुहूर्त : शाम 06 : 16 बजे से रात्रि 08 : 38 बजे तक

### पूजा के बाद इन मंत्रों का करे जाप

शिव पंचाक्षरी मंत्र : ऊँ नमः शिवाय ।।
शिव गायत्री मंत्र : ऊँ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।।
लघु मृत्युंजय मंत्र : ऊँ जूं सः ।।
महामृत्युंजय मंत्र : ऊँ हौं जूं स : ऊँभुर्भव : स्व : ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
ऊर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ऊँभुवः भू : स्वः ऊँस : जूं हौं ऊँ।।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक धराया

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर केसरिया थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी युवक शुभम कुमार को एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा। जिसके उपर गोपालगंज जिले के महम्मद पुर थाने में मामला दर्ज है। गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर पुलिस ने सिसवा खरार पंचायत में छापेमारी किया जहां एक अपाची मोटरसाइकिल जिसका पार्ट्स पूर्जा खुला हुआ था, बरामद किया गया। जिस संबंध में पटना के शास्त्री नगर में मामला दर्ज है। थानाध्यक्ष विनित कुमार ने बताया कि अग्रतर कारवाई की जा रही है।

### पूर्व मुखिया के आवास की छत पर गिरी आकाशीय बिजली, रेलिंग क्षतिग्रस्त

**अरेराज(एनएसबी)।** अरेराज नगर पंचायत के वार्ड संख्या-03 स्थित न्यू कलोनी में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। आकाशीय बिजली सरेया पंचायत के पूर्व मुखिया बाबर सिंह के स्थानीय आवास की छत की रेलिंग पर गिरी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, छत की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजली गिरने की तेज आवाज से आसपास के लोग सहम गए। कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग पूर्व मुखिया के आवास पर पहुंचकर जानकारी ली। बताया गया कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित थे।स्थानीय लोगों ने कहा कि यह संयोग ही रहा कि आकाशीय बिजली गिरने के बावजूद किसी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा। लोगों ने इसे बाबा सोमेश्वरनाथ महादेव की पा बताते हुए राहत की सांस ली। घटना की चर्चा पूरे इलाके में होती रही।

### संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत

**कल्याणपूर(एनएसबी)** पिपरा खेम पंचायत के कमाल पकडी गांव मे 22 वर्षीय विवाहिता रानी कुमारी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई । शशि कुमार साह के पुत्र रोहित कुमार की शादी रानी कुमारी से 22 नबंम्बर 2025 को हुई थी। मृतक रानी कुमारी का मायका मुजफ्फरपुर जिला के वरुराज थाना क्षेत्र में है । मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। मृतका के घर पर कोई नहीं था। इस मामले मे थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने बताया की मृतक के परिजनों के द्वारा इस मामले मे कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है ।आवेदन मिलते ही अग्रतर कारवाई की जाएगी।

### दहेज को लेकर हुई शमीमुन निसा की हत्या

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)** स्थानीय थानाक्षेत्र के शंकरपुर पंचायत में 19 अगस्त की रात हुई 28 वर्षीय महिला की मौत के मामले में सिंहवाड़ा थाना में दहेज हत्या से संबंधित एफआईआर दर्ज कराई है। मृतिका तमन्ना कुरैशी की पत्नी शमीमुन निशा उर्फ रौनक की मौत के मामले में मृतका की बहन मंजरी खातून के आवेदन पर सिंहवाड़ा थाना एफआईआर दर्ज की गई है। मंजरी खातून ने बताया है कि है कि उनकी बहन शमीमुन निशा की शादी 25 जुलाई 2016 को मो तमन्ना कुरैशी से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति समेत अन्य ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगे। दहेज न मिलने पर शमीमुन निशा को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था। मृतका ने तब परिवारवाद पत्र दायर किया था। ससुराल वालों ने पंचायत के माध्यम से सुलह कर ली थी और दो अगस्त 2017 को न्यायालय से शमीमुन निशा की विदाई कराकर ले गए थे। पंचायत ने फैसला किया था कि ससुराल वाले मृतका को अलग रखेंगे। इसके बाद कुछ साल वह अपने पति के साथ दिल्ली में रही। मंजरी खातून के अनुसार, छह माह पूर्व मृतका के ससुर ने उसके पति को अलग जमीन देकर मकान बनवा दिया था। इसी जमीनी विवाद को लेकर 15 जुलाई 2026 को मो लड्डू कुरैशी, जसीम कुरैशी, नाजनी खातून, शहनाज खातून और शहजाद कुरैशी ने शमीमुन निशा के साथ मारपीट की थी। 19 अगस्त 2026 की रात उक्त सभी लोगों ने शमीमुन निशा को प्लास्टिक की रस्सी से गला घोंटकर मार डाला। मृतका के पति मो तमन्ना ने रात दो बजे मंजरी खातून को फोन कर बताया कि उनकी बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मालूम हो की मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा था।

# मोतिहारी में 1 से 3 सितंबर तक लगेगा कृषि, पशुपालन एवं मत्स्यकी उद्यमी मेला

## किसान समृद्धि सम्मेलन का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे उद्घाटन, राज्यपाल सैयद अता हसनैन भी होंगे शामिल

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राजाबाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में 1 से 3 सितंबर तक तीन दिवसीय षि, पशुपालन एवं मत्स्यकी उद्यमी उन्नति मेला आयोजित होगा। मेले की तैयारियों को लेकर रविवार को मोतिहारी सर्किट हाउस में सांसद राधामोहन सिंह की उपस्थिति में बैठक हुई। इसमें षि, पशुपालन, मत्स्यकी, उद्यान सहित संबंधित क्षेत्रों के वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।
बैठक में ड् राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय षि विश्वविद्यालय, पूसा के निदेशक प्रसार शिक्षा ड् आरके झा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, पिपराकोठी के डीन ड. कुंदन किशोर, मोतिहारी के डिप्टी मेयर ड् लालबाबू प्रसाद, षि विज्ञान केंद्र पिपराकोठी के प्रमुख अरविंद कुमार सहित विभिन्न एफपीओ के अध्यक्ष एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।
बताया गया कि मेले में आधुनिक षि तकनीक, षि आधारित उद्यम, पशुपालन, डेयरी, मत्स्यपालन, बागवानी एवं मधुमक्खी पालन से जुड़ी जानकारी और रोजगार की संभावनाओं पर चर्चा होगी। किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को वैज्ञानिक तकनीक, बाजार, सरकारी योजनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना मेले का प्रमुख उद्देश्य है।


समीक्षा बैठक करते सांसद राधामोहन व अन्य ।

1 सितंबर को किसान समृद्धि सम्मेलन
मेले के पहले दिन 1 सितंबर को किसान समृद्धि सम्मेलन होगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। वे गांधी मैदान में आयोजित मोतिहारी महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सुबह 11रू30 बजे सम्मेलन में पहुंचेंगे। सांसद राधामोहन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।
2 सितंबर को जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान सम्मेलन
दूसरे दिन 2 सितंबर को जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान सम्मेलन आयोजित होगा। इसका उद्घाटन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन करेंगे। सम्मेलन में षि एवं विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों तथा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने पर चर्चा होगी।
तीसरे दिन पशुपालक एवं मत्स्यपालक सम्मेलन
3 सितंबर को पशुपालक, मत्स्यपालक, बागवानी एवं मधुमक्खी पालन सम्मेलन होगा। इसमें नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ड् मिनेश शाह तथा डेयरी, मत्स्यपालन एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक सहित विशेषज्ञ एवं अधिकारी शामिल होंगे।मेले में पूर्वी चंपारण के सभी 16 प्रखंडों की भागीदारी होगी। बैठक में सांसद राधामोहन सिंह ने अधिक से अधिक किसानों एवं ग्रामीण उद्यमियों तक मेले की जानकारी पहुंचाने और आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# नशामुक्त भारत के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : एडीएम

## महिलाएं अब अबला नहीं, बन रही हैं सबला

### नशामुक्त भारत के लिए लिया संकल्प, रक्षासूत्र बांधकर दिया सशक्तिकरण का संदेश

**फोटोरू नशामुक्त भारत एवं रक्षाबंधन सप्ताह के कार्यक्रम में उपस्थित एडीएम एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनें**

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ब्रह्माकुमारी संस्थान, पूर्वी चंपारण मोतिहारी के तत्वावधान में रविवार को नशामुक्त भारत एवं रक्षाबंधन सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान से हुई। संस्थान की बहनों के साथ उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यक्रम में योगाभ्यास भी कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि नियमित योगाभ्यास नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने और तन-मन को स्वस्थ रखने में सहायक हो सकता है। सुबह का कुछ समय योगाभ्यास के लिए देने से जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। प्रधान ब्रह्माकुमारी एवं ब्रह्माकुमारी करुणा बहन और विभा बहन ने योग तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार भारती ने नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए लोगों से आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है।रक्षाबंधन सप्ताह के अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिया। कहा कि महिलाएं अब अबला नहीं, बल्कि सबला बन रही हैं और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। अब महिलाओं को किसी पर आश्रित रहने की आवश्यकता नहीं है। भाई-बहन को परस्पर सहयोग और सम्मान के साथ एक-दूसरे को सशक्त बनाने की जरूरत है।कार्यक्रम के अंत में बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर आपसी प्रेम, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। मौके पर योगगुरु शैलेन्द्र कुमार, पूर्व स्टेशन मैनेजर दिलीप कुमार, ड हेना चंद्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

# अर्द्ध मैराथन में प्रांजल गोस्वामी ने देश में हासिल किया प्रथम स्थान

**केसरिया(एनएसबी)।** भारत के प्रतिष्ठित संस्थान टपमैन द्वारा आयोजित अर्द्ध मैराथन प्रतियोगिता में पूर्वी चंपारण के प्रांजल गोस्वामी ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले और चंपारण का नाम रोशन किया है। प्रांजल ने करीब 22 किलोमीटर की दूरी लगभग दो घंटे में पूरी कर यह उपलब्धि हासिल की।प्रांजल की इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उनकी उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए बधाई दी है। बताया गया कि प्रांजल ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित दूरी को सबसे कम समय में पूरा किया और देश में पहला स्थान हासिल किया। प्रांजल इससे पहले भी अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। कुछ ही महीने पूर्व उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर उपलब्धि हासिल की थी। लगातार दूसरी बड़ी उपलब्धि मिलने से उनके परिवार और शुभचिंतकों में हर्ष है। वर्तमान में प्रांजल गोस्वामी दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। वे कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मननपुर गांव के निवासी हैं। प्रांजल आदर्श जन सेवा संस्थान (सामूहिक विवाह समारोह) के अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी के पुत्र हैं। उद्धव गोस्वामी अखिल भारतीय गोस्वामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं।परिजनों और ग्रामीणों ने कहा कि प्रांजल ने शिक्षा और पेशेवर जीवन के साथ खेल एवं साहसिक गतिविधियों में भी अपनी पहचान बनाई है। उनकी सफलता से न केवल परिवार, बल्कि मननपुर और पूरे चंपारण क्षेत्र के लोगों का गौरव बढ़ा है। लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रांजल भविष्य में भी देश और समाज का नाम रोशन करते रहेंगे।


शील्ड के साथ प्रांजल गोस्वामी।

# उर्दू शिक्षकों की समस्याओं पर हुई चर्चा, शिक्षा दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई

**मोतिहारी(एनएसबी))।** उर्दू शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय उर्दू लाइब्रेरी में अल बिहार उर्दू टीचर्स एसोसिएशन की एक अहम बैठक हुई। अध्यक्षता राज्य संयोजक ड् अकील अहमदघ् जबकि संचालन सचिव मुहम्मद अमानुल्लाह व संयुक्त सचिव मेहर आलम ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उर्दू स्कूलों में गुरुवार को आधे दिन की छुट्टी, शिक्षा विभाग द्वारा बिहार के बड़ी संख्या में उर्दू शिक्षकों को अतिरिक्तशिक्षकों की श्रेणी में शामिल करना, और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर श्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस९ समारोह को राज्य स्तर पर सफल बनाने व कार्यक्रम के स्वरूप पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सचिव मोहम्मद अमानुल्लाह ने कहा कि गुरुवार को आधे दिन की छुट्टी के लिए एक नीति बनाई जानी चाहिए, जिसके तहत क्षेत्र के राजनीतिक प्रतिनिधियों से परामर्श करके एक ज्ञापन सौंपा जाए ताकि हमारी मांग सरकार तक मजबूती से पहुंचाई जा सके। वहीं राज्य संयोजक ड् अकील अहमद ने कहा कि एसोसिएशन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य हर इलाके में एक शिक्षक के रूप में जिम्मेदार नागरिक और मजबूत नेतृत्व तैयार करना है। उन्होंने कहा कि आज उर्दू शिक्षक इसलिए परेशान हैं क्योंकि हमने कभी अपने नेतृत्व को मजबूत करने के लिए काम नहीं किया। ज अबूटा के संयुक्त सचिव मेहर आलम चंपारनी ने कहा कि ज़्यादातर उर्दू शिक्षकों को सरप्लस (अतिरिक्त) श्रेणी में रखा गया है। अबूटा की टीम ने कुछ दिन पहले शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की थी, जिसमें माध्यमिक शिक्षा के उप-निदेशक और प्राथमिक शिक्षा के निदेशक ने भरोसा दिलाया था कि सरप्लस उर्दू शिक्षकों के मुद्दों को जल्द ही हल कर लिया जाएगा। अबूटा के जिला अध्यक्ष नईमुद्दीन सलाफी ने कहा कि उर्दू हमारी सांस्तिक पहचान है, लेकिन अफसोस की बात है कि उर्दू बोलने वाले भी अपनी सांस्तिक पहचान खोते जा रहे हैं। अगर हमने इसकी रक्षा नहीं की, तो इसका हश्र भी फारसी और अरबी भाषाओं जैसा ही होगा। इसलिए अपनी पहचान बचाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बैठक में मौजूद शिक्षक मोहम्मद तुफैल, अब्दुल मन्नान, तारिकघ् अनवर, मुहम्मद शमीम अख्तर और सईदउल्लाह अंसारी ने उर्दू भाषा के शिक्षण और उर्दू शिक्षकों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अगर हम सभी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं और उर्दू शिक्षण को नजरअंदाज करते रहते हैं, तो यकीन मानिए, आने वाली पीढ़ियां हमें भूल जाएगी। इस बीच, 11 नवंबर को होने वाले शिक्षा दिवस समारोहध्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस को सफल बनाने के लिए श्अल बिहार उर्दू टीचर्स एसोसिएशन९ (अबूटा) का विस्तार करने का फैसला किया गया और अलग-अलग प्रखंड के शिक्षकों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी जाएगी। यह भी तय किया गया कि राज्य स्तर पर शिक्षा दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए जिले के सभी ब्लकों का दौरा किया जाएगा और उर्दू शिक्षकों से मिलकर उनसे समारोह में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की जाएगी। बैठक में अबूटा के अरेराज प्रखंड अध्यक्ष मुहम्मद अनीसुल हकघ् शम्सी, संग्रामपुर अध्यक्ष मुहम्मद कैसर खान, मोहम्मद खतीब-उर-रहमान, सद्दाम हुसैन, मोहम्मद जहीरउद्दीन, जाहिद शम्स, मोहम्मद रागिब, मोहम्मद परवेज आलम, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद अनीस अख्तर आदि शामिल हुए और उर्दू भाषा के अस्तित्व और संरक्षण के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता जाहिर की।



संगठन विस्तार करने का लिया गया निर्णय

## संक्षिप्त खबरें

### अधूरी पढ़ाई पूरी कर आगे बढ़ने का संकल्प जीविका दीदियों ने साझा किए अनुभव

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गोबरसही स्थित संगम सीएलएफ में जीविका की एलुमनायी दीदियों की प्रेरणादायक बैठक रविवार को आयोजित की गयी। इस बैठक में मुशहरी, सकरा, कांटी, मड़वन, बोचहां, मोतीपुर, बंदरा और सरैया समेत विभिन्न क्षेत्रों की जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सेकंड चांस कार्यक्रम से जुड़ी पुरानी छात्राओं के साथ नये सत्र 2026-27 में दसवीं की पढ़ाई शुरू करने वाली न्यू मोबीलाइज्ड दीदियां भी शामिल हुईं। बैठक के दौरान प्रत्येक दीदी ने सेकंड चांस कार्यक्रम से जुड़ने के बाद मिले अवसर और अपने अनुभव साझा किए। 2023-24 बैच की आशा दीदी ने बताया कि उम्र और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से मेहनत कर दसवीं की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने कहा कि परिवार और अन्य जिम्मेदारियों के बीच पढ़ाई जारी रखना आसान नहीं था, लेकिन सेकंड चांस कार्यक्रम ने उन्हें दोबारा शिक्षा से जुड़ने का अवसर दिया। उन्होंने इस पहल को अपने लिए वरदान बताते हुए जीविका और सेकंड चांस टीम के सहयोग के प्रति आभार जताया। वहीं किरण ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि सेकंड चांस कार्यक्रम से जुड़ने के बाद उन्होंने प्रथम श्रेणी से दसवीं की परीक्षा पास की। इसके बाद पढ़ाई जारी रखते हुए 12वीं की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। उनकी सफलता बैठक में शामिल अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और लगातार सहयोग मिलने से उम्र या पारिवारिक जिम्मेदारियां शिक्षा के रास्ते में स्थायी बाधा नहीं बन सकतीं। बैठक में नये सत्र में सेकंड चांस कार्यक्रम से जुड़ने वाली महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और पुरानी छात्राओं से प्रेरणा ली। कार्यक्रम में शिक्षक संजय कुमार, दिनेश कुमार और यामिनी मौजूद रहे। सभी दीदियों ने सेकंड चांस कार्यक्रम के शिक्षण कौशल, सहयोग और महिलाओं को दोबारा शिक्षा से जोड़ने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को अधूरी पढ़ाई पूरी करने के साथ आत्मविश्वास हासिल करने और जीवन में आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष पर मुजफ्फरपुर में समरसता संकल्प अभियान का हुआ आगाज, भव्य कलश यात्रा रथ रवाना

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के पावन अवसर पर रविवार को जिला प्रशासन मुजफ्फरपुर एवं भारतीय जनता पार्टी (पूर्वी एवं पश्चिमी) के संयुक्त तत्वावधान में श्समरसता संकल्प अभियान९ का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत जिलाधिकारी कुमार गौरव, भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार एवं भाजपा मुजफ्फरपुर पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर समरसता संकल्प अभियान के ग्यारह श्भव्य कलश यात्रा रथ९ को रवाना किया। यह रथ मुजफ्फरपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। यात्रा के दौरान रथ प्रत्येक मंडल, गांव, टोला, गली और मोहल्ले तक पहुंचेगा, जिसके माध्यम से संत रविदास जी के महान विचारों, सामाजिक समरसता और भ्रातृत्व के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन एवं रथ प्रबंधन के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विशेष रूप से कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है तथा उन्हें इस रथ यात्रा की पूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने सभी प्रभारियों एवं कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रत्येक विधानसभा मंडल स्तर पर अभियानों को सफलतापूर्वक आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहित अन्य वक्ताओं ने संत रविदास जी के विचारों को नमन करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी ने अपने उपदेशों और सामाजिक ष्टिकोण के माध्यम से समाज को समानता, सद्भाव, भाईचारे और समरसता का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएँ आज भी एक एकजुट और समतामूलक समाज के निर्माण के लिए हम सभी को निरंतर प्रेरणा देती हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विवेक कुमार के साथ प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, पूर्व एमएलसी गीता कुमारी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र प्र सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शंकर पासवान, उपाध्यक्ष अशोक झा श्फेकू राम९, अरविंद सिंह, सुरेश कुमार अंजना कुशवाहा, महामंत्री रविशंकर कुशवाहा, मंत्री ष्णा महतो, बिकाऊ यादव, पूनम वर्मा, रितु आनंद, कार्यालय मंत्री दिलीप कुमार, मीडिया प्रभारी रंजन कुमार ओझा, सतीश कुमार, अमिताभ कुमार एवं महिला मोर्चा की अध्यक्ष मोनालिसा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिवाकर शर्मा, ओंकार पासवान, किसान मोर्चा अध्यक्ष पंकज सिंह, मंडल अध्यक्षगण एवं बड़ी संख्या में पार्टी के समर्पित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रावणी मेला के मद्देनजर एसडीओ पूर्वी ने बाबा खगेश्वरनाथ महादेव मंदिर मतलुपुर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बंदरा प्रखण्ड के राजकीय मेला का दर्जा प्राप्त बाबा खगेश्वरनाथ महादेव मंदिर मतलुपुर का रविवार को एसडीएम पूर्वी आनंद उत्सव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रावणी मेला के अवसर पर उमड़ने वाली श्रद्धांलुओं की भीड़ के मद्देनजर की गईं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर मंदिर समिति व स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि विगत दिनों लखीसराय में हुई दुरूखद घटना को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। सीसीटीवी से भीड़ की निगरानी के बीच जलाभिषेक में महिला और पुरूष का अलग लाइन रहेगा। उन्होंने मंदिर परिसर में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा श्रद्धांलुओं को किसी तरह के अफवाह से बचने की बात कही।एसडीएम ने मंदिर न्यास समिति के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त किया।इससे पहले मंदिर में पुजारी राजन झा के साथ पूजा अर्चना की। मौके पर बीडीओ गुंजा कुमारी, सीओ अदिति राय, मंदिर न्यास समिति के सचिव बैद्यनाथ पाठक, संजय त्रिवेदी, सकरा इंस्पेक्टर कंचन कुमारी, हत्था थानाध्यक्ष लोकेश कुमार चौधरी दल बल के साथ मौजूद थे। इधर, मंदिर परिसर में शाम में कला संस्ति विभाग की ओर से आयोजित सांस्तिक कार्यक्रम में विभिन्न कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी।

### अहियापुर शाखा का पुनर्गठन महेश कुमार सिंह अध्यक्ष एवं अरविंद कुमार सचिव निर्वाचित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, मुजफ्फरपुर की अहियापुर शाखा की मासिक बैठक रविवार को अखाड़ाघाट स्थित गायत्री मंदिर के समीप एक निजी विवाह भवन में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष ष्णा सिंह की उपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान शाखाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने की। बैठक के दौरान शाखा के पुनर्गठन को लेकर उपस्थित पूर्व सैनिकों से नए पदाधिकारियों के चयन का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से महेश कुमार सिंह को शाखाध्यक्ष तथा अरविंद कुमार को सचिव मनोनीत किया। शाखा के पुनर्गठन के अवसर पर जिला टीम के पदाधिकारियों के साथ परिषद की विभिन्न इकाइयों के शाखाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ष्णा सिंह ने पूर्व सैनिकों के बीच आपसी एकता और समन्वय को मजबूत करने तथा शाखा से अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती पूर्व सैनिकों की एकजुटता और सक्रिय सहभागिता से ही संभव है।बैठक में मुख्य रूप से ष्णा सिंह, नंद किशोर ठाकुर, दीनबंधु शाही, बीरेंद्र कुमार,आनंद कुमार, अवधेश चौधरी, कैप्टन आर् डी् राय, धर्मदेव साह, रामदेव ठाकुर, सुरेश चौधरी, संजय कुमार सिंह, देवेंद्र प्रसाद सिंह, अरुण कुमार सिंह, सुजय कुमार सिंह, महेश कुमार सिंह, अरुण कुमार, ललित कुमार पाठक, मृत्युंजय कुमार, ललन पासवान सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम भ्रष्टाचार जांच मामले में युवा कांग्रेस ने लगाया लीपापोती का आरोप

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जांच टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र के हवाई अड्डे के समीप बन रहे पार्क और समृद्धि यात्रा के दौरान शाहपुर में बने पार्क और पोखरों के सिर्फ जांच पर युवा कांग्रेस ने आपत्ति जताया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण नगर क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा कराए गए विभागीय कार्यों से हुए निर्माण का गुणवत्ता बिल्कुल घटिया है। विभिन्न वार्डों में हुए सड़क और नाले निर्माण को लेकर कई शिकायत कताओं ने विभिन्न माध्यम से निर्माण की जांच कराने की मांग की लेकिन जांच टीम द्वारा सिर्फ कुछ ही जगह जांच कर वापस पटना लौट जाने से



निगम क्षेत्रों के आम जनों क्षुब्ध है। सुदीप कुमार सुमन ने कहा कि जांच खास स्थल का ही क्यों हुआ उन सड़को और नालों का जांच कब और कौन करेंगे जो बनने के साथ ही बिगड़ गया? दूसरे तरफ उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि निगम में हो रहे लूट को रोकने के लिए विभागीय नहीं टेंडर के माध्यम से विकास कार्य सम्पादित कराया जाए सिर्फ आपात स्थिति में विभागीय कार्य हो।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर रेल व जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, सात बाइक सवार से जुमार्ना

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** श्रावण माह के अंतिम सोमवारी के मदेनजर सुरक्षा की दृष्टि से रविवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सहरसा,राजकीय रेल पुलिस मानसी तथा



स्थानीय पुलिस प्रशासन सिमरी बख्तियारपुर के सहयोग से यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को अपने गंतव्य तक सुरक्षित भेजा गया। इसी दौरान रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सहरसा द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए, रेल परिसर में अनाधिकृत रूप से मोटरसाइकिल चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कुल 7 लोगों को रेलवे एक्ट की सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जुमार्ना वसूल किया गया। ज्ञात हो कि सावन मास की सोमवारी को बलवा हाट के कांठो स्थित मिनी बाबाधाम के नाम से विश्व प्रसिद्ध बाबा मटेश्वर नाथ महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालू मुंगेर से गंगाजल लाकर कांवर चढाई जाती है। वही श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर रेल व जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान ने सरकार पर साधा निशाना

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** बढ़ती महंगाई को लेकर बनमा ईटहरी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पासवान ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने चीनी, पेट्रोल-डीजल समेत रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। रामकुमार पासवान ने कहा कि बाजार में आवश्यक सामानों की कीमत बढ़ने से आम लोगों के लिए घर का खर्च चलाना मुश्किल होता जा रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर यातायात और माल ढुलाई पर पड़ता है, जिससे खाद्य



सामग्री सहित अन्य सामानों की कीमतें भी प्रभावित होती हैं। उन्होंने कहा कि चीनी जैसी रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं की कीमत बढ़ने से भी आम परिवारों के बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। महंगाई के कारण लोगों को अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़ रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि आम परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा विषय है। गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के परिवार लगातार बढ़ते खर्च से परेशान हैं। उन्होंने सरकार से पेट्रोल-डीजल और आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण रखने तथा आम लोगों को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। रामकुमार पासवान ने कहा कि कांग्रेस लगातार आम जनता से जुड़े मुद्दों को उठाती रहेगी और महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद करती रहेगी।

### सभी थानों में हुई चैकीदारी परेड, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निदेर्शानुसार रविवार को जिले के सभी थानों में चैकीदारी परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान चैकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत भ्रमण कर कानून-व्यवस्था पर नजर रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल थाना पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। परेड के दौरान चैकीदारों को क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना समय पर पुलिस को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चैकीदार स्थानीय स्तर पर पुलिस और आम लोगों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। इसलिए उन्हें अपने क्षेत्र की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए पुलिस को आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध करानी चाहिए। इस अवसर पर चैकीदारों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करने, अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने तथा किसी भी संदिग्ध




गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित थाना को देने की हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अपराध की रोकथाम और आम लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर सूचना तंत्र को मजबूत रखना बेहद जरूरी है। चैकीदारी परेड के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा अपराध नियंत्रण के लिए चैकीदारों की जिम्मेदारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जमीनी विवाद में युवक की पीटकर हत्या; गांव में तनाव, पुलिस बल तैनात



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस,



मृतक के अनाथ बच्चें,



मृतक का फाईल फोटो

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र के उटेशरा पंचायत अंतर्गत बहुआरवा वार्ड 07 में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर एक मजदूर युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर देने का मामला सामने आया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय अमित कुमार रजक पिता स्व. छट्टू रजक, निवासी बहुआरवा के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। जिसके चलते पुलिस ने गाँव में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार विवाद जमीनी मसले को लेकर बात-बात में बढ़ गया था और मारपीट इतनी उग्र हो गई कि अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आरोप लगाते हैं कि 8 से 10 अज्ञात लोगों ने मिलकर लात-घूँसों से उसे बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। आशंका है कि वित्ता, रक्तघात जैसी गंभीर चोटों के कारण उसकी मृत्यु हुई है। लेकिन मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा। घटना की सूचना मिलते ही सलखुआ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू कर दी। हालात को नियंत्रण में रखने के लिए सिमरी बख्तियारपुर और बनमाईटहरी थाना की टीमें भी मौके पर भेजी गईं। पुलिस ने शव का कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सहरसा भेज दिया गया है। सर्किल इंस्पेक्टर निवास कुमार के निर्देश पर बहुआरवा गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उनकी तत्परता के कारण फिलहाल स्थिति नियंत्रित बनी हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक अमित परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसकी पत्नी बिना देवी, दो बेटे और एक बेटी हैं। अमित तीन बहनों व दो भाइयों में परिवार का सदस्य था। उसकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है; परिजन रो-रोकर बुरे हाल में हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा न्याय की गुहार लगा रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पीड़ित परिवार और घटनास्थल पर मिले सबूतों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जमीनी विवाद के पीछे की वास्तविक वजह और घटना में शामिल लोगों की असल भूमिका भी जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। फिलहाल गांव में अतिरिक्त पुलिसबल की तैनाती के बीच निगरानी जारी रखी जा रही है।

## जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प ही रक्षाबंधन का वास्तविक संदेश: राजयोगिनी रानी दीदी



रक्षा सूत्र बादती निदेशिका

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगाँव रोड स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र शान्ति अनुभूति भवन में अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव आत्मिक स्नेह, आध्यात्मिकता और भाईचारे की भावना के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुजफ्फरपुर से पधारीं बिहार एवं झारखंड ब्रह्माकुमारीज निदेशिका वरिष्ठ राजयोगिनी रानी दीदी विशेष रूप से सहरसा पहुँचीं और उपस्थित भाई-बहनों को रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व का प्रेरणादायी संदेश दिया। कार्यक्रम के आरंभ में स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी बी के स्नेहा बहन ने रानी दीदी का आत्मीय एवं सम्मानपूर्ण शब्दों में स्वागत किया। उन्होंने सहरसावासियों को अपना आशीर्वाद देने और कार्यक्रम में पधारने के लिए रानी दीदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।अपने ज्ञानवर्धक संबोधन में राजयोगिनी रानी दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक सामाजिक परंपरा या भाई-बहन के पारिवारिक रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि यह पवित्रता, आत्म-स्मृति, ईश्वरीय प्रेम और शुभ संकल्पों के बंधन में बंधने का आध्यात्मिक पर्व है। उन्होंने कहा कि सच्ची रक्षा बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि अपने मन, बुद्धि और संस्कारों को नकारात्मकता से बचाकर पवित्र एवं श्रेष्ठ बनाने से होती है। आत्मा की पहचान और परमात्मा से संबंध को स्मृति में रखकर जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प ही रक्षाबंधन का वास्तविक संदेश है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य को भय, तनाव, क्रोध, अशांति और अनेक प्रकार की नकारात्मकता से स्वयं की रक्षा करने की आवश्यकता है। राजयोग के माध्यम से आत्म-स्मृति और परमात्म-स्मृति को जीवन में अपनाकर व्यक्ति अपने अंदर शांति, शक्ति और सकारात्मकता का अनुभव कर सकता है।इसके पश्चात रानी दीदी ने उपस्थित भाई-बहनों को आत्म-स्मृति का तिलक लगाया तथा राखी बाँधी। इस अवसर पर भाई-बहनों में विशेष उत्साह और आध्यात्मिक आनंद का वातावरण देखने को मिला। राखी के माध्यम से सभी ने पवित्र जीवन, श्रेष्ठ कर्म और ईश्वरीय मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें कर्नल वी. रवि शंकर, समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल, अर्जुन दहलान, ओम प्रकाश चैधरी, इंजीनियर शिव शंकर प्रसाद सिंह, इंजीनियर शशिकांत सिंह सहित अन्य विशिष्ट नागरिक एवं ब्रह्माकुमारीज के भाई-बहन शामिल थे। कार्यक्रम के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को रक्षाबंधन के बाहरी उत्सव से आगे बढ़कर उसके आंतरिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप को समझने की प्रेरणा मिली। पूरे आयोजन में पवित्रता और आत्मीयता की भावना विशेष रूप से दिखाई दी। ब्रह्माकुमारीज सहरसा सेवाकेंद्र की ओर से आयोजित यह अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव उपस्थित लोगों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा, आत्म-स्मृति और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश लेकर आया।

### ब्रह्माकुमारी केंद्र में बीके रानी ने विधायक संजय कुमार सिंह को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का दिया आशीर्वाद



विधायक को रक्षा सूत्र बादती बीके रानी

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के नगर निगम के रिफ्यूजी कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में आयोजित अलौकिक रक्षाबंधन उत्सव में सिमरी बख्तियारपुर (विधानसभा-76) के विधायक संजय कुमार सिंह प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल हुए और बीके रानी दीदी से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में उत्सव के अवसर पर बीके रानी ने विधायक संजय कुमार सिंह को पवित्र रक्षा सूत्र बाँधा ओर आशिर्वाद दिए। जिससे भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का भाव जगमगा उठा। कार्यक्रम में आध्यात्मिक भजन, प्रार्थना तथा रक्षाबंधन के सांस्कृतिक और नैतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में प्रेम, शांति और सौहार्द्र की भावना को बढ़ावा देना था। विधायक संजय कुमार सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन का पावन पर्व पारिवारिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी को त्योहार की शुभकामनाएँ देते हुए स्थानीय कल्याण और सामुदायिक सौहार्द्र के लिए सहयोग का संदेश दिया। उपस्थित नागरिकों एवं संस्थान के पदाधिकारियों ने आयोजन की सराहना की और ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। उत्सव में ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूती मिलती है। इस मौके पर सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सवैला गांव में घर का ताला खोलकर लाखों के जेवरात व 50 हजार नकदी चोरी




लाखों रुपये के सोने-चांदी जेवर उड़ाया

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना क्षेत्र के बड़गांव पंचायत स्थित सवैला गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर का ताला खोलकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात सहित करीब 50 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार सवैला गांव निवासी प्रताप सिंह परिवार के भरण-पोषण के लिए परदेश में रहकर काम करते हैं। शनिवार की रात घर में मौजूद महिलाएं व बच्चे खाना खाने के बाद एक कमरे में ताला लगाकर दूसरे कमरे में सो गए। देर रात चोरों ने जिस कमरे में परिवार के लोग सो रहे थे, उसकी कुंडी बाहर से बंद कर दी। इसके बाद मास्टर चाबी से दूसरे कमरे का ताला खोलकर अंदर रखे ट्रंक का ताला तोड़ उसमें रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात व करीब 50 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोर जब तीसरे कमरे का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे थे, तभी महिलाओं के जागने की आहट पाकर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था और ट्रंक व बक्सा खुला हुआ था। घटना की सूचना बसनही थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल की जांच की जा रही है तथा चोर गिरोह का पता लगाने के लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी है। इधर, सूचना मिलते ही युवा नेता सह मुखिया प्रतिनिधि अविनाश कुमार उर्फ बौआ खां पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी लेते हुए पुलिस-प्रशासन से चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी तथा चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

## बालक के हत्या मामले में मां ने की आठ नामजद पर प्राथमिकी दर्ज, पुलिस कर रही छापेमारी

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के खजुरहा गांव में बीते शनिवार की सुबह छह वर्षीय बच्चे प्रियांशु का शव बरामद होने के मामले में मृतक की मां सीमा देवी के आवेदन पर सोनवर्षा थाना में आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक की मां ने कैलाश मुखिया, संजय मुखिया, मंजू देवी, संजू देवी, शोभा देवी, मुन्ना मुखिया एवं मुकेश मुखिया सहित अन्य पर बच्चे की हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार, प्रियांशु शुक्रवार की शाम पड़ोसी संजय मुखिया के दरवाजे के समीप खेल रहा था। इसी दौरान उसकी मां चंडी स्थान हटिया किसी काम से चली गई थी। वापस लौटने पर उन्होंने पुत्र की खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। अगले दिन शनिवार की सुबह बच्चे का शव बरामद हुआ। मृतक की मां ने आवेदन में बताया है कि घटना के बाद पुलिस द्वारा डॉग स्क्वायड बुलाया गया। जांच के दौरान खोजी कुत्ता कैलाश मुखिया के घर तक पहुंचा, जहां बच्चे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। सीमा देवी ने यह भी आरोप लगाया है कि नामजद आरोपियों द्वारा थाना में शिकायत करने पर पति-पत्नी दोनों की हत्या करने की धमकी दी गई है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नागमणि ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फरार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बाबा मटेश्वर धाम में धर्मशाला व स्थायी बैरिकेडिंग का वादा, जीर्णोद्धार की रूपरेखा तैयार: सांसद राजेश वर्मा



बाबा मटेश्वर में सांसद, विधायक व अन्य

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल क्षेत्र में प्रसिद्ध बाबा मट्टेश्वर धाम में खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजेश वर्मा व स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने काठो स्थित प्रसिद्ध बाबा मटेश्वर धाम में अष्टपहल शिवलिंग की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर धाम की खुशहाली और क्षेत्रवासियों की समृद्धि की कामना की। सांसद अपने दो दिवसीय संसदीय क्षेत्र दौरे के दूसरे दिन धाम पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं व विकास आवश्यकताओं की समीक्षा की। वहीं पूजा-अर्चना के बाद सांसद ने मंदिर न्यास समिति तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर धाम परिसर के वर्तमान निरीक्षण, सुरक्षा व श्रद्धालुओं के सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि बाबा मटेश्वर धाम कोसीहमिथिलांचल का एक प्रमुख धार्मिक केंद्र है और श्रावण मास व महाशिवरात्रि जैसे अवसरों पर लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं। ऐसे में भीड़ प्रबंधन और मूलभूत सुविधाओं का समुचित प्रबंध आवश्यक है। सांसद राजेश वर्मा ने बैठक के बाद बड़ी घोषणाएं करते हुए बताया कि पूर्व विधायक व पूर्व न्यास अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार के आग्रह तथा वर्तमान विधायक संजय कुमार सिंह व धाम न्यास समिति के साथ विचार-विमर्श के बाद प्राथमिक विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। प्रस्तावित कार्यों में शामिल हैंरू स्थायी बैरिकेडिंग का निर्माण, जिससे भीड़ नियंत्रण व सुरक्षा बेहतर तरीके से सुनिश्चित की जा सके। धाम परिसर के अर्धनिर्मित व जर्जर भवनों का त्वरित जीर्णोद्धार। दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के आराम के लिए एक सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला का निर्माण। दौरे के दौरान स्थानीय ग्रामीणों, कार्यकताओं और श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के विभिन्न जनहित विकास -संबंधी समस्याएं सांसद को बताईं। जिन पर सांसद ने सकारात्मक पहल और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि घोषणाओं का क्रियान्वयन संबंधित विभागों से समन्वय एवं आवश्यक वित्तीय स्वीकृति के बाद शीघ्र शुरू कराया जाएगा। इस अवसर पर सिमरी बख्तियारपुर के विधायक संजय कुमार सिंह, पूर्व विधायक डॉ. अरुण कुमार, सांसद प्रतिनिधि रितेश रंजन, प्रखंड प्रमुख शबनम कुमारी, न्यास समिति के उपाध्यक्ष मुन्ना भगत, पूर्व जिप सदस्य पुष्पलता यादव सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग, कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित थे।

# न्यायमूर्ति आलोक कुमार ने कई कार्यक्रमों में लिया हिस्सा दो किन्नरों को दिया वास का पर्चा, पौधारोपण भी किया

**खगड़िया(एनएसबी)।** पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आलोक कुमार दो दिवसीय निरीक्षण के दौरे खगड़िया पहुंचे हैं। इस दौरान निरीक्षी न्यायमूर्ति गोगरी न्यायालय के भ्रमण किया इसके पश्चात व्यवहार न्यायालय खगड़िया में आगमन हुआ। जहां प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार बच्चन सहित सभी न्यायिक पदाधिकारीगण द्वारा स्वागत एवं सम्मानित किया गया। इसके पश्चात व्यवहार न्यायालय खगड़िया में निर्मित एसबीआई के एटीएम एवं कैंटीन का विधिवत उद्घाटन न्यायमूर्ति द्वारा किया गया। साथ ही साथ न्यायमूर्ति द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में चंदन का पौधा लगाया गया। वृक्षारोपण की व्यवस्था वनक्षेत्र पदाधिकारी खगड़िया द्वारा किया गया। तत्पश्चात न्यायमूर्ति द्वारा व्यवहार न्यायालय खगड़िया के न्यायालय का भ्रमण किया गया एवं निर्देश दिया कि न्यायालय कार्यो में मानवीय ष्टिकोण अपनाते हुए वाद का



किन्नर को वास का पर्चा देते आलोक कुमार।

निष्पादन किया जाए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार न्यायमूर्ति द्वारा पर्यवेक्षण गृह खगड़िया का विधिवत निरीक्षण किया गया साथ ही साथ निर्देश दिया गया कि आवासित के बच्चों के देख रेख, खान-पान एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को ष्टिगत रखते हुए बेहतर कदम उठाया जाए। इसके पश्चात न्यायमूर्ति द्वारा मंडल कारा खगड़िया का निरीक्षण किया गया। जहां कारा प्रशासन द्वारा उन्हें गार्ड अफ अनर दिया गया। निरीक्षण के क्रम में न्यायमूर्ति द्वारा विभिन्न वार्डो में भ्रमण कर कारा प्रशासन को बंदियों को बेहतर खान-पान एवं सुविधा प्रदान करने सहित कई अन्य निर्देश दिया गया। वही जिला स्तरीय मनिटरिंग कमेटी की बैठक एवं सिक्योरिटी अडिट कमिटी की बैठक की गई । जिला स्तरीय मनिटरिंग कमेटी में अपर समाहर्ता एवं पुलिस अधीक्षक सहित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया अंतर्गत संचालित सितारा स्कीम के तहत जिले के दो किन्नर लाली किन्नर एवं मंजू किन्नर को बासगीत पर्चा निरीक्षी न्यायमूर्ति द्वारा प्रदान किया गया। एवं संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि इनका मोटेशन जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें। वही न्यायमंडल खगड़िया अंतर्गत कार्यरत सभी न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ बैठक की गई जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारीगण को आवश्यक निर्देश दिया गया।

## उपेक्षा का शिकार बन गया सार्वजनिक शौचालय

**बेलदौर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय आज सरकारी उपेक्षा और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का शिकार हो चुका है। देखरेख के अभाव में यह भवन पूरी तरह जर्जर होकर कभी भी जमींदोज हो सकता है। जानकारी के अनुसार बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के पचौत पंचायत अंतर्गत बड़ी भरना गांव में ग्रामीणों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। निर्माण के समय दावा किया गया था कि इससे गांव की महिलाओं और आम लोगों को बड़ी सुविधा



बंद पड़े हुये सार्वजनिक शौचालय।

मिलेगी। लेकिन हैंडओवर होने के बाद से ही इसके रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में शौचालय का ढांचा पूरी तरह टूट-फूट चुका है। दरवाजे गायब हैं, नल-पाइप टूट चुके हैं और दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। जिस उद्देश्य के लिए लाखों रुपये का बजट बहाया गया था, वह आज पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि भवन की इस दुर्दशा को लेकर कई बार पंचायत प्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आष्ट कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी ने मौन साध रखा है। सरकारी राशि के इस दुरुपयोग और अनदेखी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जर्जर शौचालय का अविलंब जीर्णोद्धार कराया जाए ताकि यह दोबारा उपयोग में आ सके, अन्यथा कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## सावन की चौथी सोमवारी को लेकर भक्तिमय माहौल

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र में सावन की चौथी सोमवारी को लेकर चहुओर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक बाबा फुलेश्वर नाथ मंदिर के शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों और डाक कांवरियों का जत्था गेरुए वस्त्र धारण कर उत्तरवाहिनी अगुवानी घाट के लिए रवाना हुआ। पूरा कांवरिया पथ 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। रविवार शाम से ही डाक बम एवं सेवा बम की टोलियां बाबा फुलेश्वर नाथ मंदिर पहुंचने लगी थीं। मंदिर परिसर में शिवभक्तों ने कठिन अनुष्ठान पर निकल रहे डाक कांवरियों का तिलक लगाकर और आरती उतारकर अभिनंदन किया। इसके बाद कांवरिया 65 किलोमीटर लंबी कठिन पैदल यात्रा तय कर जल लाने अगुवानी घाट की ओर प्रस्थान कर गए। सोमवारी को लेकर रविवार सुबह से ही बेलदौर बाजार में भारी भीड़ देखी गई। कांवरियों ने गेरुआ वस्त्र, पिठिया और पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। रंग-बिरंगी दुकानों और शिवभक्तों की आवाजाही से पूरा बाजार गुलजार नजर आया। शिवभक्तों ने बताया कि डाक कांवरिये अगुवानी स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से शाम 7 बजे से जल भरकर फुलेश्वर नाथ मंदिर के लिए लौटेंगे। रात 10 बजे तक पूरा मार्ग भक्तों से पट जाता है।कांवरियों की सुविधा के लिए महेशलेट चौक, गोगरी चौक, महेशखूंट, करूवा मौर चौक और बीपी मंडल सेतु पुल पर कांवरिया डाक सेवा समिति बेलदौर द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। पूरे रास्ते में आम नागरिकों द्वारा डाक बमों के लिए फल, ठंडा शरबत, चाय और गरम पानी की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

## अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक बैठक में किसान की समस्याओं को लेकर हुआ चर्चा

**बेलदौर।** अखिल भारतीय किसान महासभा की जिला समिति की विस्तारित बैठक बेलदौर के सामुदायिक भवन में मनोहर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से खगड़िया जिले में 10 हजार नए सदस्य बनाने और राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए 10 हजार रुपये का कोष जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अभय कुमार वर्मा ने बिहार सरकार के राजस्व विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की गैरमजरूआ खास, वकास्त और सरवस्ता खैसरा जमीनों को सरकारी घोषित कर उन्हें अदानी और अंबानी जैसे बड़े उद्योगपतियों को बेच रही है। वर्मा ने जोर दिया कि किसान महासभा को मजबूत संगठन बनाकर ही इन जमीनों को बचाया जा सकता है। बैजनाथ खां ने भाजपा के 'विकसित भारत 2047' के ष्टिकोण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ किसानों की जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को सौंपना है। महासभा में बताया



कार्यक्रम में उपस्थित लोग)

गया कि 20-21 सितंबर को जालंधर, पंजाब में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन से लौटने के बाद किसानों की जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।इस बैठक को प्रोफेसर सुधीर प्र सिंह, लाल मोहन यादव, महादेव सिंह, धर्मनाथ शर्मा, आशुतोष यादव और मुरलीधर शर्मा सहित कई अन्य सदस्यों ने भी संबोधित किया।

## स्टेट बोरिंग से पानी का फव्वारा निकलते ही किसानों के चेहरे खिल उठे

**पसराहा।** गोगरी प्रखंड के सोनडीहा गांव में करीब 20 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद स्टेट बोरिंग से पानी का फव्वारा निकलते ही किसानों के चेहरे खिल उठे। उल्लेखनीय है कि वर्षों पहले इस सरकारी नलकूप से सोनडीहा की सैकड़ों एकड़ खेती योग्य भूमि की सिंचाई होती थी। उस दौरान करीब दो हजार मीटर तक पक्के नाले की व्यवस्था थी और साइफन के जरिए पानी सड़क पार करता था। तब इस बोरिंग के पानी से सोनडीहा में बड़े पैमाने पर गन्ना, मिर्च और कैस्टर की खेती की जाती थी। हालांकि, बोरिंग खराब होने और विभागीय उपेक्षा के चलते यह परित्यक्त हो गई, जिससे लोग इसे लगभग भूल ही चुके थे। बोरिंग बंद होने के बाद इसके नाले तोड़ दिए गए और ईंटें लूट ली गईं, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं। सिंचाई विभाग ने पिछले साल नया ट्रांसफार्मर लगाने के साथ बोरिंग की मरम्मत कराई और उच्च क्षमता वाला पंप भी लगवाया, लेकिन तब पानी नहीं



स्टेट बोरिंग से निकलते पानी का फब्बारा।

निकला था। हाल ही में सरकार की नई नीति के तहत बिजली विभाग ने 11 हजार वोल्टेज का तार पहुंचाकर ट्रांसफार्मर चालू कराया, जिससे बिजली सप्लाई शुरू होने के बाद बोरिंग से पानी निकल सका। स्थानीय किसानों प्रभु सिंह, सियाराम सिंह, रमेश सिंह, मनोज सिंह, परवीन सिंह और अरुण सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें महंगी सिंचाई से छुटकारा मिलेगा और सस्ती सिंचाई उपलब्ध होगी। हालांकि, किसानों ने यह चिंता भी जताई है कि बोरिंग चालू तो हो गई है, लेकिन पुराने नाले गायब होने के कारण पानी खेतों तक कैसे पहुंचेगा। जब तक खेतों तक पाइपलाइन की व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक यह स्टेट बोरिंग महज दिखावा बनकर रह जाएगी।

# अमर शहीद रामफल मंडल अदम्य साहस के प्रतीक थे : अनुराधा

**खगड़िया (एनएसबी)।** कचहरी रोड स्थित जदयू कार्यालय में रविवार को अमर शहीद रामफल मंडल का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने की। इस दौरान जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रामफल मंडल के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके साहस, संघर्ष एवं बलिदान को नमन किया। जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि अमर शहीद रामफल मंडल युवा क्रांतिकारी और अदम्य साहस के प्रतीक थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचार और दमन के खिलाफ निर्भीकता से संघर्ष किया तथा देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन और बलिदान आज भी युवाओं को देशहित में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। बिहार के तत्कालीन यशस्वी



कैप्सन-कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष व अन्य

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसे युवा वीर सपूत की आन्दोलनात्मक और देश भक्ति जैसे पुण्य ति को सार्वजनिक कर ऐतिहासिक पहल की है। जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार पटेल ने कहा कि रामफल मंडल का संघर्ष भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवपूर्ण अध्यायों में शामिल है। उन्होंने अन्याय और गुलामी के विरुद्ध जिस साहस का परिचय दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री तथा जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रभाकर चौधरी मन्टून ने कहा कि शहीद रामफल मंडल ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनका त्याग हमें देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। मौके पर जदयू के जिला उपाध्यक्ष केदार प्रसाद सिंह, अनिल जयसवाल, जिला महासचिव मो0 फिरदोस आलम,राजवर्धन कुशवाहा, हर्षवर्धन कुशवाहा सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पारिवारिक विवाद में महिला ने एसिड पीकर जान देने की कोशिश

**बेलदौर।** बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 में सास-बहू के बीच हुए मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। पारिवारिक कहासुनी से आक्रोशित होकर सुबोध राम 30 वर्षीय सविता देवी ने एसिड पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। महिला तीन बच्चों की मां है। परिजनों के अनुसार सास और बहू के बीच किसी घरेलू बात को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी। उसी गुस्से में आकर सविता देवी ने घर में रखा एसिड पी लिया। एसिड पीते ही महिला की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं फिलहाल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और खगड़िया में उसका इलाज जारी है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### महेशलेट मोड़ पर टेम्पो-मार्शल की जोरदार टक्कर, चार घायल

**परबत्ता।** नगर पंचायत क्षेत्र के महेशलेट मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के सामने रविवार दोपहर करीब दो बजे टेम्पू और मार्शल की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में टेम्पू सवार चार लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद अनियंत्रित टेम्पू सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराया और वहीं रुक गया। इससे टेम्पू गड्ढे में गिरने से बच गया और बड़ा हादसा टल गया। घायलों की पहचान मोजाहिदपुर निवासी अफसाना खातून, उनकी बेटी बीणा खातून, मासूम रेहान तथा इंदिरा नगर रुपौली निवासी जोगनी देवी के रूप में हुई है। सभी घायलों को वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सोनू कुमार ने तत्काल सीएचसी परबत्ता पहुंचाया, जहां चिकित्सक ड़ हरिनंदन शर्मा की देखरेख में उपचार किया गया। बताया गया कि बीणा खातून अपने बच्चे रेहान का इलाज कराने गोगरी जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रही मार्शल ने टेम्पू में टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर परबत्ता थाना के अपर थानाध्यक्ष सुमंत चौधरी सीएचसी पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली। चिकित्सक के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज जारी है।

### सीओ ने किया जमींदारी बांध का निरीक्षण

**गोगरी।** गंगा के पानी में बढ़ोत्तरी से बोरना पंचायत अंतर्गत जमींदारी बांध के निकट बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इस तरह लगातार पानी बढ़ता रहा तो दो तीन दिनों मे गांवों के अंदर में भी पानी प्रवेश कर सकता है। जमींदारी बांध एवं बाढ़ का निरीक्षण के लिए गोगरी सीओ आमिर हुसैन, गोगरी बीडीओ रघुनंदन आनंद, फ्लड विभाग के एसडीओ एवं बोरना मुखिया प्रतिनिधि मो0 नासिर इकबाल एवं अन्य कर्मी बोरना पहुंचे और जमींदारी बांध का निरक्षण किया। लगातार पानी बढ़ने ओर दबाव के कारण जमींदारी बांध के कटिंग से पानी नहीं बहे इसके लिए मुखिया यास्मीन के द्वारा जेसीबी से मिट्टी देकर उंचाई से भर दिया गया, जिससे अभी कटिंग के पास से पानी आने की संभावना नहीं है। वैसे लगातार गंगा के पानी में बढ़ोत्तरी से बाढ़ की संभावना है ही। इस मौके पर सुधीर सिंह, अनिल सिंह, खुर्शीद, अतबुल, शाकिर, अशरफ इत्यादि मौजूद थे।

### शिकायत के बाद पीड़ित को मिल रही है धमकी

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के इतमादी गांव में शादी के माहौल के बीच मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है। चोरी की शिकायत करने और आरोपी को पुलिस के हवाले करने पर पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे डाली। इस संबंध में पीड़ित मनोज राम ने बेलदौर थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि मनोज राम के भतीजे की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान घर में चार्जर में लगा मोबाइल गांव का ही पिंटू राम के पुत्र चुराकर भागने लगा। परिजनों ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को रंगे हाथ दबोच लिया और इतमादी पुलिस पिकेट के अधिकारियों को सुपुर्द कर दिया।जब आरोपी के परिजनों को घटना की सूचना मिली, तो वे सुधार करने के बजाए उग्र हो गए और पीड़ित मनोज राम के परिवार के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने लगे। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। जांच में दोषी पाए जाने वाले सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जुगाड़ गाड़ी से गिरने से पच्चीस वर्षीय युवक घायल

बेलदौर। बेलदौर नगर पंचायत स्थित काली स्थान चौक के समीप जुगाड़ गाड़ी से गिरकर एक 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल



घायल युवक।

युवक की पहचान नगर पंचायत बेलदौर निवासी स्वर्गीय उपेंद्र शर्मा के पुत्र संजीव कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संजीव कुमार जुगाड़ गाड़ी पर सवार होकर जा रहा था, तभी काली स्थान चौक के पास संतुलन बिगड़ने से वह सीधे सड़क पर गिर गया। गिर जाने के कारण उक्त युवक को गंभीर चोट लगी। घटना के तुरंत बाद स्थानीय राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचाया, जहां डक्टरों की टीम ने तुरंत उसका उपचार शुरू किया।प्राथमिक उपचार के बाद जब स्थिति सामान्य हुई तो डक्टरों ने युवक को होस्पिटल से छुट्टी दे दी। इसी बीच खबर मिलते ही परिजन होस्पिटल पहुंचे। परिजनों ने घायल से घटना के बारे में जानकारी हासिल की।

### सदर अस्पताल की पहली मैट्रोन बनी उपासना कुमारी



उपासना कुमारी।

**खगड़िया।** सदर अस्पताल में कार्यरत प्रसव कक्ष प्रभारी उपासना कुमारी को उनकी कर्तव्य निष्ठा, कार्य कुशलता को देखते हुए निदेशक प्रमुख (नर्सिंग) स्वास्थ्य विभाग पटना ,बिहार सरकार द्वारा उन्हें सदर अस्पताल की पहली मैट्रोन नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि अस्पताल की मैट्रोन एक वरिष्ठ नर्स लीडर होती है जो नर्सिंग स्टाफ का प्रबंधन, रोगी देख भाल की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने, वार्ड और आईसीयू जैसी इकाइयों में दैनिक अस्पताल संचालन की जिम्मेदारी समेत ड्यूटी रोस्टर, शिप्ट आवंटन, नियमानुरूप स्वच्छता की भी जिम्मेदारी होती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक उपासना कुमारी को मैट्रोन नियुक्त किए जाने पर चिकित्सकों एवम कर्मियों में हर्ष व्याप्त है।

### कावरियों के बीच निःशुल्क फलों का वितरण

**खगड़िया।**चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र अन्तरर्गत गौशाला रौड सन्हौली स्थित सुर्य मंदिर चौक स्थित जगत श्कम्घ्प्प्लेक्घ्स्ध्र के दुकानदार,अर्धसैनिक कैंटीनएवं आर भी ज्वेलर्स द्वारा सुर्य मंदिर चौक पर ही कांवरियों के लिए नींबू,पानी,लस्सी एवं फलो निःशुल्क वितरण सह



फलों का वितरण।

कांवरिया सेवा का आयोजन किया गया।जिसमे कांवरियों का हर तरह से स्वागत किया गया।जिसमे सैनिक संघ के कई सेवानिवृत्त सैनिकों ने भी हिस्सा लिया।मौके पर अर्ध सैनिक कैंटीन पी के सिंह, आर भी ज्वेलर्स के रवी,एस के फल्वार के मुकेश कुमार के साथ साथ सन्हौली ग्राम वासी गौरख ठाकुर,कौशल सिहआदि ने भी सहयोग किया।

### सांसद के आश्वासन के बाद हवन यज्ञ का हुआ समापन

**बेलदौर।** बेलदौर बाजार के श्रीपुर बजरंगबली मंदिर प्रांगण में 8 अगस्त से चल रहा हवन यज्ञ सोलहवें दिन सांसद राजेश वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हो गया। सांसद ने यज्ञ आयोजकों की पांच सूत्री मांगों पर संबंधित विभागों से बात कर सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया।सांसद राजेश वर्मा ने यज्ञ के जजमान मिथिलेश कुमार मिट्ठू के साथ यज्ञ में आहुति देकर इसका समापन कराया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि जब आपका सांसद सरलता से उपलब्ध है, तो यज्ञ करने की आवश्यकता नहीं है।आयोजकों द्वारा रखी गई प्रमुख मांगों में बेलदौर बाजार में बाईपास सड़क का निर्माण, स्थायी बस पड़ाव की व्यवस्था, फुटकर विक्रेताओं को स्थायी जगह दिलाना, बाजार से गुजर रहे 11000 वोल्टेज के हाई टेंशन तारों को कवर करना और पीडब्ल्यूडी



सांसद व अन्य।

सड़क से रुक्मिणी गुप्त कन्या विद्यालय तक सड़क निर्माण शामिल हैं।सांसद ने सभी मांगों के समर्थन में संबंधित विभाग और मंत्रालय से बात कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन के बाद आयोजक मंडली के सदस्य और बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिट्ठू ने सांसद का स्वागत करते हुए सार्थक पहल की उम्मीद जताई।इस अवसर पर बेलदौर के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने बेलदौर होते हुए रेलवे लाइन जोड़ने की पहल करने पर भी सांसद का ध्यान आकर्षित किया।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि पवन जायसवाल, जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, भाजपा नेता रंजन राज, भाजपा नेत्री किरण देवी, बेलदौर नगर पंचायत अध्यक्ष ममता कुमारी, लोजपा (आर) के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह सहित एनडीए के दर्जनों नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रावणी मेला को लेकर स्टेशन पर सघन जांच, कांवरियों व रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेल पुलिस अलर्ट

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अंतिम सोमवार को लेकर कांवरियों एवं रेल यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर रेल पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी है। इसी क्रम में जमालपुर स्टेशन परिसर में रेल पुलिस की टीम ने ड़पर डग के साथ सघन सर्च अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य स्टेशन परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि, वस्तु अथवा सामान की समय रहते पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना रहा।सर्च अभियान का नेतृत्व रेल थाना अध्यक्ष स्वराज कुमार ने किया। उनके निर्देशन में एसआई मुन्ना कुमार, एएसआई अमरेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल प्रतिभा कुमारी के साथ कांस्टेबल सत्यम कुमार, अलीशा कुमारी, सोनू कुमार एवं कल्पना कुमारी सहित रेल पुलिस की


प्लेटफार्म पर सर्च अभियान चलाते रेल पुलिस।

टीम ने स्टेशन के विभिन्न हिस्सों की बारीकी से जांच की।डग सयड की मदद से प्लेटफर्म,प्रतीक्षालय, प्रवेश एवं निकास द्वार, यात्री परिसर, पार्किंग क्षेत्र तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन तलाशी ली गई। इस दौरान यात्रियों के सामान और स्टेशन परिसर में पड़े लावारिस सामान पर भी विशेष नजर रखी गई।श्रावणी मेला के अंतिम सोमवार को बाबा धाम जाने और लौटने वाले कांवरियों के साथ बड़ी संख्या में रेल यात्रियों के जमालपुर स्टेशन पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए रेल पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने यात्रियों से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की सूचना तत्काल रेल पुलिस को दें और अफवाहों से बचें।रेल पुलिस की सक्रियता से स्टेशन परिसर में सुरक्षा का माहौल और मजबूत हुआ है। मेला अवधि में यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस टीम लगातार निगरानी और जांच अभियान जारी रखेगी।

## महंगाई के खिलाफ महागठबंधन का हल्लाबोल

**जमालपुर(मुंगेर) -** चीनी खाद्य तेल,प्याज समेत रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के विरोध में महागठबंधन की ओर से जमालपुर में जनआंदोलन किया गया। जुवली वेल चौक पर इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तांती के नेतृत्व में महंगाई रूपी रावण का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए महंगाई पर तत्काल प्रभावी नियंत्रण की मांग की।नरेंद्र कुमार तांती ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है। चीनी, खाद्य तेल और प्याज जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में राहत देना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाकर आम लोगों को राहत पहुंचाई जानी चाहिए।कार्यक्रम में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के प्रधान महासचिव अजय यादव के अलावा कुंदन तांती, बृजमोहन तांती, जनार्दन, लक्ष्मण चौरसिया, सुरेंद्र लाल, बबलू सर, अमित रंजन, बिट्टू जी, कमलेश्वरी तांती एवं तारिणी तांती मौजूद रहे। वहीं राजद के वरीय नेता मंटू यादव, रेखा देवी, निरंजन यादव, ष्ण देव चौरसिया, पिंटू सिंह, सुनील कुमार, दीप नारायण ठाकुर एवं प्रतिमा चौरसिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यकर्ताओं ने चीनी-तेल-प्याज के बढ़ते दाम, जनता मांगे महंगाई पर लगाम जैसे नारे लगाए। महागठबंधन नेताओं ने कहा कि महंगाई के खिलाफ लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से जनआंदोलन को और मजबूत किया जाएगा।

## बीएमपी-9 जमालपुर में महिला प्रशिक्षु कांस्टेबल की संदिग्ध मौत

### बाथरूम में गिर पड़ा मिला महिला जवान की शव

**जमालपुर(मुंगेर) -** बिहार विशेष सशस्त्र पुलि -9 जमालपुर में बेसिक ट्रेनिंग कर रही एक महिला प्रशिक्षु कांस्टेबल की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान पश्चिमी चंपारण (बेतिया) जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र स्थित चंपारण गांव निवासी लगभग 24 वर्षीय अवंतिका सिंधु के रूप में हुई है। वह पटना पुलिस लाइन से 216 दिनों की बेसिक ट्रेनिंग के लिए 16 अगस्त की रात बीएमपी-9 जमालपुर पहुंची थी और 17 अगस्त से प्रशिक्षण शुरू किया था।रविवार सुबह सभी प्रशिक्षु जवान मैदान में शारीरिक प्रशिक्षण में शामिल थे। इस दौरान अवंतिका मैदान में नहीं दिखी। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद जब


जांच करते पुलिस।

साथी महिला जवान बैरक लौटीं तो बाथरूम में वह अचेत अवस्था में गिरी मिलीं। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जमालपुर लाया गया, जहां चिकित्सा प्रभारी ड़ अशोक कुमार पासवान ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डक्टर ने बताया कि महिला जवान के गले पर फंदे जैसा निशान दिखाई दे रहा है, लेकिन मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।घटना की सूचना मिलते ही बीएमपी-9 के समादेष्टा मिथिलेश प्रसाद अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रथम ष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आधिकारिक रूप से कुछ कहा जा सकेगा। स्थानीय पुलिस को भी सूचना दे दी गई है।जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान और ईस्ट कलोनी थाना प्रभारी पुष्पा कुमारी ने अस्पताल व बीएमपी-9 परिसर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बैरक में रह रही साथी महिला जवानों ने बताया कि अवंतिका सुबह से अस्वस्थ और कुछ तनाव में दिख रही थीं। घटना के बाद बीएमपी-9 परिसर में शोक और सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दे दी है और पूरे मामले की जांच जारी है।

## रंगों में सजी बच्चों की कल्पनाओं की उड़ान

### केन्द्रीय संस्थान में ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिता

**जमालपुर (मुंगेर) -** केन्द्रीय संस्थान जमालपुर कारखाना में रविवार को मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल के दिशा निर्देशन में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से ड्रइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कारखाना के


प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

सदस्यों के करीब 60 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कागज पर जीवंत किया।प्रतियोगिता का संचालन एवं परीक्षा नियंत्रण केन्द्रीय संस्थान के उपाध्यक्ष सह डिप्टी क्रेन अभिनय कुमार तथा उपाध्यक्ष सह एई संतोष कुमार की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न विषयों पर बच्चों ने आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कला प्रतिभा, कल्पनाशीलता और सृजनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में केन्द्रीय संस्थान के सचिव केक़्भार्गव तथा जीएमसी कमिटी के कल्चरल सचिव मुकेश कुमार एवं अमित रंजन की अगुवाई में आयोजन समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं प्रवीण कुमार, मनोज कुमार एवं सुशील कुमार सिंह ने प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को संभालने में सक्रिय सहयोग किया।प्रतियोगिता के सफल संचालन में सहयोगी एसएसई के रूप में परिमल कुमार, सतीश कुमार, राणा प्रताप सिंह, उत्तम कुमार, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, शेखर कुमार एवं निर्भय कुमार सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।आयोजकों ने कहा कि बच्चों के बीच इस तरह की रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन उनकी प्रतिभा को पहचान देने के साथ-साथ आत्मविश्वास, कल्पनाशीलता और कला के प्रति रुचि को बढ़ावा देता है। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया।

## वंदे भारत एक्सप्रेस से 88 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर) ।** जमालपुर रेलवे स्टेशन पर सीआईबी की टीम ने आरपीएफ के सहयोग से कार्रवाई करते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस से उतरने के बाद संदिग्ध अवस्था में भाग रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके ट्रली बैग और पिट्ठू बैग से कुल 88 पैक अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 16,740 रुपये बताई गई है।जानकारी के अनुसार विश्वसनीय सूचना के आधार पर सीआईबी जमालपुर की टीम आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के अधिकारी व जवानों के साथ स्टेशन पर जांच अभियान चला रही


बरामद शराब को दिखाते आरपीएफ।

थी। इसी दौरान ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस प्लेटफर्म संख्या दो पर पहुंची। ट्रेन से एक व्यक्ति ट्रली बैग और बैकपैक लेकर तेजी से एस्केलेटर वाले मध्य फुट ओवरब्रिज की ओर जाता दिखा। टीम ने उसे रुकने के लिए कहा, लेकिन वह भागने लगा। जवानों ने घेराबंदी कर उसे फुट ओवरब्रिज पर पकड़ लिया।पूछताछ में उसकी पहचान जमालपुर थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर निवासी 41 वर्षीय मंजीत कुमार, पिता सदानंद प्रसाद के रूप में हुई। तलाशी में ट्रली बैग से 54 टेट्रा पैक और पिट्ठू बैग से विदेशी शराब की 34 बोतलें बरामद हुईं। मंजीत ने बताया कि वह हावड़ा से शराब खरीदकर मुंगेर में बिक्री के लिए ला रहा था। उसके पास हावड़ा से जमालपुर का वंदे भारत एक्सप्रेस का टिकट भी मिला। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव एवं सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा ने जब्ती सूची तैयार कर शराब को जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर बरामद शराब समेत उत्पाद थाना मुंगेर को सौंप दिया गया।

# शहीद रामफल मंडल को मिले शहीद का दर्जा पाठ्यक्रम में शामिल हो जीवनी : नचिकेता

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** दलहट्टा दुर्गा स्थान जमालपुर के प्रांगण में अति पिछड़ा सेना की ओर से बिहार की माटी के सपूत अमर शहीद रामफल मंडल का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अति पिछड़ा सेना के संयोजक एवं जदयू जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने किया। मुख्य अतिथि जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल एवं जदयू जिलाध्यक्ष सौरभ निधि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद रामफल मंडल के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई।



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि सहित अन्य।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मात्र 19 वर्ष की उम्र में देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले रामफल मंडल के योगदान को इतिहास में उचित स्थान मिलना चाहिए। वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार से उन्हें शहीद का दर्जा देने, उनके जीवन पर शोध संस्थान स्थापित करने तथा जीवनी को विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की।अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने मुंगेर जिला मुख्यालय में शहीद रामफल मंडल एवं पूर्व सांसद ब्रह्मानंद मंडल की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ब्रह्मानंद मंडल के नाम पर बड़े भवनों तथा मुंगेर विश्वविद्यालय या मेडिकल कलेज का नामकरण किया जाना चाहिए।विधायक नचिकेता मंडल ने कहा कि सांसद रामप्रीत मंडल के प्रयास से केंद्र सरकार द्वारा शहीद रामफल मंडल पर डाक टिकट जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों से किए जा रहे प्रयासों को पहली बार सरकारी मान्यता मिलने जा रही है। रामफल मंडल पिछड़ा-अति पिछड़ा समाज के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के प्रतीक हैं। उनके जीवन पर शोध कर विद्यालयी पाठ्यक्रम में शामिल कराना अगला लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने मुंगेर विश्वविद्यालय के आसपास शहीद रामफल मंडल छात्रावास एवं आधुनिक लाइब्रेरी बनाने की दिशा में भी पहल की बात कही।कार्यक्रम में अति पिछड़ा समाज के लिए लोकसभा-विधानसभा में आबादी के अनुरूप आरक्षण, राजनीतिक दलों में एक तिहाई टिकट, न्यायिक एवं निजी क्षेत्र में आरक्षण, रोहिणी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण सीमा बढ़ाने तथा बेरोजगार युवाओं को बिना गारंटी ऋण देने समेत कई मांगें रखी गईं।मौके पर गोपाल ष्ण,हरे राम,रामजीवन मंडल, रामानंद सिंह, विनय कुमार सिंह, मिथिलेश मंडल, संजय कुमार, शिवशंकर मंडल, सोहन मंडल, नीरज मंडल, विनय कुमार पटेल, पंकज कुमार, प्रमोद कुमार, नंदकिशोर मंडल, अशोक कुमार मंडल, राजेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार, आनंदी मंडल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पवन एक्सप्रेस के एस-05 में चोरों और पाकेट मारों के कहर से मची कोहराम

**सोनपुर (एनएसबी)** गाड़ी संख्या 11061 पवन एक्सप्रेस के एस़ 05 में चोरों और पाकेट मारों के कहर ने यात्रियों को यात्रा के रात्रि समय में हाथ साफ करने दौरान रंगेहाथ पकड़े गए और पुलिस को यात्रियों ने सौप दिया। । दिन गुरुवार की मध्य रात्री में गाड़ी संख्या 11061 पवन एक्सप्रेस के बोगी संख्या एस-05 में कुछ अपराधी किस्म का कुछ युवक घुसकर सफर कर रहा था। कुछ ही देर में बोगी में हल्ला होने लगी चोर-चोर की साथ ही यात्री अपने सामानों की देखने में एक यात्री का बैग गायब पाई गई, यात्रियों चोर की खोज में अलग बोगी में बैग चुपचाप बैठा रंगेहाथ पकड़कर प्रयागराज से पहले रात के अंधैरे में पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को सौंपने के बाद यात्रियों ने राहत ली, लेकिन कुछ देर के बाद एक यात्री का पाकेट से मोबाइल खिंचने के क्रम में पकड़ा गया और तलाशी के दौरान यात्रियों का किमती मोबाइल उसके पास से निकला और यात्री अपना मोबाइल लेते हुए प्रयागराज स्टेशन पर पुलिस को सौंप। एस-05 के यात्रियों के लिए रातभर चोर के पीछे भाग दौड़ में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेल प्रशासन के अधिकारी सबसे बड़ी यात्रियों की सुरक्षा का आश्वासन मिलती और सुरक्षित बोगी में चोर-उचका किसके इशारे पर घुस जाते हैं। ऐसी घटना पर और रोकने के लिए कौन जिम्मेवार होता है।

### रेल ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में महिला की मौत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बखि्तयारपुर में रेल ट्रैक पार करने के दौरान एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। महिला की पहचान की प्रक्रिया की जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने लोगों से रेल ट्रैक पार करते समय सावधानी बरतने और निर्धारित मार्ग का ही उपयोग करने की अपील की है।

### स्मार्ट टीवी पर भोजपुरी गीत बजने का वीडियो वायरल, स्कूल से जुड़ा होने का दावा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** स्मार्ट क्लास के लिए लगाए गए स्मार्ट टीवी पर भोजपुरी गीत बजने और कुछ छात्र-छात्राओं के उस पर नृत्य करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा है। वायरल वीडियो को नवादा उच्च विद्यालय से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि, दैनिक नवसंदेश वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है। वीडियो कब, कहां और किस परिस्थिति में बनाया गया, इसकी भी तत्काल आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। वीडियो में दिखाई दे रहे विद्यालय और विद्यार्थियों की पहचान की भी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मामला सही पाए जाने पर विद्यालय स्तर पर स्मार्ट क्लास के उपकरणों के उपयोग और विद्यार्थियों की निगरानी को लेकर सवाल उठ सकते हैं। संबंधित विद्यालय अथवा शिक्षा विभाग की ओर से आधिकारिक जानकारी मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### तालीवपुर में स्मैक बिक्री के आरोप में महिला गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** तालीव पुर क्षेत्र में स्मैक बेचने के आरोप में पुलिस ने प्रीति नामक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। मामले में पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी है। कार्रवाई की जानकारी आयुष श्रीवास्तव ने दी।

### कई मामलों में आरोपी गिरफ्तार, कुछ ने किया आत्मसमर्पण

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बखि्तयारपुर और शालिमपुर थाना क्षेत्र में हुई विभिन्न घटनाओं के सिलसिले में पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि कुछ आरोपियों द्वारा न्यायालय में सरेंडर किए जाने की भी सूचना है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री आवास के पास गोलीबारी के मामले के साथ-साथ जुल्मीयादव से जुड़े मामले में कार्रवाई शामिल बताई जा रही है। पुलिस द्वारा सभी मामलों में आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री ने गरीब चौपाल का आयोजन कर आम लोगों की समस्या सुनी

**मुंगेर -** जिले के नगर भवन परिसर में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से़) की ओर से गरीब चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री सह हम (से़) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ड़ संतोष कुमार सुमन मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष ड़ अनिल कुमार, सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी, राष्ट्रीय सचिव


उद्घाटन करते अतिथि।

निलेश कुमार सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और आम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। वहीं कार्यकर्ताओं ने फूलों की बड़ी माला, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर मंत्री सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया।मुंगेर के नगर भवन परिसर में आयोजित गरीब चौपाल में बड़ी संख्या में लोग जुटे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने गरीबों और आम लोगों की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी। वहीं चौपाल में पहुंचे लोगों से उनकी समस्याओं से जुड़े लिखित आवेदन भी लिए गए। पार्टी नेताओं के मुताबिक, इन आवेदनों को मंत्री के कार्यालय तक पहुंचाया जाएगा, जहां समस्याओं के समाधान को लेकर मंत्री स्वयं कार्रवाई करेंगे। गरीब चौपाल के दौरान प्रदेश में चीनी के बढ़ते दाम का मुद्दा भी उठा। विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि त्योहारों के सीजन में कुछ मुनाफाखोर और जमाखोर चीनी का स्टक कर लेते हैं, जिससे बाजार में कीमत बढ़ जाती है। मंत्री ने कहा कि सरकार जमाखोरी करने वालों को चिति कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने माना कि इस वर्ष गन्ने का उत्पादन कम होना भी चीनी की कीमत बढ़ने की एक वजह है। बाजार में कीमतों को सामान्य करने के लिए चीनी के आयात समेत जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं और जल्द ही चीनी के दाम नियंत्रित होने की उम्मीद है।वहीं गरीबों के मुद्दे पर संतोष सुमन ने कहा कि एनडीए सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। हम (से़) सीधे गरीबों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रही है और उन समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम कर रही है।

### अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**बाढ़, एनटीपीसी व पंडारक समेत कई इलाकों में बंद मकानों को बनाते थे निशाना**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस ने अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह बाढ़, एनटीपीसी, पंडारक सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में बंद मकानों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से नगद राशि के साथ आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और पूर्व की घटनाओं के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### मोकामा में ललन सिंह के जनसंपर्क कार्यक्रम की तैयारी तेज

**24 अगस्त को छक। की तैयारी बैठक, 28 अगस्त को होगा जनसंपर्क**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** केंद्रीय मंत्री सह मुंगेर सांसद राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) के 28 अगस्त को मोकामा नगर में प्रस्तावित जनसंपर्क कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 24 अगस्त को सुबह 11 बजे नगर परिषद मोकामा में छक। की बैठक आयोजित की जाएगी। जदयू संगठन जिला बाढ़ के जिलाध्यक्ष मयंक राज ने संगठन के सभी पदाधिकारियों, नगर अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं से बैठक में ससमय उपस्थित होकर तैयारियों को गति देने की अपील की है। जनसंपर्क कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

### आवागमन पर मंडराया संकट राहगीरों की बढ़ी परेशानी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा के बढ़ते जलस्तर के बीच करजान-ताजपुर के बीच बने टेम्परेरी पुल पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है। पुल पर पानी पहुंचने से आवागमन को लेकर स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जलस्तर में और वृद्धि हुई तो आवाजाही प्रभावित हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से स्थिति पर नजर रखने और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### बाढ़ की नई एसडीएम बनीं कृष्णा जोशी


कृष्णा जोशी।

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल की नई अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) के रूप में सुश्री ष्णा जोशी की पदस्थापना की गई है। वहीं, गरिमा लोहिया को दरभंगा नगर आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासनिक स्तर पर हुए इस बदलाव के बाद बाढ़ अनुमंडल में नई एसडीएम से बेहतर प्रशासन, प्रभावी जनसुनवाई और विकास योजनाओं को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक कार्यों में तेजी पर भी नजर रहेगी।

### प्रतिनियुक्ति रद्द, फिर भी मूल विद्यालय में योगदान नहीं

**डीईओ के आदेश के बावजूद कई शिक्षक कार्यालयों में जमे, वेतन स्थगन के निर्देश का भी असर नहीं**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना के ज्ञापांक 11143, दिनांक 21 अगस्त 2026 से विभिन्न कार्यालयों में की गई प्रतिनियुक्तियां रद्द कर शिक्षकों को उनके मूल विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। संबंधित विद्यालय प्रधानों को भी प्रतिनियुक्त शिक्षकों को कार्यविरमित कर मूल विद्यालय में योगदान सुनिश्चित कराने तथा योगदान नहीं करने की स्थिति में चालू माह का वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में प्रतिनियुक्त रहे कुछ शिक्षकों के शनिवार तक मूल विद्यालय में योगदान नहीं देने की सूचना है। इससे विभागीय आदेश के अनुपालन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। चर्चा है कि कुछ विद्यालय प्रधानों द्वारा संबंधित शिक्षकों के वेतन विपत्र भी अग्रसारित कर दिए गए हैं। अब सवाल यह है कि जब जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रकार की प्रतिनियुक्तियां स्पष्ट रूप से निरस्त कर दी हैं, तो आदेश के बावजूद मूल विद्यालय में योगदान नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं हुई विभागीय आदेश के अनुपालन और वेतन संबंधी निर्देशों की निगरानी को लेकर भी शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर नजर बनी हुई है।

बाढ़ के पानी में डूबा शाहपुर का दियारा, प्रशासन ने संभाला मोर्चा, गंगा उफनाई तो डूबने लगे खेत-खलिहान

# 13 पंचायतों में घुसा बाढ़ का पानी

दैनिक नवसंदेश

**शाहपुर।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से शाहपुर प्रखंड में बाढ़ का संकट गहराता जा रहा है। नदी का पानी नए-नए इलाकों में फैलने के साथ ही सैकड़ों एकड़ में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं। करीब आधा दर्जन प्रमुख ग्रामीण सड़कों पर बाढ़ का पानी चढ़ जाने से आवागमन प्रभावित हो गया है। वहीं, एक दर्जन से अधिक विद्यालयों के आसपास पानी पहुंचने से पठन-पाठन प्रभावित होने की स्थिति बन गई है।

बाढ़ के हालात का जायजा लेने के लिए शाहपुर सीओ आनंद प्रकाश ने जवइनिया, लालू डेरा, बहोरनपुर, लाक्षुटोला और गौरा पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित इलाकों में जलस्तर और आवागमन की स्थिति का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सीओ ने बताया कि अंचल के सभी राजस्व कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में रहकर बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। बाढ़ का पानी सारंगपुर-लाक्षुटोला पथ, करजा-चारघट पथ, गौरा-गोविंदपुर पथ, चमरपुर-बहोरनपुर पथ, सोनकी-बुझाराय का डेरा पथ तथा मरचइया-राम दयाल ठाकुर का डेरा पथ पर पहुंच गया है। पानी बढ़ने के कारण इन मार्गो पर आवागमन प्रभावित होने लगा है। बाढ़ का पानी खेतों में प्रवेश करने से सैकड़ों एकड़ में लगी खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं। दामोदरपुर और जवइनिया के बधार में बड़े पैमाने पर की गई परवल की खेती बाढ़ के पानी में पूरी तरह नष्ट हो गई है। किसानों को अन्य फसलों के भी बड़े पैमाने पर नुकसान की आशंका है।

## बाढ़ की तेज धार में बह गई 40 भैंसें

लाक्षुटोला गांव में बाढ़ की तेज धार ने पशुपालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पानी की तेज धारा में सौ से अधिक भैंसों के बह जाने की बात सामने आई है। गांव के पाशंकर यादव ने बताया कि करीब 60 भैंसों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि लगभग 40 भैंसों का अब तक पता नहीं चल सका है। पशुपालक बाढ़ के पानी में अपने पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं।

लक्षुटोला, दामोदरपुर, लालू डेरा, बहोरनपुर, प्रसौन्डा, बरिसवन, गौरा, करजा, डुमरिया, सहजौली, हरिहरपुर, सुहिया और ईश्वरपुरा पंचायतों के कई गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। गांवों के निचले इलाकों में पानी बढ़ने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार निगरानी रखने का दावा किया जा रहा है।

### पांच विद्यालयों में 29 तक पठन-पाठन स्थगित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के निर्देश के आलोक में जिले में गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते शाहपुर, कोईलवर एवं बड़हरा प्रखंड के प्रभावित क्षेत्रों में स्थित निम्नलिखित विद्यालयों में 24 से 29 2026 तक पठन-पाठन स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। इन विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय, शिवपुर, ई-आवास प्राथमिक विद्यालय, बरिसवन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ज्ञानपुर, प्राथमिक विद्यालय, जीवा राय के टोला एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नेकनाम टोला शामिल हैं।

# प्रदीप नारायण दास अध्यक्ष व डॉ. आदित्य बिजय जैन बने महासचिव



### भोजपुर चैम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री, आरा के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न

### व्यावसाइयों की समस्या सरकार तक पहुंचाएंगे : जीवन कुमार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर चैम्बर अफ कमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, आरा के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से प्रदीप नारायण दास अध्यक्ष एवं ड़ आदित्य बिजय जैन महासचिव पद के लिए मनोनित हुए। आम सभा श्री मैना सुन्दर भवन में सम्पन्न हुई।

उपाध्यक्ष पद पर मातादीन अग्रवाल एवं जीवन कुमार, संयुक्त सचिव मनीष अग्रवाल एवं गुरूचरण सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर संजय जालान का मनोनयन हुआ। साथ ही कार्यकारिणि सदस्य के रूप् में मो़ समर, कृष्ण माधव अग्रवाल, सुनील नैयर, धीरेन्द्र चन्द जैन, संजीव गुप्ता, शम्भु प्रसाद, प्रेम शंकर सिंह, जय प्रकाश अग्रवाल का मनोनयन हुआ। सुनील नैयर ने उद्योग, संजीव गुप्ता ने बैंकिंग एवं वित्त, संचित अग्रवाल ने श्रम संसाधन, अजित कुमार ने ईपीएफ एवं ईएसआईसी, धीरेन्द्र चन्द्र जैन ने विद्युत, मनीष अग्रवाल ने विधि व्यवस्था, प्रेम शंकर सिंह ने रेलवे हवाई एवं जल मार्ग, राजेष अग्रवाल ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण, अलख नारायण दास ने ई-बिजनेस, राज बाबु केशरी ने पर्यटन के माध्यम से नए उद्यम की संभावनाएं, संजय गुप्ता ने ट्रांस्पोर्ट, आदित्य बिजय जैन नागरिक सुविधा, सिद्ध बिजय जैन ने युवा शक्ति का सदुपयोग, समर ने जीएसटी, आदेश जैन यातायात, हर्षित बिजय जैन ने आयकर से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि बिहार चैम्बर अफ कमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, पटना के अध्यक्ष पीके अग्रवाल ने व्यवसायियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है। व्यवसायियों को संगठित रहना अति आवश्यक होता है। नवपदस्थापित उपाध्यक्ष जीवन कुमार, विधान पार्षद ने कहा कि बिहार का विकास हेतु सरकार द्वारा भी कई योजनाएं बनायी जा रही हैं। उन्होंने व्यवसायी हित में यूपी़आई पर लगने वाला चार्ज हटाने, भोजपुर में उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने के साथ उठाये मुद्दों को सरकार तक पहुंचाकर निदान कराने की बातें कहीं। ड़ एसके़ रूंगटा ने कहा कि हमें एकजुट रहना है, क्योंकि हम व्यवसायी ही सबसे बड़े टैक्स पेयर हैं।

महासचिव डॉ. आदित्य बिजय जैन ने व्यवसायी की विभन्न छोटी-बड़ी कठिनाइयों को साझा करते हुए कहा कि मुख्य रूप से अनलाईन की अत्याधुनिक युग में हमें पारम्परिक व्यवसाय के साथ नयी तकनीक आधारित अनलाईन व्यवसाय पर भी ध्यान देना चाहिए। मौके पर पूर्व विधान पार्षद लाल दास राय, भाई ब्रह्मेश्वर, राम दिनेश यादव, आलोक अंजन, बीरबल यादव, राजेन्द्र पर्यावरण, अवीनाश अग्रवाल, सुनील नैयर, रवि जालान, अक्षत जालान, आदित्य खेमानी, मनोज खेमानी, मो. कामरान, राम.ष्ण अग्रवाल, अजीत रंजन, डी़ राजन, नवीन प्रकाष, डॉ. विजय गुप्ता, प्रतीक, बिभू जैन आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लापता अग्निवीर कुंदन कुमार के परिजनों से मिले सांसद



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के संदेश प्रखंड अंतर्गत जनेसरा गांव निवासी एवं भारतीय सेना के अगिवीर जवान कुंदन कुमार के लापता होने की सूचना के बाद आरा सांसद सुदामा प्रसाद आज उनके परिजनों से मिले और पूरे मामले की जानकारी ली। कुंदन कुमार वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में 5 ग्रेनेडियर्स में तैनात हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 अगस्त 2026 से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है तथा परिजनों से भी उनका संपर्क टूट गया है।

### मारपीट मामले का प्राथमिक आरोपी गिरफ्तार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर थाने की पुलिस ने प्राथमिक आरोपी जयप्रकाश उर्फ गोलू कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पचौना बाजार निवासी स्व. कन्हैया प्रसाद का पुत्र है। कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि 16 जून को पचौना बाजार निवासी राहुल कुमार ने कोईलवर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर थाने की पुलिस ने 2.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कुल्हड़िया गांव निवासी 22 वर्षीय धनजीत कुमार के रूप में हुई है।

### चार शराबियों को पुलिस ने भेजा जेल

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार थाने की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चार शराबियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार तरारी थाना क्षेत्र के कुसुम्हीं गांव निवासी रोहित कुमार व सन्नी कुमार को शराब पीकर हंगामा करते गिरफ्तार किया गया। वहीं हसनबाजार थाने के नारायणपुर गांव निवासी महेश कुमार व कातर गांव निवासी फिरोज को शराब के नशे में धूत स्थिति में गिरफ्तार किया गया।

### फिजियोथेरापिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने मरीजों को दिया परामर्श



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप 'फिजियोहील' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को मेगा फिजियोथेरेपी जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। फिजियोथेरापिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि आज स्पाइन एवं दर्द रिहैबिलिटेशन-डे के मौके पर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 50 से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। 40 से अधिक मरीजों की निःशुल्क जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया। 10 रेगुलर यानि पुराने मरीजों का भी प्राइमरी फिजियोथेरेपी इलाज और परामर्श दिया गया। अभियान के दौरान आज सभी मरीजों की निःशुल्क ब्लड प्रेशर जांच, वजन जांच एवं ब्लड शुगर जांच की गयी। उन्होंने बताया कि आज कमर दर्द, साइटिका, स्लिप डिस्क, गर्दन दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलीसीस आदि से पीड़ित मरीजों को सलाह दी गयी। डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि अब 30 अगस्त को ऑर्थेपिडिक रिहैबिलिटेशन-डे के मौके पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें घुटने का दर्द एवं अर्थराइटिस, फ्रोजन शोल्डर, खेल संबंधी चोटे, फ्रैक्चर के बाद उपचार, एसीएल/पीसीएल रिहैबिलिटेशन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### हथियार लेकर धमकाकर रंगदारी मांग रहे दो बदमाश गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सहार थाने की पुलिस ने शनिवार को गश्ती के दौरान सेवथा नट टोला के समीप हथियार और ऑल्टो कार के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया, उनके पास से पिस्तौल, दो मैगजीन, मोबाइल एवं चारपहिया वाहन बरामद हुआ। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने रविवार को प्रेस नोट जारी कर दी। गिरफ्तार बदमाशों में पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र के आजाद नगर का निवासी साहुल कुमार एवं भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव निवासी हुसैन नट है। एसपी दीक्षित के अनुसार लोगों को पिस्तौल दिखाकर डरा-धमका रहे दोनों बदमाशों को ग्रामीणों के सहयोग से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### बुजुर्ग महिला के घुटने का सफल रिप्लेसमेंट

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के महावीर टोला रोड स्थित मेडिकॉन हॉस्पिटल में शनिवार को बुजुर्ग महिला के घुटने का सफलतापूर्वक रिपेल्समेन्ट किया गया। इसके अलावे एक अन्य महिला के हाथ के एल्वो का भी सफलतापूर्वक रिप्लेसमेंट हुआ। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सूर्यकांत निराला ने दो मरीजों का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया। डॉ. निराला ने बताया कि शाहपुर प्रंखड के हरिहरपुर वार्ड नंबर-एक निवासी 72 वर्षीया पनिहारी देवी को पैर से चलने-फिरने में परेशानी होती थी। आज महिला के घुटने का रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक किया गया। ऑपरेशन के बाद बुजुर्ग महिला जल्द ही चलने-फिरने लगेगी। चिकित्सक ने बताया कि सदर प्रखंड के पिरौटा गांव निवासी शिवमुनि राम की पत्नी शांति देवी का 1 वर्ष पूर्व सड़क हादसे के दौरान हाथ टूट गया था। उक्त महिला का सफलतापूर्वक हाथ के एल्वो का रिपेल्समेंट किया गया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर बादल विराट ने बताया कियहां कई तरह के जटिल अपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किए जाते हैं। यहां आयुष्मान कार्ड से भी इलाज की सुविधा है।

### छात्रों की आवाज बनेगा छात्र संवाद, एक सितंबर को जुटेंगे विद्यार्थी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से एक सितंबर को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कतिरा मोड़ स्थित पुराने परिसर के राधाकृष्णन सभागार में छात्र संवाद आयोजित किया जाएगा। तैयारियों को लेकर रविवार को आरा क्लब मोड़ स्थित कैरियर बस इंस्टीट्यूट में बैठक हुई। अध्यक्षता छात्र रालोमो के भोजपुर जिलाध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष अनीश मौर्या मुख्य रूप से शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र पाठक, प्रदेश महासचिव बद्रीनारायण पाठक, प्रदेश सचिव सुमित गोस्वामी, विकास पासवान, दीपक कुमार, प्रिंस कुशवाहा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आइसा ने आमरण अनशन कर रहे छात्रों का किया समर्थन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पटना के गर्दनीबाग में पिछले बीस दिनों से आमरण अनशन कर रहे छात्रों की मांगों के समर्थन में रविवार को आइसा कार्यकर्ताओं ने आरा में प्रतिरोध मार्च निकाला। भाकपा-माले जिला कार्यालय श्रीटोला से निकला मार्च आरा बस स्टैंड पहुंचा, जहां शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी का पुतला दहन किया गया। मार्च का नेतृत्व आइसा भोजपुर जिला सहसचिव रौशन कुशवाहा ने किया। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों को लेकर छात्र लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

# एसपी ने नगर के प्रमुख मंदिरों का किया निरीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सावन मास की अंतिम सोमवारी को लेकर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने रविवार को नगर थाना क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने शहर के महादेवा रोड स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, आरण्य देवी मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सावन मास की अंतिम सोमवारी को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और विधि-



व्यवस्था को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बता दें कि सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर शहर के मंदिरों में महिला-पुरुष श्रद्धालु-भक्तों की भारी भीड़ उमडती है।

## हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**आरा/संदेश (दैनिक नवसंदेश)।** अजीमाबाद पुलिस ने अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ बदमाश को करवासीन गांव स्थित उसके घर से शनिवार को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके घर से देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

पुलिस ने यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर हथियार लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। गिरफ्तार बदमाश करवासीन गांव निवासी चंदन कुमार है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने दी। शनिवार को इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस को मिला था जिसमें उक्त आरोपी अपने हाथ में हथियार लेकर लहराते देखा जा रहा था। वीडियो के सत्यापन के बाद अजीमाबाद थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने चंदन कुमार के घर छापेमारी की। तभी पुलिस को देख वह भागने लगा। सशस्त्र बल के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## ईद-मिलाद-उन-नबी को लेकर विभिन्न थानों में हुई शांति समिति की बैठक



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर आगामी ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को जिले के विभिन्न थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। इस दौरान पर्व के दौरान आपसी सद्भाव बनाए रखने, शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजन संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। भोजपुर पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व को प्रेम, शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाएं। जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## मधेशिया वैश्य सभा नगर शाखा का चुनाव संपन्न

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के शीशमहल चौक स्थित श्री हरखेन कुमार जैन धर्मशाला में रविवार को अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा नगर शाखा आरा की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ,

### प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी ने संपन्न कराया चुनाव

जिसमें बिहार प्रदेश अध्यक्ष सुरेश साह, बिहार महामंत्री रुपेश कुमार और बिहार प्रदेश कोषाध्यक्ष रामा गुप्ता संयुक्त रूप से शामिल हुए और उनके नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि व्यावसायी व समाजसेवी शत्रुघ प्रसाद गुप्ता और पटना जिलाध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता शामिल हुए। संचालन बिहार प्रदेश महामंत्री रूपेश कुमार ने किया।




इस चुनाव में अध्यक्ष पद से देवनाथ प्रसाद निर्वाचित हुए। वहीं महामंत्री पद के लिए पवन कुमार (प्रधान शिक्षक) एवं कोषाध्यक्ष के लिए प्रभुनाथ प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए। साथ ही साथ युवा कमेटी का भी चुनाव इस बैठक में किया गया। युवा कमेटी में अध्यक्ष पद से सुमन कुमार गुप्ता, महामंत्री पद के लिए रंजीत कुमार गुप्ता व कोषाध्यक्ष पद के लिए हरि ओम गुप्ता निर्विरोध रूप से चुने गए। कमेटी के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारी को सभी ने संयुक्त रूप से बधाई दी और आगे कमेटी का विस्तार और चरणबद्ध तरीके से कर समाज के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## नौ सूत्री मांगों के समर्थन में कॉलेज शिक्षकों का प्रदर्शन

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर महात्मा गांधी कालेज लहराबाद पीरो के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों द्वारा सरकार से नौसूत्री मांगों के लिए काला बिल्ला लगा कर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने सम्बद्ध महाविद्यालय महाविद्यालयों में अपनी सेवा दे रहे शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मियों के लिए वेतन-पेंशन लागू करने, पटना उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालनकरने, बकाया अनुदान राशि का शीघ्र भुगतान करने, शिक्षा समिति बिहार विधानपरिषद की रिपोर्ट लागू करने आदि मांगों को उठाते हुए शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व बिहार राज्य संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष डा़ हरेन्द्र कुमार सिंह ने कर रहे थे। प्रदर्शन में महाविद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याता सहित सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भाग लिया । इस दौरान शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने एक स्वर में कहा कि सरकार उनके साथ नाइंसाफी न करे अन्यथा बाध्य होकर वे चरणबद्ध आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरेंगे।



## शिक्षकों के स्थानांतरण की नीति त्रुटिपूर्ण, पुनर्विचार करे सरकार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ ने शिक्षक स्थानांतरण नीति को त्रुटिपूर्ण बताते हुए शिक्षा विभाग से इस पर पुनर्विचार की मांग की है। पीरो में आयोजित बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू ने कहा कि सेवा के आधार पर वरीयतम शिक्षकों को अधिशेष कोटि मानकर अन्य विद्यालय में समायोजन किया जाना नियम विरुद्ध एवं विभागीय मनमानी का द्योतक है। शिक्षकों के स्थानांतरण हेतु चल रही रेशनलाइजेशन प्रक्रिया में व्यापक अनियमितता है। शिक्षा विभाग वरीय विशिष्ट शिक्षक एवं विद्यालय अध्यापकों को मनमाने ढंग से अधिशेष (सरप्लस) घोषित कर उन्हें स्थानांतरित कर रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण एवं अव्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षकों को भी सरप्लस घोषित किया गया है जिनकी नियुक्ति स्वीकृत रिक्त पदों पर विधिवत हुई थी। कई विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात निर्धारित मानकों के अनुरूप होने के बावजूद शिक्षकों को अधिशेष घोषित किया गया है। इससे शिक्षकों में भारी असंतोष एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। बीएसटीए के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि इस मामले पर यदि शिक्षा विभाग तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम नहीं उठाता है तो शिक्षक संघ शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक आंदोलन चलाने को बाध्य होगा। अरुण कुमार सिंह उर्फ गोरखनाथ सिंह ने कहा कि नियोजित शिक्षकों को मिलने वाला 8 वर्षों पर प्रमोशन, 5 वर्षों पर प्रधानाध्यापक में प्रमोशन एवं कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

# उमस भरी गर्मी में बिजली गुल, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान रमदतही गांव के ग्रामीणों का रविवार की सुबह आक्रोश फूट पड़ा। उमस भरी गर्मी के बीच बड़ी संख्या में ग्रामीण शाहपुर-करनामेपुर मुख्य सड़क पर उतर आए और रमदतही गांव के समीप सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया जा रहा है।

ग्रामीणों के सड़क पर उतरने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लगभग तीन घंटे के लिए आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। जिसके बाद करनामेपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने गुस्साए ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम को खुलवाया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पिछले करीब तीन माह से बिजली आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब है। बार-बार ट्रांसफार्मर



### ग्रामीणों के सड़क पर उतरने से दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी कतार, लगभग तीन घंटे तक आवागमन रहा प्रभावित रहा

### ग्रामीणों के अनुसार, यहां बार-बार खराब होता है ट्रांसफॉर्मर जिससे लोगों को होती है परेशानी

जलने अथवा खराब होने के कारण कई-कई दिनों तक बिजली बाधित रहती है। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर बनने के बाद आपूर्ति शुरू होती है, लेकिन महज एक-दो दिन बाद ही फिर खराब हो जाता है। इसके चलते उपभोक्ताओं को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर अपराधी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** म्यूल खाते से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से लेनदेन के मामले में पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरतार किया है। गिरतार अभियुक्त पटना जिले के पसिही गांव निवासी लोटन चौधरी का पुत्र प्रकाश कुमार है। बता दें कि भोजपुर साइबर थाना को कुछ म्यूल खाता से संबंधित सूचना प्राप्त हुई थी, जिससे बड़े पैमाने पर अवैध रूपये की लेन देन की जा रही थी। अभियुक्त भोले-भाले लोगो को प्रलोभन देकर उसके बैंक खातों का इस्तेमाल अवैध लेन-देन के लिए कर रहा था। इस कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों को साइबर पुलिस पूर्व में गिरतार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### 2 सितंबर के प्रदर्शन की तैयारी को लेकर ट्रेड यूनियन ने किया बैठक

**कुर्था (एनएसबी)।** बिहार में मजदूर-कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 2 सितंबर को पटना के गर्दनीबाग में आयोजित राज्यस्तरीय विशाल प्रदर्शन की तैयारी को लेकर रविवार को कुर्था स्थित सूर्य मंदिर परिसर में ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न मजदूर एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में स्वच्छता कर्मचारी, विद्यालय सफाई कर्मचारी और रसोइया समेत अन्य कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने समय पर मजदूरी व मानदेय नहीं मिलने, मजदूरी में कटौती, ठेका प्रथा और निजीकरण का विरोध किया। ट्रेड यूनियन के बिहार राज्य सदस्य गोविंद कुमार ने कहा कि चार लेबर कोड के जरिए मजदूरों के अधिकारों में कटौती की जा रही है। उन्होंने आशा, आंगनबाड़ी, रसोइया, स्वच्छता कर्मियों सहित सभी मजदूरों से 2 सितंबर के प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। बैठक में जितेंद्र, ममता देवी, लक्ष्मी कुमारी, कुदरत, विनोद, सुनैना देवी सहित बड़ी संख्या में मजदूर-कर्मचारी मौजूद रहे। जानकारी सिंधु पासवान ने दी।

### लंबित मानदेय भुगतान को लेकर अनुरक्षकों में आक्रोश

**मेहंदिया (एनएसबी)।** जिला अनुरक्षक संघ के तत्वाधान में कलेर प्रखंड के वलिदाद मध्य विद्यालय में अनुरक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन नीरज सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंदल सिंह ने की। बैठक में अनुरक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मानदेय भुगतान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश अनुरक्षक संघ के तत्वाधान में अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर पटना के गर्दनीबाग में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन में अरवल जिले के अनुरक्षक भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष इंदल सिंह के नेतृत्व में 26 अगस्त 2026 को अरवल से अनुरक्षकों का जत्था पटना के लिए रवाना होगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बिहार पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव द्वारा पत्र जारी कर सभी अनुरक्षकों के लंबित मानदेय का डीबीटी के माध्यम से शीघ्र भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद अरवल जिले में उक्त निर्देश के आलोक में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिले के किसी भी प्रखंड अथवा पंचायत में कार्यरत अनुरक्षकों के लंबित मानदेय का भुगतान नहीं होने से अनुरक्षकों में नाराजगी है। अनुरक्षकों ने कहा कि लंबे समय से मानदेय लंबित रहने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने सरकार से मांग की कि विभागीय निर्देश के अनुसार लंबित मानदेय का जल्द से जल्द भुगतान कराया जाए तथा अनुरक्षकों की अन्य मांगों पर भी सकारात्मक पहल की जाए।बैठक में कोषाध्यक्ष रेहान अहमद, राधाकृष्ण तिवारी, अखिलेश ठाकुर, नागेश्वर यादव, विपत दास, सन्नी देवल पासवान, प्रमोद शर्मा, संजू देवी, राधिका देवी, मनोरमा देवी एवं अलोधनी देवी समेत बड़ी संख्या में अनुरक्षक उपस्थित रहे।

**26 अगस्त को पटना में धरना-प्रदर्शन में होंगे शामिल**

### डिजिटल क्रॉप सर्वे व उर्वरक वितरण में तेजी लाएं, कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाईः डीएम

**जहानाबाद।** जिला अधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने समाहरणालय में बैठक कर डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान रजिस्ट्री (ऋक्ष) तथा ऋ३३ ऐप के माध्यम से उर्वरक वितरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने का सख्त निर्देश दिया। डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा के दौरान डीएम ने जिला कृषि पदाधिकारी को उपलब्ध मानवबल के अनुसार दैनिक और क्षेत्रवार लक्ष्य का पुनर्निर्धारण कर संशोधित कार्ययोजना बनाने को कहा। वहीं, किसान रजिस्ट्री के तहत अंचलाधिकारी व हल्का कर्मचारियों की आईडी पर लंबित 1,457 मामलों का शीघ्र सत्यापन कर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उर्वरक व्यवस्था पर चर्चा करते हुए डीएम ने ऋ३३ ऐप के आंकड़ों की नियमित निगरानी और यूरिया व डीएपी उठाव की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फर्जीवाड़े व दोहरे उठाव को रोकने के लिए टेस्ट एंट्री से जांच की जाए। साथ ही उर्वरक दुकानों की सघन छापेमारी और स्टॉक की जांच के आदेश दिए गए। डीएम ने चेतावनी दी कि कालाबाजारी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जहानाबाद में 82 नल-जल योजनाएं और 407 चापाकल जल्द होंगे चालू

**जहानाबाद (एनएसबी)।** (22 अगस्त, 2026): जिले में पेयजल संकट को दूर करने के लिए जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (PHED) के साथ समीक्षा बैठक की। जनप्रतिनिधियों और आम जनता से मिली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने अधिकारियों को बंद पड़ी योजनाओं को तुरंत चालू करने के कड़े निर्देश दिए हैं। ब्लॉक स्तर पर कराए गए सत्यापन के अनुसार, भू-जल स्तर गिरने के कारण जिले की 82 नल-जल योजनाएं अक्रियाशील पाई गईं। डीएम ने कार्यपालक अभियंता को प्राथमिकता के आधार पर प्रतिदिन 15 से 20 वार्डों में काम शुरू कर अगले 4 से 5 दिनों के भीतर पेयजल आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, निरीक्षण में खराब पाए गए 407 चापाकल की मरम्मत कराकर 3 से 4 दिनों के भीतर चालू करने को कहा गया है। दीर्घकालीन समाधान के तौर पर VB-G RAM G योजना के जरिए भू-जल पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन और कम पानी वाली फसलों की ओर किसानों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया जा रहा है। डीएम ने आमजन से जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की है।

### डीएम छिरिङ वाई भूटिया एक्शन में: बस स्टैंड में बनेगा आधुनिक पार्किंग जोन, नो-वेंडिंग एरिया से हटेंगे अतिक्रमण



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जहानाबाद की प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने शहर के प्रमुख इलाकों का तूफानी निरीक्षण किया। डीएम ने राजा बाजार, स्थानीय बस स्टैंड और सीएमआर गोदाम संख्या-04 का जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में गुणवत्ता और समयसीमा का पालन करने की हिदायत दी। राजा बाजार: काम में देरी पर जताई नाराजगी, जल्द पूरा करने के निर्देश निरीक्षण की शुरूआत राजा बाजार से हुई, जहाँ जारी विकास कार्य अधूरे पाए गए। इस पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्यकारी एजेंसी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाकी बचे कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। बस स्टैंड: व्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमणमुक्त नो-वेंडिंग जोन की योजना बस स्टैंड परिसर पहुँचकर डीएम ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को बस स्टैंड की तस्वीर बदलने के निर्देश दिए: सुव्यवस्थित पार्किंग: बस स्टैंड परिसर में व्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित करने के लिए इसे नगर परिषद की कार्ययोजना में शामिल करने का आदेश। अतिक्रमण पर प्रहार: नो-वेंडिंग जोन को पूरी तरह अतिक्रमणमुक्त रखने और वाहनों के सुचारु आवागमन की व्यवस्था करने का निर्देश। स्वच्छता पर जोर: यात्रियों की सुविधा के लिए परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के लिए कहा गया। सीएमआर गोदाम: खाद्यान्न की गुणवत्ता पर डीएम ने जताई संतुष्टि निरीक्षण के अंतिम चरण में डीएम ने सीएमआर गोदाम संख्या-04 का जायजा लिया। यहाँ चावल की गुणवत्ता, भंडारण क्षमता और सुरक्षा मानकों का गहन परीक्षण किया गया।

# तेजा रफ्तार थार ने तीन को रौंदा, एक की मौत, दो घायल


रोते बिलखते परिजन।


सहायता राशि देते पदाधिकारी।

**कलेर (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना क्षेत्र के कोनी कुट्टी गांव के समीप रविवार को एनएच-139 पर तेज रफ्तार थार के अनियंत्रित होकर तीन लोगों को रौंदने से एक युवती की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा और मुआवजे की मांग को लेकर एनएच-139 को जाम कर दिया। बताया जाता है कि कोनी कुट्टी गांव निवासी धनंजय चंद्रवंशी की पत्नी मुन्नी देवी अपनी बेटी रागिनी कुमारी के साथ सड़क किनारे प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री के पास बैठी थीं। इसी दौरान मेहंदिया की ओर से कलेर की तरफ जा रही काले रंग की थार अचानक अनियंत्रित हो गई और दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रागिनी कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मुन्नी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद भी वाहन चालक थार को नियंत्रित नहीं कर सका। वाहन कुछ दूरी पर सड़क किनारे स्थित एक गुमटी में जा घुसा, जिससे गुमटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय गुमटी के अंदर कोई मौजूद नहीं था। इसके बाद थार पास स्थित उपेंद्र पासवान के मकान से टकरा गई। मकान के सामने बर्तन धो रही उपेंद्र पासवान की पुत्री सुनामी कुमारी भी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायल महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां दोनों का इलाज जारी है। इधर, रागिनी की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने एनएच-139 को जाम कर वाहनों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पर मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, कलेर बीडीओ सुशील कुमार, तथा जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ और आवागमन सामान्य हो सका। कलेर बीडीओ सुशील कुमार ने मृतका के आश्रितों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को नियमानुसार अन्य सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिया। मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि दुर्घटना में शामिल थार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। दुर्घटना के बाद वाहन घटनास्थल पर ही रुक गया था। पुलिस ने वाहन को थाना ले जाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## करपी प्रखंड का लखीमपुर परहां गांव में जल संकट से आम लोग परेशान


बंद पड़ा चापाकल।

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** करपी प्रखंड अंतर्गत पूरैनियां शेखा पंचायत के लखीमपुर परहां गांव के लोग इस भीषण गर्मी के मौसम में जल संकट से जूझ रहा है। भू जल स्तर में गिरावट आ जाने के बाद से ही गांव में जल संकट बना हुआ है। पीएचडी विभाग के द्वारा जो नल जल योजना का संचालन किया जा रहा है उसका भी दयनीय स्थिति है। पंचायत के वार्ड नंबर 2 के कई घरों में पेयजल पर भी आफत आया हुआ है।पूरे पंचायत में नल जल योजना का बुरा हाल है।पूरे गांव की आबादी लगभग डेढ़ सौ घर की है जिसमें सामान्य जाति से लेकर और महा दलित परिवार के लोग भी वहां रहते हैं। जल के संकट से सारे लोग जूझ रहे हैं। इसकी सूचना अरवल जिला में जाकर लोगों ने पीएचडी विभाग को दी थी लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यहां तक की स्थानीय लोगों के मांग पर कुर्था विधानसभा सदस्य पप्पू कुमार वर्मा के द्वारा भी हाथी चापाकल लगाने की अनुशंसा विभाग से की गई थी लेकिन विभाग के द्वारा विधायक द्वारा अनुशंसित चापाकल को भी आज तक नहीं लगाया गया है। विभाग की मनमानी इस बात को दशार्ता है कि जब विधायक के अनुशंसा का पालन पीएचडी विभाग नहीं कर पा रही है तो आम जनता की समस्या से इन्हें क्या लेना देना है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि जल संकट को देखते हुए यथाशीघ्र गांव में बंद पड़े चापाकल एवं प्रत्येक वार्ड में लगाए गए नल जल योजना की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को जल संकट से छुटकारा मिल सके।

## सरकार की लापरवाही से ऊबकर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में किया श्रमदान


श्रमदान करते ग्रामीण।

**शहरतेलपा (एसएनबी)** औरंगाबाद जिले के देवकुंड पेट्रोल पंप के निकट से निकलकर नौरंगा बंधवा होते हुए अरवल जिले के भगवानपुर प्रयाग बीघा मुंगिला बीघा होते हुए रामपुर चाय पंचायत के बैरबाना के पास जाकर राजकीय उच्च पथ से जुड़ने वाली सड़क जो मानिकपुर से चलकर उपहरा होते हुए देवकुंड से जुड़ते हुए पीरु तक जाती है। सड़क की इतनी दुर्दशा है कि सैकड़ो स्कूली छात्र इस रास्ते से होकर गुजरते हैं जो देवकुंड में आकर अपना पढ़ाई लिखाई का कार्य करते हैं। साथ ही इन तमाम गांव के आम लोग अपने रोजमर्रा की समान की खरीदारीके लिए देवकुंड बाजार में आते हैं तथा निकटवर्ती सैकड़ो लोग प्रतिदिन देवकुंड धाम जाकर बाबा दूधेश्वर नाथ का पूजा अर्चना करते हैं ।सरकार की ऐसी लापरवाही है कि यह इतना महत्वपूर्ण सड़क जो मुख्य सड़क से कटे हुए सभी गांव को जोड़ते हुए यह क्षेत्र के लिए काफी उपयोगी सड़क है। लगभग 10 किलोमीटर में बना हुआ यह कच्ची सड़क जिसमें कुछ दूर तक पक्की बना हुआ है लेकिन कच्ची सड़क की ऐसी दुर्दशा है कि उस पर बच्चों का चलना खतरा से खाली नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की ऐसी लापरवाही है की दो जिला अरवल एवं औरंगाबाद कि ग्रामीणों को जोड़ने वाली सड़क पर किसी का कोई ध्यान नहीं है ।अंततः लाचार होकर सरकार की लापरवाही पर तमाचा लगाते हुए निकटवर्ती ग्रामीणों ने खास करके नौजवान छात्रों ने श्रमदान करके इस कच्ची सड़क को चलने के लायक बनाया है जो कि वर्तमान समय के लिए वे छात्र धन्यवाद के पात्र हैं। सरकार को जो जिला में बैठे हुए पदाधिकारी हैं उन्हें चाहिए कि यथाशीघ्र सड़क का निर्माण करवा कर स्कूली छात्रों को प्रतिदिन हो रहे कठिनाई को दूर करने का प्रयास करें।

## डीएम ने किया निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण


निरीक्षण करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा करपी प्रखंड अंतर्गत करपी पंचायत में निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य के निष्पादन की स्थिति का जायजा लेना था।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने निमार्णाधीन भवन के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन किया तथा भवन निर्माण की वर्तमान प्रगति की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं से प्राप्त की। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, भवन की संरचना, कार्य की गति तथा स्वीकृत प्राक्कलन एवं निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य किए जाने के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। कार्य को निर्धारित मानकों एवं प्राक्कलन के अनुरूप सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्माण स्थल पर कार्य की नियमित निगरानी एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। पंचायत सरकार भवन के निर्माण से पंचायत स्तर पर विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं के संचालन में सुविधा मिलेगी तथा आम नागरिकों को पंचायत स्तर पर ही विभिन्न कार्यों केनिष्पादन एवं सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत होगी। इस प्रकार पंचायत सरकार भवन ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सुगम, सुलभ एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक समस्या उत्पन्न होने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया।निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, अपर समाहर्ता रवि प्रसाद चौहान सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जहानाबाद में 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' की समीक्षाः जिला अधिकारी ने दिए निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला अधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने कार्यालय में 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में योजना के त्वरित कार्यान्वयन, ऑनलाइन आवेदनों में वृद्धि और लंबित मामलों में जल्द सोलर पैनल लगाने के कड़े निर्देश दिए गए। वेंडरों की जवाबदेही: सभी सोलर वेंडरों को नगर निकाय एवं प्रखंडवार कार्यबल (वर्कफोर्स) टैग कर क्षेत्रवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। पोर्टल पर पूर्व आवेदकों से व्यक्तिगत संपर्क साधकर काम में तेजी लाने को कहा गया। विद्युत विभाग को लक्ष्य: 300 यूनिट से अधिक मासिक खपत वाले चिन्हित 3,686 उपभोक्ताओं से घर-घर संपर्क का निर्देश दिया गया। जहानाबाद ईस्ट सेक्शन को 23 अगस्त तक 400-500 और वेस्ट सेक्शन को 300-400 ऑनलाइन आवेदन का लक्ष्य मिला है। शिक्षकों व विभागीय कर्मियों के लिए: शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त 426 आवेदनों पर सौ प्रतिशत सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए गए।

## बिहार की बदहाल शिक्षा और बेरोजगारी के खिलाफ हुआ शिक्षा सुधारो कन्वेंशन



कन्वेंशन में भाग लेते लोग।

**अरवल (एनएसबी)** बिहार की बदहाल शिक्षा व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली, फीस वृद्धि, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर हमले और छात्र-युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों पर बढ़ते दमन के खिलाफ बिहार चैप्टर के तहत आज अरवल में शिक्षा सुधारो कन्वेंशन का आयोजन किया गया । कन्वेंशन की अध्यक्षता इन्कलाबी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष - सह - जिला पार्षद शाह शाद ने की । कन्वेंशन में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र और नौजवान शामिल हुए।

कन्वेंशन को माले के पूर्व विधायक महानंद सिंह, माले के प्रभारी कुमार परवेज, जिला सचिव जितेंद्र यादव, शाह शाद, रमाकांत टुन्ना, नीतीश कुमार, अमन, इरफान, रुस्तम, मनीष, कादिर और अरबाज सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान शिक्षा और रोजगार के सवालों पर आगे के आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई। कन्वेंशन में एआईएसए की संयोजन समिति का गठन किया गया तथा नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से संयोजक चुना गया। माले के पूर्व विधायक महानंद सिंह ने कहा कि बिहार के हर विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान से सवाल उठ रहे हैं, लेकिन सरकार शिक्षा और युवाओं के भविष्य को पूरी तरह नजरअंदाज कर रही है। सरकारी स्कूलों की जर्जर स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई स्कूलों में पर्याप्त कक्षाएं, कंप्यूटर और प्रयोगशालाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील में गड़बड़ी, स्कूलों के बंद होने और शिक्षकों की कमी से लेकर बुनियादी सुविधाओं के अभाव तक, बिहार की शिक्षा व्यवस्था गहरे संकट में है।

कुमार परवेज ने कहा कि पिछले कई महीनों से देशभर में शिक्षा और रोजगार के सवालों पर व्यापक आंदोलन चल रहा है। जंतर-मंतर के आंदोलन से लेकर बिहार के गांवों और जिलों तक छात्रों और युवाओं की आवाज पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि केवल केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधरेगी, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की जवाबदेही तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि सेशन में देरी, समय पर डिग्री नहीं मिलना, फीस वृद्धि, परीक्षाओं में गड़बड़ी और घूसखोरी जैसे सवालों के साथ-साथ सरकारी स्कूलों की बदहाली भी गंभीर मुद्दा है। उन्होंने बताया कि दरभंगा में एक ऐसा स्कूल भी सामने आया है, जहां पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई के लिए महज चार कमरे हैं। अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक बिहार की पूरी व्यवस्था को सरकार ने बदहाल कर दिया है। परीक्षाएं समय पर नहीं हो रही हैं और रोजगार के सवाल को लगातार निजी कंपनियों के हवाले किया जा रहा है। सरकार स्कूल और कॉलेज खोलने के नाम पर केवल इमारतों को भगवा रंग में रंगने में लगी है, जबकि लाइब्रेरी, प्रयोगशालाएं और अन्य बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं।

वक्ताओं ने कहा कि रोजगार की स्थिति इतनी खराब है कि बिहार के युवा बड़े पैमाने पर पलायन करने को मजबूर हैं। कई जगह नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से पैसे की वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। चार कमरों में डिग्री कॉलेज चलाना बिहार के युवाओं के भविष्य के साथ मजाक है।घंटिया मिड-डे मील के खिलाफ कल प्रदर्शन कन्वेंशन में घंटिया मिड-डे मील और स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ कल प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से दोषी एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई, मिड-डे मील की गुणवत्ता की नियमित जांच तथा बच्चों को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। छात्रों, अभिभावकों और नौजवानों से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। गर्दनीबाग में आंदोलनरत अभ्यर्थियों के प्रति समर्थन जताते हुए वक्ताओं ने कहा कि छात्रों और युवाओं की आंखों में दिख रहा गुस्सा अब एक बड़े आंदोलन में बदलने वाला है। जेन जेड राइजिंग अभियान के तहत बिहार के अलग-अलग विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के सवाल अब बिहार की जेन जेड खुद उठाएगी। फीस वृद्धि, शिक्षा के निजीकरण, परीक्षा व्यवस्था और रोजगार के सवालों पर एआईएसए लगातार संघर्ष कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि एनईपी और नए शिक्षा संबंधी कानूनों के जरिए शिक्षा को और अधिक केंद्रीकृत एवं जनविरोधी बनाने की कोशिश की जा रही है। इसी के खिलाफ 6 सितंबर को पटना के एस के मेमोरियल हॉल में बड़ा जुटान आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एआईएसए की राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड नेहा करेंगी। वक्ताओं ने कहा कि बिहार के वे सभी छात्र और युवा, जो सवाल पूछते हैं और जिनकी आवाज को नरेंद्र मोदी दिल्ली से "दिमागी नक्सल" कहकर दबाने की कोशिश करते हैं, अब संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जेन जेड राइजिंग अभियान के तहत एआईएसए बिहार की टीम बिहार के हर जिले, हर विश्वविद्यालय और स्कूल तक पहुंच रही है तथा जागरूक जेन जेड और जेन अल्फा को संगठित कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि अगर भाजपा-आरएसएस की सरकारें संसद और विधानसभा में शिक्षा, रोजगार और युवाओं के सवाल नहीं उठाएंगी, तो बिहार के छात्र-युवा अपनी छात्र-युवा संसद में इन सवालों को खुद उठाएंगे।

स्कूलों में कमरों की कमी से लेकर पटना यूनिवर्सिटी एक्ट, 1976 को बचाने जैसे बड़े सवालों तक, छात्र-युवा अपनी आवाज बुलंद करेंगे और उनके समाधान के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाएंगे।

खबरें : एक नजर में

## बाढ़ के पानी में डूबने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली जिले के जुरावनपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर पूर्वी गांव में रविवार दोपहर बाढ़ के पानी में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा करीब डेढ़ बजे हुआ। मृतक की पहचान राघोपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड 9 निवासी सुरेंद्र ठाकुर (55) पिता रामचंद्र ठाकुर के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के



घटनास्थल पर लोगों की भीड़।

अनुसार सुरेंद्र ठाकुर रविवार दोपहर गांव में अपने यजमान के घर जा रहे थे। इसी दौरान राघोपुर ढाब में बाढ़ के पानी से होकर गुजरने के क्रम में अचानक उनका पैर फिसल गया। देखते ही देखते वे गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही जुरावनपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई। घटना की पुष्टि करते हुए सीओ राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि राघोपुर पूर्वी में सुरेंद्र ठाकुर की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हुई है। स्थानीय थाना पुलिस को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के परिजनों को सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।

### जमीन के लालच में बुजुर्ग माता-पिता की बेटी और दामाद ने की पिटाई

**हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)।** लालगंज रजिस्ट्री अफिस में एक बुजुर्ग दंपति की पिटाई कर दी गई।पिटाई करने वाले की पहचान बुजुर्ग दंपति के बड़ी बेटी और दामाद के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग चंदेश्वर चौधरी और उनकी पत्नी के नाम की जमाबंदी जमीन को गलत तरीके से बेटी द्वारा बेच दिया गया जिसका उन्होंने विरोध किया था। इस बात को लेकर उनकी बड़ी बेटी और दामाद ने बुजुर्ग सास और ससुर को रजिस्ट्री कार्यालय में ही बुरी तरह पिटाई कर दिया।पूरे घटना का वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया है। पूरे मामले को लेकर पीड़ित बुजुर्ग चंदेश्वर चौधरी ने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर कारवाई में जुट गयी है।

### स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** औलिया आध्यात्मिक अनुसंधान केन्द्र, औलिया दरबार, पौनी हसनपुर, वैशाली के तत्वावधान में डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से पौनी हसनपुर गांव में स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा कुपोषण से बचाव को लेकर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान संस्था के कार्यपालक निदेशक राम कृष्णा ने कुपोषण के कारणों, उससे बचाव के उपाय तथा बच्चों के समुचित विकास के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। महिलाओं को घर एवं आसपास साफ-सफाई रखने तथा बच्चों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। नवजात शिशु के जन्म के तुरंत बाद मां का पहला पीला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) पिलाने के महत्व की भी जानकारी दी गई। इसे नवजात के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पोषण एवं प्रातिक सुरक्षा प्रदान करने वाला बताया गया। कृषि विशेषज्ञ आदित्य तिवारी ने विभिन्न मौसम में होने वाली सामान्य बीमारियों से बचाव के उपायों के साथ पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए घरों में किचेन गार्डेन विकसित करने की जानकारी दी। उन्होंने बिना रासायनिक खाद के साग-सब्जियों का उत्पादन करने के तरीकों के बारे में ग्रामीणों को व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्रामीण प्रमोद तिवारी, राजनाथ पासवान, शम्भु तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वैशाली जिले में ड्रोन से फसल सुरक्षा की शुरुआत

### किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए किया गया प्रोत्साहित

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिले में कृषि क्षेत्र को आधुनिक एवं तकनीक आधारित बनाने तथा किसानों को कम समय में प्रभावी और सुरक्षित फसल सुरक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देश पर फसलों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक एवं फफूंदनाशक के छिड़काव की शुरुआत की गई। इस पहल के माध्यम से कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों के समय, श्रम एवं लागत में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है।

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उपस्थित किसानों को ड्रोन तकनीक के उपयोग, इसकी कार्यप्रणाली एवं लाभों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन के माध्यम से कम समय में बड़े क्षेत्रफल में कृषि-रसायनों का समान, लक्षित एवं निर्धारित मात्रा में छिड़काव किया जा सकता है। इससे फसल सुरक्षा कार्य अधिक प्रभावी एवं सुविधाजनक होने के साथ किसानों के समय एवं श्रम की भी बचत होती है।



ड्रोन के साथ किसान।

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कृषि क्षेत्र में डिजिटल एवं ड्रोन तकनीक सहित आधुनिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों के उपयोग से कृषि कार्यों को अधिक सुगम और वैज्ञानिक बनाया जा सकता है। किसानों को ऐसी तकनीकों का लाभ दिलाकर उत्पादन लागत कम करने, फसल उत्पादकता एवं गुणवत्ता बढ़ाने तथा किसानों की आय में वृद्धि की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। ड्रोन तकनीक विशेष रूप से ऐसी फसलों एवं खेतों में उपयोगी है, जहाँ पारंपरिक तरीके से कीटनाशक या फफूंदनाशक का छिड़काव करने में अधिक समय एवं श्रम की आवश्यकता होती है। खेत में प्रवेश किए बिना छिड़काव किए जाने के कारण किसानों एवं षि श्रमिकों का षि-रसायनों के सीधे संपर्क में आने का जोखिम भी कम होता है।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि कीटनाशकों का प्रयोग केवल अनुशंसित फसल, संबंधित कीट रोग तथा निर्धारित मात्रा के अनुसार ही किया जाए। ड्रोन से छिड़काव के दौरान संबंधित कृषि-रसायन के लेबल एवं लीफलेट में दिए गए निर्देशों, अनुशंसित मात्रा तथा आवश्यक सुरक्षा सावधानियों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए।

## बच्चों को शिक्षा के साथ संवेदनशीलता, सुरक्षा और सम्मान देना शिक्षकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी : जिला पदाधिकारी

### शिक्षक वार्ता में बच्चों के साथ मित्रवत एवं भयमुक्त व्यवहार पर दिया विशेष बल

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित, सहज, भयमुक्त एवं संवेदनशील वातावरण देना भी हम सबों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने समाहरणालय, हाजीपुर स्थित पुष्करणी में जिले के निजी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ 'शिक्षक वार्ता' आयोजित कर बच्चों के प्रति शिक्षकों के व्यवहार, उनकी भावनात्मक जरूरतों तथा विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण को लेकर विस्तार से संवाद किया।

हाल के दिनों में विशाखापत्तनम के एक निजी विद्यालय में हुई घटना के संदर्भ में जिला पदाधिकारी ने कहा कि ऐसी घटनाएं हम सभी के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय हैं। विद्यालय बच्चों के लिए सीखने, विकसित होने और अपने व्यक्तित्व को निखारने का स्थान है। यहां भय, अपमान या शारीरिक दंड के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।



शिक्षक वार्ता में जिलाधिकारी और विद्यालय के शिक्षकगण।

उन्होंने निजी विद्यालयों के शिक्षकों से से कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना हमारा दायित्व है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण है कि बच्चों के साथ हमारा व्यवहार कैसा है। हमें बच्चों को समझना होगा, उनकी भावनाओं को समझना होगा और उनके साथ मित्रता एवं विश्वास का संबंध विकसित करना होगा।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि कई बार बच्चे अपनी बात स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति में शिक्षक का दायित्व और बढ़ जाता है। बच्चे का मन आहत न हो, उसमें भय या हीनभावना उत्पन्न न हो तथा वह अपनी समस्या शिक्षक के सामने सहजता से रख सकेइसके लिए शिक्षकों को धैर्य, करुणा और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन के नाम पर बच्चों के साथ कठोर अथवा अपमानजनक व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कराना नहीं है, बल्कि बच्चों के बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक एवं नैतिक विकास के साथ उनके आत्मविश्वास का निर्माण करना भी है।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई, 7 प्रतिष्ठानों में छापेमारी, 10 नमूने जांच के लिए भेजे गए

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिले में आम लोगों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज हाजीपुर शहरी क्षेत्र में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सिनेमा रोड, राजेन्द्र चौक एवं सुभाष चौक स्थित कुल 07 खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 10 नमूने संग्रहित किए गए।



मिठाई दुकान की जांच करते अधिकारी।

संग्रहित सभी 10 खाद्य नमूनों को नियमानुसार सील कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य पदार्थों में मिलावट अथवा निर्धारित मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं प्रचलित नियमों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य एवं हितों से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा मिलावटी उत्पादों के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जांच एवं छापेमारी की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

जिला प्रशासन ने खाद्य कारोबारियों से खाद्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की अपील की है।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश

### महनार में बाढ़ की तैयारियों को लेकर एसडीओ ने की समीक्षा बैठक

**महनार (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए महनार अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ अंकित कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों के सीओ, आरओ, बीडीओ, चिकित्सा पदाधिकारी, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के सहायक अभियंता, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता और नगर परिषद के सिटी मैनेजर शामिल हुए।

बैठक में गंगा के जलस्तर, तटबंधों की स्थिति और संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई। एसडीओ ने अधिकारियों से संवेदनशील स्थलों की जानकारी लेते हुए तटबंधों की लगातार निगरानी



बाढ़ समीक्षा बैठक में अधिकारियों के साथ एसडीओ अंकित कुमार।

रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपात स्थिति की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को दी जाए।

बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखने और आवश्यक निरोधात्मक कार्य कराने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को दवा व चिकित्सा व्यवस्था तैयार रखने तथा विद्युत विभाग को बाढ़ की स्थिति में सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा।

# प्रगति के लिए जड़ों से जुड़ाव जरूरी: डा. विश्वनाथ त्रिपाठी

**नई दिल्ली (दैनिक नवसंदेश)।** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के परम शिष्य डा. विश्वनाथ त्रिपाठी ने आचार्य जी के जयंती पर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि पंडित जी शव साधना की बात करते थे। शव साधना क्या है,शव जो है वह हमारा अतीत है और उसे वर्तमान से जोड़कर ही हम भविष्य को देख सकते हैं। उनके पूरे साहित्य में वह कहते थे कि हमारा एक पैर अतीत में, तो दूसरा पैर भविष्य की ओर बढ़ता है। हम वर्तमान में परंपरा को छोड़कर हम आधुनिकता की तरफ नहीं बढ़ सकते। परंपरा व इतिहास हमें देखना होगा, तभी हम आगे बढ़ सकते हैं।

डा. त्रिपाठी आचार्य द्विवेदी की 120वीं जयंती पर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को साहित्य अकादेमी के सभागार में आयोजित हजारी प्रसाद द्विवेदी के ऐतिहासिक गल्प में कल्प-सृष्टि विषय पर आयोजित व्याख्यान के दौरान छात्रों व साहित्य प्रेमियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जीवन में पुष्पित-पल्लवित होने और प्रगति करने के लिए अपनी जड़ों से जुड़ा होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छोटी-मोटी असफलताओं से घबराने की जरूरत नहीं



व्याख्यान के दौरान पुनर्नवा नामक वार्षिक स्मारिका का विमोचन किया गया।

क्योंकि असफलताएं भी कभी-कभी बड़ी सफलता की नींव बन जाती हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रो. नीरज कुमार ने कहा कि आचार्य द्विवेदी जी घटना के नहीं, घटमान के साहित्यकार थे। उन्होंने आचार्य जी के उपन्यासों में कल्प-सृष्टि, मिथकीय चेतना और लोकतत्व के गहन अंतर्संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आचार्य जी के उपन्यासों के चरित्रों जैसे बाणभट्ट, निउनिया, भटनी आदि को अपने व्याख्यान के माध्यम से सभागार में एक बार फिर से जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के हिंदी विभाग के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय संबंध के डीन प्रो अनिल राय ने आचार्य द्विवेदी जी के साहित्य को समझने के लिए धैर्य को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि पंडित जी की कल्प-सृष्टि इतिहास का अतिक्रमण नहीं करती बल्कि रिक्तस्थान की पूर्ति करती है।

**आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की 120वीं जयंती पर आयोजित व्याख्यान के दौरान वक्ताओं ने किया याद**

**आचार्य द्विवेदी घटना के नहीं, घटमान के साहित्यकार थेः प्रो. नीरज कुमार**

व्याख्यान के दौरान पुनर्नवा नामक वार्षिक स्मारिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रो. वेद प्रकाश, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. विनय विश्वास, राजकमल प्रकाशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आमोद महेश्वरी समेत बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष डा. अपर्णा द्विवेदी ने वक्ताओं और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रत्नेश मिश्र ने ट्रस्ट की साहित्यिक गतिविधियों और भावी योजनाओं के बारे में जानकारी दी । जबकि वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार अविनाश चंद्र ने मंच का संचालन किया।

### वार्ड-11 में जलापूर्ति ठप शिकायत के बाद भी पीएचईडी विभाग की अनदेखी से बढ़ी परेशानी

**बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पंचायत बिदुपुर के वार्ड नंबर 11 में आंधी के कारण जलापूर्ति की दोनों टंकियां फट जाने से करीब ढाई सौ घरों के सामने पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकियां क्षतिग्रस्त होने के बाद विभाग को इसकी जानकारी देकर कई बार शिकायत की गयी, लेकिन अब तक समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इसी जलापूर्ति व्यवस्था से करीब 250 घरों तक पानी पहुंचाया जाता है। टंकियां फटने के बाद डेढ़ से दो सौ परिवारों को नियमित पानी नहीं मिल पा रहा है। गर्मी और उमस के बीच पेयजल के लिए लोगों को दूसरे स्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को हो रही है।

ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग से तत्काल क्षतिग्रस्त टंकियों की मरम्मत या नई टंकी लगाने तथा जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि शिकायत के बावजूद यदि विभाग ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो पेयजल संकट और गंभीर हो सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से भी मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

खबरें खास-खास

## संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650 में जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पवित्र कलश का पूजा अर्चना

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय हाजीपुर के प्रखंड के पहेतिया पंचायत के रविदास टोला में भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल अध्यक्ष रितेश रंजन के नेतृत्व में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650 में जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पवित्र कलश का पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह ने कहा कि संत संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी का यह कथन था मन चंगा तो कटौती में गंगा यानी सबसे पहले हम लोगों को अपने मन की रक्षा करनी चाहिए । श्री गुरु रविदास जी महाराज किसी एक समाज के संत नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथ प्रदर्शक थे। भक्ति आंदोलन के महान संत ,श्रेष्ठ समाज सुधारक और महान आध्यात्मिक चिंतक थे।



सम्बोधित करते विधायक अवधेश सिंह।

गुरु रविदास जी ने अपना पूरा जीवन जातिवाद को समाप्त करने और छुआछूत को मिटाने में समर्पित कर दिया ।उन्होंने दिखाया कि कोई भी व्यक्ति जन्म से छोटा या बड़ा नहीं होता मनुष्य की वास्तविक पहचान उनके कर्मों और मानवता के प्रति उसके प्रेम से होती है। इस अवसर पर हाजीपुर के उप प्रमुख नंदकिशोर सिंह ,गुड्डू ठाकुर, रविंद्र राय, अमित कुमार ,कैलाश राय, पूर्व मुखिया चंदेश्वर राय सह जिला परिषद सदस्य , वार्ड सदस्य अजीत ठाकुर ,भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह , मंडल अध्यक्ष सितेश रंजन ,,शिवम कुमार, नवीन ठाकुर ,सुभाष कुमार ,इंद्रजीत पासवान भाजपा महिला मोर्चा के जिला महामंत्री रीता देवी ,सविता देवी ,कंचन कुमारी, माला देवी आदि, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एम्स पटना में हैंड सर्जरी पर दो दिवसीय कार्यशाला व सीएमई का आयोजन

### राष्ट्रीय हैंड सर्जरी दिवस पर देशभर के विशेषज्ञों ने साझा की आधुनिक तकनीक और उपचार की जानकारी, कार्यकारी निदेशक ने जल्द हैंड ट्रांसप्लांट कार्यक्रम शुरू करने की जानकारी दी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय हैंड सर्जरी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना के प्लास्टिक सर्जरी विभाग की ओर से 22 और 23 अगस्त को दो दिवसीय कार्यशाला एवं सीएमई का आयोजन किया गया। इंडियन सोसाइटी फार सर्जरी ऑफ हैंड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में देश के कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों, संकाय सदस्यों और प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। 'स्थिरता से कार्यक्षमता तक : हैंड सर्जरी में विकसित होती अवधारणाएं' विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों के व्यावहारिक और वैज्ञानिक प्रशिक्षण को मजबूत करना था। साथ ही आम लोगों में हाथ की चोटों और वितियों के समय पर उपचार, पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रो (ब्रिगेडियर) डा. राजू अग्रवाल ने किया। उन्होंने संस्थान में जल्द हैंड ट्रांसप्लांट कार्यक्रम शुरू किए जाने की जानकारी दी और इसे पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के पहले दिन फ्रैक्चर फिक्सेशन और विभिन्न शल्य तकनीकों पर हैंड्स-ऑन वर्कशॉप आयोजित की गई। दूसरे दिन ब्रैकियल प्लेक्सस, माइक्रोसर्जरी और नसों की सर्जरी सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम का नेतृत्व प्लास्टिक सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. (डा.) वीणा कुमारी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में डा. अंसारुल हक, डा. सरसिज शर्मा, डा. विश्वदीप और डा. कुलदीप सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




एम्स पटना में हैंड सर्जरी पर दो दिवसीय कार्यशाला व सीएमई का आयोजन।

## आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यालय का उद्घाटन

### प्रदेश महासचिव जोन प्रभारी विनय सागर ने किया शुभारंभ, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का दिया संदेश

**प्रतापगढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत सुखपाल नगर में स्थित आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन प्रदेश महासचिवध्जोन प्रभारी विनय सागर के कर-कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान मण्डल प्रभारी प्रयागराज राशिद खघन, जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सरोज, भाई-चारा कमेटी के मण्डल प्रभारी मुनव्वर खघन, मण्डल प्रभारी प्रयागराज डा़ आकिब जफर, भावी प्रत्याशी फूलपुर शाहिद अखघ्तर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बाबू लाल मौर्या, भाई-चारा कमेटी के मण्डल प्रभारी विजय सरोज, महानगर अध्यक्ष प्रयागराज मो़ अर्श, जिला प्रभारी सोहेल खघन एवं जिला प्रभारी सदर नियाज हसन ने प्रदेश महासचिवध्जोन प्रभारी विनय सागर को शल, माला एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव जोन प्रभारी विनय सागर ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य जिस तरह तन-मन-धन से संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं, वह निश्चित रूप से सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण के बल पर आगामी विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आपसी भाईचारे को कायम रखने तथा जनहित और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक अभियान की सबसे बड़ी ताकत होता है और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। जिला कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात आगामी 02 सितंबर को भीम आर्मी के चीफ एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के आगमन को लेकर विधानसभा विश्वनाथगंज के मैदान का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की तैयारियों, आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं एवं आवश्यक इंतजामों को लेकर जानकारी ली गई। साथ ही कार्यक्रम को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला प्रभारी बाबागंज चंद्रकेश गौतम, जिला प्रभारी रामपुरखास परशुराम सरोज, जिला प्रभारी विश्वनाथगंज मो़ नफीस, जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सरोज, ड़ शाहिद सिद्दीकी, मो़ अमान, जिला मीडिया प्रभारी निखिल आजाद, जिला उपाध्यक्ष राम सजीवन सरोज, ड़ राम सजीवन गौतम, मो़ यासीन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मो़ आदिल, विश्वनाथगंज विधानसभा अध्यक्ष अजीत गौतम, जिला महासचिव धर्मेंद्र गौतम, जिला संगठन मंत्री मो़ शम्सुद्दीन, जिला जीत गौतम, विधानसभा अध्यक्ष रामपुरखास अंकित गौतम, विधानसभा अध्यक्ष बाबागंज गुलशन सरोज, भावी जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मणपुर मो़ शब्बीर, भावी जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद रऊफ़ एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोजा सरोज, महिला मोर्चा जिला सचिव आरती बिंद एवं समाजसेवी आसिफ सलमानी, समाजसेवी ड. जलालुद्दीन,ई मो़ सलमान, कार्यालय प्रभारी पवन कुमार आदि कार्यकर्ता एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी संगठन के विस्तार एवं मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा जनसरोकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और संगठनात्मक मजबूती का महत्वपूर्ण अवसर रहा।

